राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 72
लखनऊ, बुधवार 12 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बिरसा मुंडा ने दिया स्वराज व ग्राम स्वावलम्बन का संदेश : भूपेंद्र सिंह चौधरी 03

यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग का चलाया अभियान 08


## छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा एमपी को जल संरक्षण में दो पुरस्कार

एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 18 को प्रदान करेंगी पुरस्कार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश ने जल संरक्षण में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। नई दिल्ली में मंगलवार को जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा की। मध्य प्रदेश को दो श्रेणियों में सम्मान प्राप्त हुआ।

प्रदेश के खरगोन जिले को पूर्वी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार मिला है, जबकि खंडवा जिले की ग्राम पंचायत कावेश्वर ने सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आगामी 18 नवम्बर को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरस्कृत जिलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जल संचय-जन भागीदारी पहल में भी वेस्टर्न-जोन की श्रेणी एक में पहला पुरस्कार ईस्ट निमाड़ को मिला। श्रेष्ठ 50 शहरी निकायों में गुनाजिले को प्रथम रैंक मिला। जिलों में श्रेणी तीन में गुना, बैतूल, धार, देवास, सिवनी और खरगौन का चयन हुआ है।

## बिहार विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में रिकॉर्ड 67.14 प्रतिशत हुआ मतदान

▸ महिलाओं व युवाओं ने बड़ी संख्या में मताधिकार का किया प्रयोग

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अंतिम चरण में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, मंगलवार शाम 5 बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

यह पिछले दोनों चरण की तुलना में अधिक रहा, जिससे अंतिम चरण में मतदान को लेकर जबरदस्त रुझान देखा गया। सुबह से ही मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह दिखाई दिया। कई बूथों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिलाओं और युवा मतदाताओं ने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्रामीण इलाकों में मतदान प्रतिशत शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक रहा। चुनाव आयोग के अनुसार, देर शाम तक के आंकड़ों में और वृद्धि की संभावना है, क्योंकि बूथों पर 6 बजे तक मतदान होना है। दूसरे चरण में कुल 122 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती के साथ-साथ जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा था। अंतिम चरण के इस मतदान के साथ ही बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की मतदान प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। अब सभी की निगाहें मतगणना दिवस 14 नवंबर पर टिकी हैं, जब जनता के जनादेश का फैसला सामने आएगा।

### सात राज्यों की आठ सीटों पर उपचुनाव संपन्न, डांपा में सबसे ज्यादा, जुबली हिल्स में सबसे कम मतदान

**नई दिल्ली।** देश के सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से उपचुनाव हुए। मिजोरम की डाम्पा सीट पर सबसे ज्यादा 82.34 प्रतिशत वोटिंग और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट पर सबसे कम 48.44 प्रतिशत मतदान हुआ। आठों सीटों के नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के बडगाम में 75.08 प्रतिशत, नगरोटा में 50.02 प्रतिशत, राजस्थान के अंता में 80.32 प्रतिशत, झारखंड के घाटशिला में 74.63 प्रतिशत, तेलंगाना के जुबली हिल्स में 48.44 प्रतिशत, पंजाब के तरनतारन में 60.95 प्रतिशत, मिजोरम के डाम्पा में 82.34 प्रतिशत और ओडिशा के नुआपाड़ा में 78.92 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में दिवंगत विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद उपचुनाव कराया गया। भाजपा ने उनकी बेटी देवयानी राणा को उम्मीदवार बनाया है, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस से शमीम बेगम और जेकेएनपीपी से हर्ष देव सिंह मैदान में हैं। राजस्थान के बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर भाजपा की ओर से मोरपाल सुमन और कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया मैदान में हैं। यह सीट भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की अयोग्यता के कारण खाली हुई थी। मिजोरम के मामित जिले की डाम्पा सीट पर रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,25,970/ |
| 22 कैरेट | = | 1,15,500/ |
| 18 कैरेट | = | 94,530/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 160,000/ |



## बाराबंकी को 1734 करोड़ की 254 परियोजनाओं की मिली सौगात

समृद्धि न्यूज





**बाराबंकी।** सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती पर रन फ़ॉर यूनिटी कार्यक्रम के शुभारंभ व 1734 करोड़ की जिले की 254 योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में जनसभा को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल जी 563 रियासतों को एक करके अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि महमूदाबाद का नबाब मुस्लिम लीग का समर्थक था और भारत की खाता और पाकिस्तान की मदद करता था। यह पटेल जी की दृढ़ नेतृत्व था कि नबाब को भारत छोड़कर पाकिस्तान की शरण लेनी पड़ी, उसकी सम्पत्ति शत्रु सम्पत्ति है और शत्रु सम्पत्ति भारत सरकार की व भारत के नागरिकों की सम्पत्ति है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसापुरवा से राष्ट्रीय एकता और विकास की नई धारा प्रवाहित की। बच्चों को चॉकलेट देने से लेकर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और चेक सौंपने तक, पूरा समारोह लोककल्याण और राष्ट्रनिष्ठा की भावना से सराबोर रहा। मुख्यमंत्री के संबोधन से पहले वंदे मातरम् के सामूहिक गान ने वातावरण को देशभक्ति की ऊर्जा से भर दिया।

मुख्यमंत्री ने जनपद के सर्वांगीण विकास की दिशा में 254 परियोजनाओं का शुभारंभ और लोकार्पण किया, जिनकी कुल लागत 1734 करोड़ रुपये है। इनमें सड़क, औद्योगिक विकास, सिंचाई, पेयजल, कृषि और महिला स्वावलंबन से जुड़ी कई योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण कर स्वयं सहायता समूहों, युवाओं और प्रगतिशील किसानों की सराहना की।

इस अवसर पर खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एसटीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, हैदरगढ़ दिनेश रावत,जिला प्रभारी /एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, एमएलसी उमेश द्विवेदी,एडीजी जोन सुजीत पाण्डेय, मंडलायुक्त राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, सीडीओ अन्ना सुदन, भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद प्रियंका रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, आदि उपस्थित रहे।

### डबल इंजन सरकार हर क्षेत्र में ला रही है विकास की रफ्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के प्रत्येक तीर्थ स्थल का विकास तेजी से हो रहा है। बाराबंकी में लोधेश्वर मंदिर परिसर को काशी कॉरिडोर की तरह विकसित किया जा रहा है। इसी तरह सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर प्रदेश में एक स्पोर्ट यूनिवर्सिटी बनाने की बात कही। बोले कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्यों की श्रेणी से निकलकर औद्योगिक शक्ति में परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने बताया कि बाराबंकी में एक औद्योगिक कॉरिडोर और एक एम्प्लॉयमेंट जोन का निर्माण किया जा रहा है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा।

### शत्रु संपत्ति भारत की है, इस पर अधिकार केवल नागरिकों का

मुख्यमंत्री ने तीखे स्वर में कहा कि जो लोग कभी भारत की एकता को कमजोर करना चाहते थे, वे आज भी भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऊमहमूदाबाद के नवाब जैसी रियासतें, जिन्होंने भारत विरोधी गतिविधियों को आर्थिक समर्थन दिया, उनकी संपत्ति आज भी भारत की है। वह शत्रु संपत्ति है, और इस पर केवल भारत सरकार और भारतीय नागरिकों का अधिकार है।

### परिवारवाद ने रोका था इतिहास का न्याय

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भाजपा की डबल इंजन सरकार विकास और विरासत दोनों का सम्मान कर रही है, तब यह भी याद रखना होगा कि वर्षों तक जिन्होंने सत्ता संभाली, उन्होंने लौहपुरुष पटेल और बाबा साहेब जैसे राष्ट्रनिर्माताओं को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। प्रधानमंत्री ने लौहपुरुष की स्मृति में एकता की प्रतिमा बनवाकर भारत की आत्मा को नया आयाम दिया।

## एटीएस ने आतंकी डा. आदिल के दो करीबियों को सहारनपुर से उठाया

▸ टीम ने शाहीन के लखनऊ घर पहुंचकर परिवार से कई घंटों तक की पूछताछ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/सहारनपुर।** दिल्ली में सोमवार देरशाम को लाल किले के पास हुए विस्फोट और फरीदाबाद से पिछले दिनों भारी मात्रा में विस्फोटक मिलने के बाद यूपी एटीएस पूरी तरह से सतर्क है। मंगलवार को यूपी एटीएस टीम ने शाहीन के घर पहुंचकर परिवार से कई घंटों तक पूछताछ की। यूपी एटएस ने आतंकी डॉ आदिल के दो करीबियों को सहारनपुर से उठाया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकी डॉ मुजम्मिल की गर्लफ्रेंड लखनऊ निवासी डॉक्टर शाहीन को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था। वह लखनऊ के लालबाग की रहने वाली है। उसके बारे में अहम जानकारी हासिल करने के लिए मंगलवार को यूपी एटीएस टीम ने शाहीन के लखनऊ के घर पहुंचकर परिवार से कई घंटों तक पूछताछ की। एटीएस के साथ लखनऊ पुलिस भी मौजूद थी। शाहीन के पिता का कहना है कि डेढ़ दो साल से वह घर नहीं आयी है और न ही उसकी घर वालों से बातचीत हुई है। अब उसका नाम आतंकी गतिविधियों शामिल होना पाया जा रहा है। मैं तो यही कहना है कि मामले की सही जांच की जाए। इसके अलावा यूपी एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने लखनऊ के अलावा वेस्ट यूपी के सहारनपुर व शामली में घंटों छापेमारी की।

लखनऊ के मड़ियांव में डॉ. परवेज अहमद अंसारी के घर छापा मारा, लेकिन वो नहीं मिला। इसके बाद एटीएस ने सहारनपुर में भी उसके किराए के घर पर छापा मारकर दस्तावेज खंगाले। यूपी एटीएस ने यहां से आतंकी डॉ. आदिल अहमद के करीबी दो लोगों को उठाया है। डॉ. आदिल अहमद राठर जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग का रहने वाला है। वह सहारनपुर के अंबाला रोड स्थित प्राइवेट अस्पताल फेमस हॉस्पिटल में मेडिसिन विशेषज्ञ के रूप में तैनात था। कुछ दिन पहले श्रीनगर के कई इलाकों में जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर लगाए गए थे, जिनमें आतंकी संगठन के समर्थन में बातें लिखी थीं। घटना के बाद श्रीनगर में तनाव फैल गया था।

पुलिस ने 28 अक्टूबर को मामले में केस दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें डॉ. आदिल पोस्टर लगाते हुए नजर आया था। इसके बाद जम्मू कश्मीर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

### एनआईए करेगी दिल्ली विस्फोट मामले की जांच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली में लाल किला के पास सोमवार शाम हुए कार विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी है। यह निर्णय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के बाद लिया गया। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और एनआईए के महानिदेशक मौजूद थे, जबकि जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में भाग लिया। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंगोला से गृहमंत्री अमित शाह से फ़ोन पर बात की और दिल्ली विस्फोट के बारे में जानकारी ली।

### जान गंवाने वालों के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा

**नई दिल्ली।** लालकिला क्षेत्र में हुए भयानक विस्फोट से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मृतकों के परिवारों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद और हृदयविदारक है। दिल्ली सरकार इस कठिन घड़ी में हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेल से रिहा हुए पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय को सोमवार को अदालत से मिली जमानत के बाद मंगलवार दोपहर को रिहा कर दिया गया। तीन साल, तीन महीने और 19 दिन जेल में रहने के बाद वे आखिरकार अपने नाकतला स्थित घर लौटे। दोपहर करीब 2.20 बजे वे बाइपास के पास स्थित अस्पताल से व्हीलचेयर पर बाहर निकले। जैसे ही वे अस्पताल के मुख्य द्वार पर आए, पहले से मौजूद समर्थकों ने 'पार्थ दा जिंदाबाद' के नारे लगाए।

### वंचित अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट पर सरकार ले निर्णय

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को आठ साल बाद विशेष बीएड के आधार पर सहायक अध्यापक की नियुक्ति प्रक्रिया में आयु सीमा में छूट देने पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने गरिमा सिंह व 38 अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। इनका कहना था कि आठ साल के बाद भर्ती की जा रही है, इसलिए इस दौरान भर्ती से वंचित रह गये अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट दी जाए। सरकार ने इससे पहले कई भर्तियों में आयु की छूट दी है। कोर्ट ने याचियों को प्रत्यावेदन देने तथा प्राधिकारी को यथाशीघ्र निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

### आईजीआरएस पर शिकायत निस्तारण में झांसी फिर अव्वल

**झांसी।** मुख्यमंत्री उप्र शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह नवम्बर 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में रेंज ने लगातार 7वीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी आकाश कुलहरि द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर माह अक्टूबर में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया।

## निठारी हत्याकांड के मुख्य दोषी सुरेंद्र कोली को सुप्रीम कोर्ट ने किया बरी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नोएडा में 2005-2006 के निठारी हत्याकांड से जुड़े हत्या और रेप कसे में सुरेंद्र कोली को बरी कर दिया है। कोर्ट ने सुरेंद्र की उस क्यूरेटिव पिटीशन को मंजूरी दे दी, जिसे उसने खुद को दोषी ठहराए जाने के खिलाफ दायर किया था।

फरवरी 2011 में 15 साल की एक लड़की की हत्या के मामले में कोली की दोषसिद्धि को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। हालांकि, इलाहाबाद हाईकोर्ट से बाकी 12 मामलों में बरी किए जाने के बाद उसने इस साल एक बार फिर क्यूरेटिव पिटीशन लगाई थी। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कोली की दोषसिद्धि को खारिज करते हुए कहा कि उसे तत्काल रिहा किया जाए। सुरेंद्र के वकील युग मोहित चौधरी कहते हैं, 9 साल बाद जिन 13 मामलों में उसे मौत की सजा सुनाई गई थी, उनमें से 12 में वह पहले ही निर्दोष साबित हो चुका था। एक मामला बचा था, जिसमें पांच अदालतों ने उसे दोषी घोषित कर मौत की सजा सुनाई थी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने उस मामले में भी पहले के फैसलों को पलट दिया है।

## न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में ली शपथ

▸ इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर हुई 110

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 110 हो गई है। जबकि हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 160 है।

न्यायमूर्ति श्रीधरन इससे पहले मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे। 19 अक्टूबर को केंद्र ने न्यायमूर्ति श्रीधरन के इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण की अधिसूचना जारी की थी। 14 अक्टूबर को, केंद्र सरकार द्वारा प्रस्ताव पर पुनर्विचार की मांग के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति श्रीधरन को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने के अपने पहले के प्रस्ताव को संशोधित कर दिया था। इससे पहले अगस्त में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में 14 न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिश की थी।

24 मई 1966 को जन्मे न्यायमूर्ति श्रीधरन 1992 में दिल्ली में वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यम के चैंबर में शामिल हुए थे और 1997 तक उनके चैंबर में रहे। इस अवधि के दौरान उन्होंने भारत के सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय और दिल्ली के ट्रायल कोर्ट में कई सिविल और आपराधिक मामलों में उनकी सहायता की थी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में बने कुएं से मिला तीन सगी बहनों के शव

समृद्धि न्यूज

▸ पुलिस ने हर पहलू से जांच पड़ताल की शुरू

**अजनर/महोबा।** संदिग्ध परिस्थितियों में कई घंटों से लापता तीन सगी बहनों के शव खेत में बने कुएँ में मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि तीनों बहनें खेतों में खेलने गई थीं देर शाम तक वापस घर ना पहुंचने पर परिजनों द्वारा खोजबीन की गई लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। बेटियों के अचानक गायब हो जाने से परिजनों में हड़कम्प मच गया।

परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस सर्च अभियान चला मासूमों की तलाश कर रही थी तभी देर रात तीनों बहनों के शव खेत में बने कुएँ में उतराते मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। एक साथ तीन बहनों की मौत से गाँव में मातम पसर गया है।

फिलहाल पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की हर पहलू से जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार अजनर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम आरी निवासी रामलाल की 8 वर्षीय पुत्री रुचि, 7 वर्षीय दीक्षा और 4 वर्षीय पुष्पा सोमवार सुबह घर से खेतों की ओर खेलने के लिए निकली थीं देर तक जब तीनों बहनें वापस घर नहीं पहुंची तो परिजनों द्वारा उनकी तलाश की गई।

## सपा नेता आजम खान हेट स्पीच मामले में बरी

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें हेट स्पीच के मामले में बरी कर दिया है। आजम खान खुद कोर्ट में पेश हुए थे, जहां सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज इस केस में अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। साल 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान आजम खान सपा के उम्मीदवार थे। उन्होंने 23 अप्रैल 2019 को सिविल लाइंस क्षेत्र में एक चुनावी सभा की थी। अगले दिन यानी 24 अप्रैल 2019 को तत्कालीन एसडीएम सदर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रेम प्रकाश तिवारी ने आजम खान के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज कराया था। कोर्ट से राहत मिलने के बाद आजम खान ने कहा, हमारा जीवन बेदाग है, यही हमारे जीवन का सच है।

प्रयोग | यूआईडीएआई ने रिसर्च संस्था बिहेवियरल इनसाइट्स लिमिटेड (बीआईटी) के साथ किया समझौता

## व्यवहारिक विज्ञान से अपडेट होगा बच्चों का बायोमेट्रिक

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) अब बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को बढ़ावा देने के लिए व्यवहारिक विज्ञान का उपयोग करेगा। इसके लिए यूआईडीएआई ने रिसर्च संस्था बिहेवियरल इनसाइट्स लिमिटेड (बीआईटी) के साथ समझौता किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य यह समझना है कि किस कारण से अभिभावक समय पर बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट नहीं कराते और किस तरह उन्हें इसके लिए प्रेरित किया जा सकता है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, यूआईडीएआई ने हाल ही में 5 वर्ष और 15 वर्ष की उम्र वाले बच्चों के लिए बायोमेट्रिक अपडेट को पूरी तरह निशुल्क कर दिया है। यह व्यवस्था 1 अक्टूबर से लागू है और एक वर्ष तक जारी रहेगी। इस निर्णय से लगभग 6 करोड़ बच्चों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यूआईडीएआई की उपमहानिदेशक तनुस्री देव बर्मा और बीआईटी के समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि गुरुमूर्ति ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार भी मौजूद रहे।

### आधार अपडेट की दर को बढ़ाएगी यह पहल : कॉयल

बीआईटी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेचल कॉयल ने कहा कि मानव व्यवहार को समझने पर आधारित यह पहल आधार अपडेट की दर को बढ़ाएगी और लाभार्थियों को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच दिलाएगी। गौरतलब है कि आधार में बच्चों के बायोमेट्रिक विवरण, फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटो को पहली बार 5 वर्ष की आयु पर और दूसरी बार 15 वर्ष की आयु पर अपडेट करना अनिवार्य है। यूआईडीएआई लगातार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि यह अपडेट समय पर हो।



जब तकनीक मानव व्यवहार से मेल खाती है तो डिजिटल पहचान केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं रहती बल्कि यह एक भरोसेमंद और सशक्त अनुभव बन जाती है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से हम यही प्रभाव हासिल करना चाहते हैं।

भुवनेश कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूआईडीएआई

# राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व बैजनाथ रावत सीएम के बने विश्वासपात्र

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

फतेहपुर में मंगलवार को हुई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में पार्टी के प्रति निष्ठा समर्पण और दी गई जिम्मेदारियों के साथ मुख्यमंत्री की निकटता से जिले के साथ प्रदेश की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। जनसभा के दौरान खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा और पूर्व सांसद अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति अयोग बैजनाथ रावत की मुख्यमंत्री के साथ लगातार मौजूदगी ने यह संकेत दे दिया है कि प्रदेश सरकार में उनका कद आगे और बढ़ सकता है। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री के स्वागत से लेकर मंच तक श्री शर्मा व श्री रावत की हर





कदम पर मौजूदगी ने उनके प्रति मुख्यमंत्री के विशेष स्नेह और भरोसे को एक बार फिर उजागर कर दिया।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में सतीश शर्मा को कैबिनेट मंत्री पद की जिम्मेदारी मिल सकती है। तो वही श्री रावत को कोई बड़ी और जिम्मेदारी से नवाजा जा सकता है। मुख्यमंत्री के भरोसेमंद नेताओं में गिने जाने वाले श्री शर्मा न केवल बाराबंकी बल्कि पूरे पूर्वांचल में अपनी संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क और विकास कार्यों के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके प्रयासों से रामसनेहीघाट में इंडस्ट्रियल एरिया का तेजी से विकास हो रहा है, जिसे स्वयं मुख्यमंत्री ने फतेहपुर की जनसभा में सराहा भी था।पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने भी सतीश शर्मा पर भरोसा जताते हुए हाल ही में उन्हें बिहार के काराकाट लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों पर पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इससे उनका राजनीतिक प्रभाव प्रदेश की सीमाओं से बाहर तक फैला है।राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि मुख्यमंत्री के साथ हेलीपैड से लेकर मंच तक सतीश शर्मा और बैजनाथ रावत की निकटता इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में उन्हें सरकार में और बड़ी भूमिका दी जा सकती है। लगातार जनहित के कार्यों, विकास योजनाओं और संगठन के प्रति समर्पण ने उन्हें प्रदेश की राजनीति में एक सशक्त और निर्णायक चेहरा बना दिया है।

अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष के रूप में लगातार न्याय पीठ पर बैठकर गरीबो और पीड़ितों की समस्याओं को सुलझा रहे है और पार्टी द्वारा जारी निर्देशो के अनुरूप बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी निभा रहे है और मुख्यमंत्री द्वारा श्री रावत की तारीफ भी किया इससे राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा अपनी अपनी राय दे रहे है।

## खबरें एक नजर में

### आज होगा भंडारे का आयोजन

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विगत कई वर्षों की बात इस वर्ष भी तहसील हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम टिकरा में 2 दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी युवा नेता रोहित मिश्रा ने बताया कि 11 और 12 नवंबर को श्री शिवनंदन बाबा स्थल पर भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है इसी उपलक्ष्य में रोहित मिश्रा द्वारा प्रसाद वितरण भी किया जा रहा है। रोहित मिश्रा ने ग्राम वासियों क्षेत्र वासियों इष्ट मित्रों सहित मेले और भंडारे को सफल बनाने की अपील की है।

### पैक्स कर्मचारी का वेतन आहरित न करने व उर्वरक वितरण में बाधा उत्पन्न करने पर शाखा प्रबंधक जैदपुर निलम्बित

**बाराबंकी।** शाखा प्रबन्धक शाखा जैदपुर द्वारा शाखा से वित्तपोषित बी0 पैक्स के कैश एण्ड कैरी खाते की चेक जारी न करने एवं चेक जारी करने के सम्बन्ध में पैक्स के अध्यक्ष एवं सचिव के पैन कार्ड एवं आधार कार्ड मांगे जाने तथा पैक्स के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का वेतन आहरित न करने के साथ ही रबी अभियान के दौरान उर्वरक वितरण में बाधा उत्पन्न करने के सम्बन्ध में क्षेत्र के कृषकों द्वारा जिला प्रशासन, बाराबंकी से शिकायत की गई, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा गहरा रोष व्यक्त करते हुए उप/सहायक आयुक्त एवं उप/सहायक निबन्धक, सहकारिता को प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, जिस पर अपर जिला सहकारी अधिकारी, सहकारिता, तहसील- नवाबगंज बाराबंकी द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांक-10.11.2025 पर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि. बाराबंकी के अध्यक्ष महोदय द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए शाखा प्रबन्धक, शाखा जैदपुर को निलम्बित कर दिया गया। डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि. बाराबंकी के अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि यदि किसी अन्य अधिकारी / कर्मचारी द्वारा कृषकों के उर्वरक वितरण कार्य में बाधा उत्पन्न की जाती है, तो आगे भी ऐसी ही कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### विधायक खेल स्पर्धा: विभिन्न खेलों में प्रतिभा दिखाएंगे युवा



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय क्षेत्र में आज दिनांक 12 नवम्बर 2025 से विधायक खेल स्पर्धा का भव्य शुभारंभ हाजी स्माइल डिग्री कॉलेज के मैदान सादुल्लानगर में हो रहा है। महोत्सव में क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक संयोजक संतोष कुमार सिंह 'पिंकू भैया' उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न पारंपरिक एवं आधुनिक खेल आयोजन किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ाना है। संदीप चौधरी क्षेत्रीय खेल व युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि दौड़, भाला फेक, चक्का फेक, वालीबाल, फुटबाल, ऊंचीकूद-लंबीकूद, कुश्ती आदि खेल खेला जाएगा। स्थानीय खेल प्रेमियों एवं ग्रामवासियों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति व सह संयोजक रमेश गुप्ता(प्रधान) ने प्रतिभागियों एवं दर्शकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव का हिस्सा बनने की अपील की है।

### पुलिस व्यवहार से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने चौथे दिन भी न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार



**उतरौला (बलरामपुर)।** स्थानीय पुलिस द्वारा अधिवक्ता अखिलेश यादव के परिवार के साथ कथित रूप से किए गए गलत व्यवहार के विरोध में बार एसोसिएशन उतरौला के अधिवक्ताओं ने सोमवार को चौथे दिन भी न्यायिक कार्य से दूरी बनाए रखी। संघ भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के महामंत्री अजीत प्रताप सिंह ने की। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने कहा कि पुलिस द्वारा अधिवक्ता के परिवार के साथ अनुचित व्यवहार न केवल अमर्यादित है, बल्कि न्याय व्यवस्था की गरिमा के विपरीत भी है। अधिवक्ताओं ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की। महामंत्री अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं करता, तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके सम्मान पर किसी भी प्रकार की चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं में निजामुद्दीन अंसारी, संतराम वर्मा, जयकरण भारती, सोनू गुप्ता, आशीष कसौधन, सुमित श्रीवास्तव, मनोज शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र ही संतोषजनक कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### गन्ना पेराई सत्र सुचारु एवं सकुशल रूप से संपन्न किए जाने हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की चीनी मिलों के पेराई सत्र 2025-26 के संचालन एवं तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं मिल प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि गन्ना पेराई सत्र के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने समय से गन्ना पर्चियों का वितरण किए जाने के निर्देश दिया। गन्ना क्रय, तौल एवं भुगतान व्यवस्था के सम्बंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। आगामी पेराई सत्र में जनपद में कुल 203 गन्ना क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक क्रय केंद्र पर कृषकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गन्ना ट्रकों की ओवरहाइट पर प्रभावी रोक तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु नो-एंट्री व्यवस्था लागू किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि चीनी मिल एवं प्रशासन के बीच संवाद एवं समन्वय बना रहें ,जिससे कोई भी विषम परिस्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व, जिला गन्ना अधिकारी, सीओ सिटी, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, संबंधित चीनी मिलों के महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों से नरौली गांव में लगी आग, दो घर जलकर खाक



**जैदपुर, बाराबंकी।** विकास खंड हरख क्षेत्र के नरौली गाँव मे अज्ञात कारणो से भीषण आग लग गई। इस घटना मे दो झोपड़पट्टी नुमा घर जलकर खाक हो गए। आग की ऊंची लपटें देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जब तक आसपास के लोग आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक आग ने एक और घर को अपनी चपेट मे ले लिया। इस अग्निकांड में राम सागर रावत और सिपाही लाल रावत के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। घरों में रखा सारा सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी थी लेकिन दमकल की गाड़ी समय पर नहीं पहुंच सकी।कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने स्वयं ही आग पर काबू पाया।

# जकरिया से बेहटा जाने वाली सड़क हुई खस्ताहाल, विभागीय अधिकारी लापरवाह

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

लोकनिर्माण विभाग सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन फिर भी गड्ढों से निजात नहीं मिल पा रही है।बरसात के मौसम में हल्की बारिश में सड़कों पर जलभराव हो जाता है। कई बार राहगीर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। जकरिया बेहटा मार्ग की बदहाल स्थित किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभाग के कानो मे जू नही रेंग रहा है। विभागीय लापरवाही के चलते ग्राम जकरिया से ग्राम बेहटा को जोड़ने के लिए पिपरौली रजबहा की दाहिनी पटरी पर बनाई गयी पक्की सड़क वर्तमान समय मे खस्ताहाल है जगह जगह बने गड्ढे राहगीरों वाहन चालको



के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है जिससे किसी भी समय कोई अनहोनी घटना घट सकती है ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी विभाग ध्यान नही दे रहा है सरकार सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन फिर भी गड्ढों से निजात नहीं मिल पा रही है। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। बारिश से सड़कें खराब होने से लोग हादसों के शिकार होते हैं। एक बार सड़क बनने के बाद खराब होने पर जिम्मेदार न तो सुनते हैं और न ही कोई खबर ली जाती है। लोग गिरते रहें, टूटते रहें, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ता। बरसात के मौसम में हल्की बारिश में सड़क की सड़कों पर जलभराव हो जाता है। इसके बाद यह गड्ढे दिखने बंद हो जाते हैं और सड़कों पर निकलने वाले बाइक सवार इन गड्ढों की चपेट में आकर गिर जाते हैं। कई बार चोटिल भी हो जाते हैं। गढी मीरापुर निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र मंशाराम ने जिलाधिकारी प्रार्थनापत्र पत्र देकर बदहाल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

## पारिवारिक रंजिश में पिता ने बेटी की जान लेने का किया प्रयास

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के वीर मजरे उमरापुर रायसाहब गांव में सोमवार दोपहर पारिवारिक रंजिश में पिता ने बेटी की जान लेने का प्रयास किया। समय रहते परिजनों की सूझबूझ से उसकी जान बच गई। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, उमरापुर रायसाहब निवासी बाबूलाल कनौजिया की पुत्री पूजा चार वर्ष पूर्व पड़ोसी अजय रावत के साथ घर से फरार हो गई थी। उस समय बाबूलाल ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें आरोपी अजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करीब छह माह बाद जमानत पर छूटकर अजय ने पूजा से शादी कर ली थी। इस बात को लेकर पिता बाबूलाल अपनी बेटी और दामाद से नाराज था। सोमवार दोपहर पूजा घर में खाना बना रही थी, तभी उसके पिता बाबूलाल और मां अंजू घर में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने धान काटने वाली दरांती से पूजा के गले पर वार कर उसे मारने का प्रयास किया। उसकी चीख सुनकर पति अजय और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी दंपती फरार हो गए। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल पूजा को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। अजय और पूजा की दो छोटी छोटी बेटियां हैं जिनका नाम जान्हवी एवं मानवी है,पीड़िता के पति अजय ने थाने में तहरीर देकर ससुर और सास के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस मामले प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

## सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर हुई मारपीट में मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** सरकारी नल पानी भरने को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट हो गई। जिसमे पीड़ित व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसकी शिकायत जैदपुर थाने में करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।जानकारी के अनुसार सुनील कुमार पुत्र सुन्दर लाल निवासी ग्राम बोजा थाना जैदपुर ने थाने मे शिकायत करते हुए बताया है कि लगभग रात्रि 8 बजे भगवती प्रसाद पुत्र रामेश्वर के घर के सामने लगे सरकारी नल पर पानी भरने गया था। पानी भरने के विवाद को लेकर के गाँव के ही भगवती, रामपाल पुत्र भगवती प्रसाद,श्रीपाल उर्फ शिवा पुत्र अगवती व रघुराई पत्नी भगवती प्रसाद ने प्रार्थी को गन्दी गन्दी गालियां दी व लात-घूसों डंडो से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामला संज्ञान में आते ही जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया मां पाटेश्वरी के दर्शन, ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी को दी श्रद्धांजलि

**तुलसीपुर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रात्रि विश्राम के उपरांत मंगलवार की भोर में स्थान ध्यान के साथ मां पाटेश्वरी का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने देश में शांति, व्यवस्था एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हुए करीब 45 मिनट तक गर्भगृह में रहकर विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा के उपरांत उन्होंने मंदिर प्रांगण में स्थित ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके





बाद मुख्यमंत्री योगी सूर्यकुंड की परिक्रमा करते हुए मंदिर परिसर स्थित गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया और बछड़ों को स्नेहपूर्वक दुलार किया। मंदिर से हेलीपैड के लिए करीब 9:30 बजे गंतव्य के लिए उन्होंने प्रस्थान किया । इस अवसर पर शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर के पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला सहित अनेक साधु-संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लाल किले की घटना को लेकर लोगों में आक्रोश



**उतरौला (बलरामपुर)।** राजधानी के प्रतिष्ठित लाल किले के नज़दीक हुए बम धमाके की ख़बर ने लोगों के दिलों को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के बाद शहर-गाँव में गहरा आक्रोश और चिंता दिखाई दे रही है। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक व विद्यार्थी संगठनों तथा राजनीतिक दलों ने घटना की कड़ी निन्दा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है और मारे गए व पीड़ितों के लिए उचित मुआवज़े की भी माँग की जा रही है। स्थानीय लोग इस हमले को मानवता के खिलाफ घिनौनी हरकत करार दे रहे हैं। ओम प्रकाश गुप्त वरिष्ठ नागरिक ने कहा, ऐसी घटनाएँ मानवता को शर्मशार करती हैं, दोषियों को कठोर सज़ा मिलनी चाहिए। कई युवा और सामाजिक समूहों ने भी शोक संदेश जारी कर सुरक्षा व सख्ती की माँग की है।

# देवीपाटन धाम में सीएम योगी से मिले समाजसेवी राधेश्याम वर्मा, सामाजिक सरोकारों पर हुई विस्तृत चर्चा

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

देवीपाटन धाम में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को समाजसेवी राधेश्याम वर्मा की मुलाकात चर्चा में रही। राधेश्याम वर्मा ने मुख्यमंत्री को जिले की सामाजिक-राजनैतिक गतिविधियों, जनसमस्याओं और स्थानीय जरूरतों से अवगत कराया। इस दौरान दोनों के बीच विकास कार्यों और समाज के अंतिम पायदान तक सरकारी योजनाओं को पहुँचाने पर सार्थक संवाद हुआ। सीएम योगी दो दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम लगभग 5:35 बजे देवीपाटन धाम पहुंचे। मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी बीच समाजसेवी राधेश्याम वर्मा ने उनसे भेंट की और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वर्मा ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष किसानों, युवाओं, सड़क-स्वास्थ्य सुविधाओं तथा स्थानीय संत-समाज की आवश्यकताओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी।



राधेश्याम वर्मा और सीएम योगी की यह मुलाकात पहले भी कई बार हो चुकी है, लेकिन इस बार देवीपाटन धाम की पावन भूमि पर हुई बातचीत को अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करने और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री मां पाटेश्वरी देवी के दर्शन-पूजन के बाद प्रस्थान करेंगे। उधर, वर्मा की मुलाकात को स्थानीय स्तर पर सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# पटेल की 150वीं जयंती पर कल होगी पदयात्रा

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती पर 13 नवंबर को सदर विधानसभा में एकता पदयात्रा व जनसभा आयोजित की जाएगी। मंगलवार को सदर विधायक पलटू राम के नेतृत्व में विधायक कार्यालय पर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को पदयात्रा कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

एकता पदयात्रा व जनसभा के सदर विधानसभा प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर विधानसभा बलरामपुर में एकता पदयात्रा ऐतिहासिक होगी। यात्रा में सभी कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहते हुए सरदार पटेल के संदेश को जन जन तक



पहुंचने का कार्य करना है। पदयात्रा के जिला संयोजक व जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू ने कहा कि एकता पदयात्रा बहादुरापुर स्थित पंचायत भवन से शुभारंभ होगा। जो विभिन्न मार्गो से होते हुए भगवती आदर्श विद्यालय धर्मपुर खेल मैदान पर जनसभा के बाद समापन किया हो जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान रहेंगे। सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि एकता यात्रा में चाउर खाता, श्रीदत्तगंज, गौरा, नगर व देहात मंडल के लोग शामिल होंगे। यात्रा के दौरान गाजे बाजे संग बूथ से लेकर जिले के सभी कार्यकर्ता, युवा, किसान सहित सभी वर्गो के लोग भाग लेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, ब्लॉक प्रमुख गोविंद सोनकर, यात्रा संयोजक संदीप उपाध्याय, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. प्रांजल त्रिपाठी, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, शैलेंद्र सिंह, अपूर्व प्रताप सिंह, अंशुमान शुक्ला, आकाश पांडे, नगर अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिगुणायत, शिव प्रताप सिंह, वीरेंद्र पाठक, सुरेश त्रिपाठी, राकेश गुप्ता, अक्षय शुक्ला, अमन बंसल, सौरभ तुलसियान व रजनीश पांडे मौजूद रहे।

# टाइनी टाट्स स्कूल में पाककला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया रचनात्मकता का कमाल

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को पाककला प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। यह आयोजन विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली के दिशा-निर्देशन तथा प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता ने किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता में



विभिन्न समूहों ने अपनी पाककला का अद्भुत प्रदर्शन किया। इनमें कक्षा 5A से अंशिका ग्रुप, अनन्या ग्रुप, कक्षा 5B से हिरल ग्रुप, कक्षा 6A से मानसी ग्रुप, कायनात ग्रुप, मोहिनी ग्रुप, अनिशा ग्रुप, कक्षा 6B से आयात ग्रुप, निखत ग्रुप, कक्षा 7B से असफिया ग्रुप, कशिश ग्रुप, आकाश ग्रुप, अनुष्का ग्रुप, कक्षा 7A से कुशल विश्वास ग्रुप, कक्षा 8A से आवेश ग्रुप, मंतशा ग्रुप, कक्षा 8B से नजफ ग्रुप, तथा कक्षा 9 से ओबामा ग्रुप प्रमुख रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डायरेक्टर सैफ अली, प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह, अध्यापक रशीद रिजवी, अयाज अहमद तथा अध्यापिका आरती कनौजिया शामिल रहे। सभी निर्णायकों ने प्रतिभागियों के व्यंजनों का स्वाद और प्रस्तुति देखकर उनकी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता और रशीद रिजवी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में अध्यापक रशीद अब्बास, महेश कुमार गुप्ता, अकमल जैदी आदि की भी सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। पाककला न केवल स्वाद की कला है, बल्कि यह अनुशासन, टीमवर्क और प्रस्तुति का भी प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिसकी घोषणा अगले कुछ दिनों में की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नई ऊर्जा भरती हैं। यह सिर्फ एक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सीखने और जीवन कौशल विकसित करने का माध्यम है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के साथ हुआ। विद्यालय परिसर पूरे दिन रचनात्मकता, स्वाद और उत्साह से सराबोर रहा।

# आधुनिक भारत के लिए सपा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने को देश में होगी यात्रा

## समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यक्रम 'विजन इंडिया' की शुरुआत की घोषणा की

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यक्रम 'विजन इंडिया' की शुरुआत की घोषणा की, जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक, प्रगतिशील और समावेशी सोच से प्रेरित एक 'नए भारत' का निर्माण करना है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने युवा पीढ़ी की प्रशंसा की और उन्हें प्रगतिशील, सहिष्णु और समावेशी बताया। अखिलेश यादव ने कहा कि वे समाज के 'विभाजन' को नकारते हैं। उन्होंने कहा, ''हम युवाओं के मुद्दों को अन्य मुद्दों से जोड़ना चाहते हैं और उनके साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।'' यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश यादव ने कहा कि इस पहल के तहत पहला कार्यक्रम बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत आधुनिक भारत के लिए सपा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में यात्रा का आयोजन किया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि 'विजन इंडिया' का उद्देश्य नए भारत के निर्माण के लिए नए रास्ते और नई सोच तैयार करना है। उन्होंने कहा कि 'नए भारत' से तात्पर्य एक ऐसे भारत से है जो अपने दृष्टिकोण में वैज्ञानिक और सकारात्मक तथा अपनी भावना में प्रगतिशील हो। उन्होंने कहा कि यह अभियान युवाओं पर केंद्रित होगा, जो खुलेपन, समावेशिता और दूरदर्शी विचारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अखिलेश यादव ने कहा, ''युवा पीढ़ी अलग तरह से सोचती है। वे सहिष्णु, लचीले, दयालु और आधुनिक दृष्टिकोण वाले हैं। वे विभाजनकारी और प्रतिगामी विचारों को अस्वीकार करते हैं और सह-अस्तित्व और प्रगति में विश्वास करते हैं।''उन्होंने कहा कि 'विजन इंडिया' एक सकारात्मक और रचनात्मक राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ विभाजनकारी विचारधाराओं के खिलाफ खड़ा होगा। उन्होंने कहा, ''विभाजन एक नकारात्मक मानसिकता है- हम इसका मुकाबला उस दृष्टिकोण (विजन) से करेंगे, जो सकारात्मक और एकीकृत है।'' अपने कार्यकाल के दौरान सपा की पहलों को याद करते हुए यादव ने कहा कि 'विजन इंडिया' की अवधारणा उत्तर प्रदेश में पार्टी की पिछली सरकार के दौरान हुई विकासात्मक और तकनीकी प्रगति में निहित है।



''हम युवाओं के मुद्दों को अन्य मुद्दों से जोड़ना चाहते हैं और उनके साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।'' अखिलेश ने कहा कि 'विजन इंडिया' का उद्देश्य नए भारत के निर्माण के लिए नए रास्ते और नई सोच तैयार करना है। 'नए भारत' से तात्पर्य एक ऐसे भारत से है जो अपने दृष्टिकोण में वैज्ञानिक और सकारात्मक तथा अपनी भावना में प्रगतिशील हो।

# सहारा सिटी की 245 एकड़ जमीन पर बन सकता है नया विधानसभा भवन, एलडीए ने पूरा किया सर्वे

समृद्धि न्यूज

**▸ नए विधानसभा परिसर के लिए कम से कम 200 एकड़ जमीन की जरूरत**

**लखनऊ ।** लखनऊ के पॉश इलाके गोमतीनगर में फैले सहारा शहर की विशाल जमीन पर अब नया विधानसभा भवन बनने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। सूत्रों के मुताबिक शासन के मौखिक निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण एलडीए ने पिछले एक महीने में सहारा शहर की पूरी 245 एकड़ जमीन का सर्वे और नपाई का काम पूरा कर लिया है।

मंगलवार सुबह तक यह रिपोर्ट शासन को भेज दी गई। गत 9 अक्टूबर को लखनऊ नगर निगम ने सहारा शहर की लीज औपचारिक रूप से निरस्त कर दी थी। इसके बाद से ही सवाल उठने लगा था कि इतनी बड़ी और प्राइम लोकेशन वाली जमीन का अब क्या होगा? सरकारी गलियारों में खुसुर-फुसुर शुरू हुई कि मुख्यमंत्री योगी नया विधानसभा भवन बनाने के लिए करीब 200 से 250 एकड़ जमीन की तलाश कर रहे हैं। सहारा शहर की जमीन लोकेशन, साइज और कनेक्टिविटी के लिहाज से बिल्कुल फिट बैठती है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार नए विधानसभा परिसर के लिए कम से कम 200 एकड़ जमीन चाहिए। इसमें विधानसभा भवन, विधान परिषद भवन, मंत्रियों-विधायकों के चैंबर, विशाल पार्किंग, ग्रीन बेल्ट और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त जगह शामिल है। सहारा शहर में 245 एकड़ जमीन उपलब्ध है, जो जरूरत से 45 एकड़ ज्यादा है। एलडीए की टीम ने पिछले 30 दिनों में दिन-रात काम करते हुए जमीन की बाउंड्री, मौजूदा निर्माण, अतिक्रमण और यूटिलिटी मैपिंग का पूरा ब्योरा तैयार किया है।

## खबरें एक नजर में

### रालोद नगरीय निकाय की बैठक में संगठन विस्तार पर रणनीति बनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी के निर्देश पर गठित रालोद नगरीय निकाय (अर्बन बॉडी) की पहली बैठक मंगलवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि नगरीय निकाय के गठन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पार्टी के संगठन का विस्तार करना, आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करना और नगर निकाय चुनावों में रालोद की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सौंपा गया यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन कार्यकर्ताओं के समर्पण और प्रतिबद्धता के बल पर इसे पूरा किया जाएगा। अनुपम मिश्रा ने आगे कहा कि सभ्यता के विकास के साथ शहरीकरण की प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है और अब समय आ गया है कि पार्टी भी नगरीय क्षेत्रों में अपने जनाधार को मजबूत करे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का वह प्रदेश है जहां सबसे अधिक नगरीय स्थानीय निकाय हैं। प्रदेश में 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायत और कुल 762 नगरीय निकाय हैं।

### भारत और हमारी सोच डिवीजन वाली नहीं : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, जिससे हमारी लड़ाई है, वो पुरातन पंथी हैं, और भारत की सोच को डिवीजन यानि बविभाजन वाली नहीं, बल्कि एकता वाली बताया। उन्होंने कहा कि अब हमें विजन के साथ डिवीजन का मुकाबला करना होगा। अखिलेश यादव ने युवाओं के मुद्दे पर भी अपनी राय साझा की और कहा, आज के युवा की सोच पूरी तरह से अलग है। उन्होंने हेल्थ सेक्टर और एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में काम करने की आवश्यकता को बल दिया ताकि भारत में इन क्षेत्रों में भी विकास हो सके। उन्होंने रिसर्च कैंसर संस्थान बनाने की भी आवश्यकता जताई, ताकि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में और अधिक प्रगति हो सके।

### ट्रैफिक पुलिस ने दी सड़क सुरक्षा की सीख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कुंस्कैप्सकोलन स्कूल, लखनऊ में यातायात माह के अवसर पर मंगलवार को कक्षा 6 से 8 के छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से आयोजित हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित सड़क व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में एसीपी ट्रैफिक राधारमण सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर शैलेश पांडेय, ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क के सेफ्टी मैनेजर पंकज शर्मा तथा मारुति सुजुकी, लखनऊ के रोड सेफ्टी को-ऑर्डिनेटर सैयद एहतशाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं और बताया कि सड़क पर चलने के दौरान अपनाई गई छोटी-छोटी सावधानियां बड़े हादसों को रोक सकती हैं। एसीपी ट्रैफिक राधारमण सिंह ने ट्रैफिक संकेतों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने, सड़क पार करते समय सही नियमों का पालन करने तथा मोबाइल फोन जैसी विचलित करने वाली चीजों से दूरी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

### जिम्मेदार बचेंगे नहीं, दोषियों को जरूर मिलेगी सजा : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली ब्लास्ट दुखद घटना है। निर्दोष लोगों की जान गई, कई लोग घायल हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने तत्काल गृह मंत्री से बात की और उन्हें मौके पर भेजा। यह प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि, श्सुरक्षा एजेंसियों की जांच जारी है। घटना को देखते हुए यूपी में भी अलर्ट कर दिया गया है। रात से ही प्रमुख धार्मिक स्थलों और संवेदनशील स्थलों पर चौकसी बरती जा रही है। धमाके के जिम्मेदार बख्शे नहीं जाएंगे। कल दिल्ली में हुई दुखद दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों के प्रति मैं अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। देश की प्रमुख जांच एजेंसियां इस घटना की त्वरित और गहन जांच कर रही हैं। इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

### यूपी पर्यटन विभाग का महाभारत सर्किट के विकास पर जोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महाभारत सर्किट अंतर्गत मेरठ जिला के परीक्षितगढ़ स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम के समेकित पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। श्रृंगी ऋषि आश्रम के संबंध में मान्यता है कि यहीं से कलयुग की शुरुआत हुई थी। महाभारत काल से जुड़ी कई घटनाएं यहां हुई थी। महाभारत काल के साक्षी रहे श्रृंगी ऋषि आश्रम के समेकित विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से वित्त वर्ष 2025-26 में 2 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेरठ जनपद अंतर्गत आश्रम में ऋषि श्रृंगी और ऋषि शमीक की प्रतिमा है, जिनसे जुड़ी कहानियां पर्यटकों में जिज्ञासा पैदा करती है। यहां स्थित यज्ञशाला पर पदचिन्ह के निशान आगंतुकों को इतिहास से वर्तमान से जोड़ते हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि श्उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के धार्मिक स्थलों के आसपास पर्यटक सुविधाओं का तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्राचीन स्थल का विशेष धार्मिक महत्व है। द्वापर युगीन पौराणिक भूमि को पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जा रहा है। जनपद में श्रृंगी ऋषि आश्रम के अलावा नौचंदी परिसर स्थित मां चंडी देवी मंदिर, मेरठ कैंट स्थित बिलेश्वर नाथ मंदिर, बाबा औघड़नाथ मंदिर, इतिहास का साक्षी रहा हस्तिनापुर, गांधारी सरोवर, गोपेश्वर मंदिर, कात्यायनी देवी मंदिर आदि हैं। इन धार्मिक स्थलों की मान्यता सदियों से विद्यमान है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटन घूमने आते हैं। पर्यटन के लिहाज से मेरठ जिला पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रमुख केंद्र रहा है। महाभारत काल से जुड़ी कई मान्यताएं क्षेत्र से जुड़ी हैं।

## भगवान बिरसा मुंडा का संदेश लेकर जनमानस के बीच पहुंचेगी बीजेपी

# बिरसा मुंडा ने दिया स्वराज व ग्राम स्वावलम्बन का संदेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भगवान बिरसा मुंडा 150वीं जयंती समारोह अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम करेगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मां भारती के अमर सपूत भगवान बिरसा मुंडा का नाम सुनते ही मिट्टी की सौंधी सुगंध और संघर्ष की ज्वाला एक साथ महसूस होती हैं। भगवान बिरसा मुंडा एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक युग, एक आन्दोलन और आदिवासी समाज की आत्मा के प्रतीक थे। 15 नवम्बर 1875 को झारखण्ड के उलीहातू गांव में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी समाज में जन-जागरण के अग्रदूत भगवान बिरसा मुंडा हम सभी के प्रेरणापुंज है। भारतीय जनता पार्टी जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा 150वीं जयन्ती समारोह अभियान के तहत भगवान बिरसा मुंडा के संदेश के साथ प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में 15 नवम्बर तक सभी कमिश्नरी केन्द्रों पर जनजातीय गौरव स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन करेगी। केन्द्र व प्रदेश सरकार के मंत्री तथा पार्टी के केन्द्र व प्रदेश के पदाधिकारी सम्मेलनों में पहुचेंगे। सम्मेलनों के माध्यम से मातृभूमि एवं संस्कृति की रक्षा के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने वाले भगवान बिरसा मुंडा के विचार लोकव्यापी होंगे। सम्मेलनों में जनजातीय समाज के साथ सभी वर्गों को जोड़कर गीतों, काव्यों, नाटकों तथा जनजातीय कलाओं के माध्यम से राष्ट्रनायक का चरित्र जनमानस के बीच पहुंचेगा। भगवान बिरसा मुंडा के विचारों के साथ सोशल मीडिया पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती पर 12, से 15 नवम्बर तक प्रदेश के सभी जिलो में जनजातीय स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाएगी।

### बीजेपी उल्लास से मनाएगी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

बीजेपी उनकी 150वीं जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाएगी तथा राष्ट्र और संस्कृति के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाले भगवान बिरसा मुंडा के संदेश को लेकर जनमानस के बीच पहुंचेगी। श्री चौधरी ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने स्वतत्रंता संग्राम को स्वाभिमान और स्वदेशी की चेतना दी। स्वराज, स्वदेशी और ग्राम स्वावलम्बन का संदेश दिया। भगवान बिरसा मुंडा ने मंत्र दिया कि अपने धर्म, अपनी धरती और अपने देवता को पहचानों। इस मंत्र के साथ उन्होंने अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया। जंगल हमारा, जमींन हमारी, हवा-पानी हमारा, हमारी धरती पर कोई पराया अधिकार नहीं कर सकता। इस आह्वान के साथ उन्होंने 1899 में उलगुलान महासंग्राम प्रारम्भ किया। यह महासंग्राम अंग्रेजी सत्ता के विरूद्ध स्वतंत्रता आन्दोलन के साथ ही सामाजिक, आर्थिक तथा धार्मिक पुनर्जागरण का प्रतीक बना। अंग्रेजों ने बिरसा मुंडा को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाया और सन् 1900 में उन्हें गिरफ्तार किया गया। अंग्रेजो ने यातनाओं की हदें पार कर दी और 6 जून 1900 को मां भारती के सपूत भगवान बिरसा मुंडा ने वीरगति प्राप्त की।

### उत्तर प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता : शाही

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा स्थित नवीन भवन में उर्वरक समीक्षा बैठक आहूत की गई। मंत्री द्वारा बताया गया कि प्रदेश में वर्तमान समय में 12.68 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.87 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 4.11 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 2.74 लाख मीट्रिक टन एसएसपी एवं 0.85 लाख मीट्रिक टन एमओपी उर्वरक कृषकों के क्रय हेतु उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर भारत सरकार के संपर्क में रहकर उर्वरकों की आपूर्ति को सुचारू बनाए हुए है और किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। 1-10 नवम्बर के बीच प्रदेश में 1.82 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.93 लाख मीट्रिक टन डीएपी एवं 1.19 लाख मीट्रिक टन एनपीके की बिक्री दर्ज की गई है।

# महापौर सुषमा खर्कवाल ने 10.39 करोड़ से विकास कार्यों का किया शिलान्यास



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शहर में 10.39 करोड़ से विकास कार्य कराए जाएंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने विकास के होने वाले कार्यों का शिलान्यास किया। इसमे सड़कों, नालियों एवं नालों का निर्माण होना है।

यह कार्य हैदरगंज तृतीय वार्ड, बुद्ध विहार हंसखेड़ा, कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड, लालजी टंडन वार्ड, बालागंज वार्ड, गढ़ीपीर खां वार्ड, न्यू हैदरगंज प्रथम वार्ड में, सआदतगंज वार्ड, कश्मीरी मोहल्ला वार्ड, भवानीगंज वार्ड में कराए जाएंगे। महापौर ने कहा कि जनसहयोग से ही विकास कार्य गति प्राप्त करते हैं। महापौर ने बताया कि उन इलाकों को विकास से जोडने का प्रयास हो रहा है, जो अभी तक पिछड़े थे।

### सीएम ने आदिशक्ति मां पाटेश्वरी के चरणों में झुकाया शीश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह आदिशक्ति मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। एक सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को बलरामपुर पहुंचे थे। सीएम योगी यहां ब्रह्मलीन महंत योगी महेंद्रनाथ जी महाराज की 25वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह मां पाटेश्वरी के दर्शन किए और शक्तिपीठ परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर में स्थित गोशाला में गोसेवा भी की।

# मेडिकल कॉलेज के निर्माण में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी : मयंकश्वर शरण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य) मयंकश्वर शरण सिंह ने मंगलवार को विधानसभा स्थित नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में अमेठी जनपद के तिलोई स्थित निर्माणाधीन स्वशासी मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज अमेठी के निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

मंत्री ने बैठक में मेडिकल कॉलेज के अकादमिक ब्लॉक, हॉस्टल, ऑडिटोरियम, ऑपरेशन थिएटर, लेक्चर थिएटर, फैकल्टी आवास आदि के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कॉलेज के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा समय पर कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र की जनता एवं क्षेत्र के युवाओं को चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे। बैठक में सचिव चिकित्सा शिक्षा अपर्णा यू., एमडी एनएचएम पिंकी जोविल, विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा कृतिका शर्मा, विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग आदि मौजूद रहे।



# लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती का प्रतीक है विधानमंडलों के बीच संवाद : सतीश महाना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सदस्यों ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। महाना ने समिति का हार्दिक स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया और कहा कि विधानमंडलों के बीच अध्ययन व संवाद लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती का प्रतीक हैं।



इस प्रकार के दौरे न केवल आपसी अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में बेहतर नीतियों के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होते हैं। सतीश महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा ने भी सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा विधानसभा की समिति का यह अध्ययन दौरा दोनों राज्यों की समितियों के बीच सहयोग और संवाद को और सुदृढ़ करेगा।

हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सभापति राम कुमार गौतम के नेतृत्व में आए इस दल में प्रमुख रूप से गीता भुक्कल और बलवान सिंह दौलतपुरिया सदस्य के रूप में मुख्य रूप से शामिल हैं। समिति ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की समकक्ष समिति के साथ सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यप्रणाली एवं सुशासन से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति मेजर सुनील दत्त द्विवेदी भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत समिति ने उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन का भ्रमण किया। समिति का दल चार दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश आया हुआ है और अपने प्रवास के दौरान अयोध्या एवं वाराणसी का भी भ्रमण करेगा।

# जीवन को और अधिक सुविधाजनक व स्मार्ट बनाएंगे ईजेड होम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भारत की लीडिंग इंटीग्रेटेड ऊर्जा कंपनियों में से एक, टाटा पावर ने लखनऊ में अपने अत्याधुनिक ईजेड होम ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स लॉन्च किए हैं। यह पहल तकनीक और स्थिरता के माध्यम से दैनिक जीवन को और अधिक सुविधाजनक और स्मार्ट बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। शहर में स्थापित ईजेड होम एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन के साथ, अब लखनऊ के निवासी स्मार्ट होम इनोवेशन का अनुभव कर सकते हैं जो सरलता, सुविधा और ऊर्जा दक्षता को एक साथ लाते हैं।

टाटा पावर की भरोसेमंद विरासत और नवाचार की ताकत से संचालित ईजेड होम ऑटोमेशन उपभोक्ताओं को एक ही ऐप से लाइटिंग, तापमान, सुरक्षा और ऊर्जा उपयोग पर आसान नियंत्रण प्रदान करता है। यह समाधान न केवल घरों में आराम, सुरक्षा और कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी मदद करता है। इसके रियल-टाइम एनर्जी मॉनिटरिंग, ऑटोमैटिक शेड्यूलिंग, ओवरलोड प्रोटेक्शन और ऑफलाइन फंक्शनलिटी जैसे फीचर्स उपभोक्ताओं को बिजली की बचत करते हुए एक स्मार्ट और सुरक्षित जीवन का अनुभव देते हैं।



टाटा पावर ने लखनऊ में ईजी होम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस किए लॉन्च

### यात्रियों को सुरक्षित यात्रा मुहैया कराना प्रदेश सरकार का दायित्व : दयाशंकर

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शरद ऋतु, ठंड में बसों के सुरक्षित व नियंत्रित संचालन के संबंध में परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि शरद ऋतु में सड़कों पर प्रातः कालीन कुहरा, फिसलन एवं दृश्यता में कमी जैसी परिस्थितियाँ अधिक हो जाती हैं। ऐसे में बसों के संचालन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। परिवहन मंत्री ने कहा कि चालकों परिचालकों की उक्त के संबंध में प्रशिक्षण कराया जाए, जिससे की उन्हें सुरक्षित बसों के संचालन में सभी आवश्यक जानकारियां प्रदान की जा सकें। सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए संयमित गति रखते हुए बसों का संचालन सुनिश्चित कराया जाए, जिससे कि यात्रियों को सुरक्षित उनके गन्तव्य तक पहुंचाया जा सके।

# संपत्ति मूल्यांकन होगा और आसान एकीकृत दर सूची प्रारूप लागू : रवींद्र

समृद्धि न्यूज

**स्टांप व पंजीयन विभाग ने किया दर सूची का सरलीकरण, नागरिक बिना सहायता स्वयं कर सकेंगे मूल्यांकन**

**लखनऊ ।** प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में प्रचलित दर सूचियों में सुधार, सरलीकरण और मानकीकरण के क्रम में एकीकृत दर सूची प्रारूप तैयार किया गया है। नई व्यवस्था से अब संपूर्ण प्रदेश में एकरूप, सरल और बोधगम्य दर सूची प्रारूप लागू होगा, जिससे आम नागरिक बिना किसी तकनीकी सहायता के अपनी संपत्ति के मूल्यांकन एवं स्टाम्प शुल्क के आगणन में सक्षम हो सकेंगे।

मंत्री जायसवाल ने विधानसभा कक्ष संख्या-80 में मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि अब प्रदेश के सभी उपनिबन्धक कार्यालयों में भिन्न-भिन्न प्रारूपों की जगह एक समान दर सूची लागू की जाएगी। नई दर सूची में नगरीय, अर्द्धनगरीय और ग्रामीण तीन शीर्षकों के अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्राधिकार को 15 श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिससे वर्ष 2013 से प्रभावी जटिल दर सूची की विसंगतियों का समाधान किया जा सकेगा। सरलीकरण में कृषक, अकृषक और वाणिज्यिक भूखण्डों के लिए पृथक-पृथक श्रेणियां बनाई गई हैं, ताकि मूल्यांकन अधिक यथार्थ और पारदर्शी हो सके। सड़क से संलग्न एवं सड़क से दूर स्थित भूखण्डों के मूल्यांकन हेतु स्पष्ट व्यवस्था की गई है, जिससे अनावश्यक मुकदमों व आपसी विवादों की संभावनाएं समाप्त होंगी।

**कार्यक्रम**

## अमीरूददौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित

# बिना लिंग भेद के हर बच्चे तक ज्ञान पहुंचाना देश का पहला कर्तव्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती एवं राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर रूबरू फाउंडेशन के तत्वावधान में एक निबंध प्रतियोगिता व सम्मान समारोह का आयोजन अमीरुद्दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज, लालबाग के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में लखनऊ के विभिन्न इंटर कॉलेजों एवं डिग्री कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का जीवन, विचार और शिक्षा दर्शन विषय पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए। सभी प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि, लेखक व समाजसेवी इरशाद राही ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दिलशाद अहमद अंसारी, प्राचार्य, अमीरुद्दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज, लखनऊ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का वक्तव्य-मुख्य अतिथि डॉ. दिलशाद अहमद अंसारी ने अपने संबोधन में कहा, मौलाना अबुल कलाम आजाद केवल भारत के पहले शिक्षा मंत्री नहीं थे, वे भारत की आत्मा के शिक्षक थे। उन्होंने जो शिक्षा नीति दी, वह आज भी प्रासंगिक है। हर बच्चे तक ज्ञान पहुंचाना, लड़का या लड़की-यह देश का पहला कर्तव्य है। शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि इंसानियत की समझ और जिम्मेदारी है।



### युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग,द्वारा विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2026 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी का आयोजन 11 नवम्बर को नेशनल पी.जी. कॉलेज, राणा प्रताप मार्ग, हजरतगंज, में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह, प्राचार्य, नेशनल पी.जी. कॉलेज एवं अनिल कुमार तिवारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, लखनऊ ने माँ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि युवा कल्याण विभाग का यह कार्यक्रम इनोवेशन एवं सांस्कृति का संगम है।



प्रतियोगिता परिणाम :-आयोजित विज्ञान मेला प्रदर्शनी रिधी रस्तोगी एण्ड टीम (प्रथम), एल.पी.सी.पी.एस., गोमतीनगर, लखनऊ। इरफान एण्ड टीम (द्वितीय), एल.पी.सी.पी.एस., गोमतीनगर, लखनऊ। सांस्कृतिक ट्रैक,डिक्लेमेशन-वंशिका तलवानी-प्रथम, अंकित बर्नवाल-द्वितीय, आस्था तिवारी-तृतीय। कहानी लेखन-इसरा सहदल-प्रथम, अनुष्का शर्मा-द्वितीय, पुष्पलता शर्मा-तृतीय। पेटिंग-संजीवनी तिवारी-प्रथम, गौरव-द्वितीय, विवेक कश्यप-तृतीय। लोक नृत्य समूह-नृत्यांजलि ग्रुप ऑफ-विजेता-नेशनल पी.जी. कॉलेज, लखनऊ। उपविजेता-लोकगीत समूह-अर्पित शुक्ला एण्ड टीम, विजेता, श्रेया यादव उपविजेता। कविता लेखन-प्रशस्त शुक्ला-प्रथम। अर्पित शुक्ला-द्वितीय। आदित्य चौहान-तृतीय। प्रथम स्थान पर आये प्रतिभागी दिनांक 12 नवम्बर, को आयोजित होने वाली मण्डल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेंगे।

# शिक्षक की मौत, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

**मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सोमईबेली में एक सरकारी विद्यालय में कार्यरत शिक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में कतर्नियाघाट वन्य जीव विभाग रेंज मोतीपुर नानपारा लखीमपुर नेशनल हाईवे खड़िया मार्ग से 50 मीटर दूर बेहोशी के हालात में पड़े मिले। थाना मोतीपुर पुलिस रात्रि गस्त के दौरान रोड किनारे बाइक खड़ा व शिक्षक साइड में पड़ा मिला जिसको लेकर पुलिस मिहींपुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। शिक्षक के पत्नी का कहना है कि तबीयत बिगड़ाता रहा जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर आर पी सिंह की लापरवाही से



मेरे पति की मौत हो गई। शिक्षक अजीत चंद्रा पुत्र रामप्रकाश ग्राम महादौरा, पिपरा जनपद हरदोई थाना बेनीगंज के मूल निवासी थे जो अपनी पत्नी आस्था चंद्रा के साथ मिहींपुरवा नगर पंचायत के गुरुद्वारा कॉलोनी में अपने खुद के मकान में रहते थे। शिक्षक के पत्नी आस्था चंद्रा का आरोप- मेरे पति अजीत चंद्रा प्रतिदिन की तरह विद्यालय गए थे परंतु वह रोज की तरह 4 बजे घर वापस नहीं लौटे तो मेरे द्वारा मोबाइल पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि मैं सियापुरवा निवासी दमनलाल के घर

**▸ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर आरपी सिंह की लापरवाही से मेरे पति की हुई मौत**

भोजन करने आया हूं और यहां से अमृतपुर जाना है थोड़ा देर में वापस लौटूंगा। लेकिन जब देर रात तक घर वापस नहीं लौटे तो पुनः मोबाइल से संपर्क किया पर बात नहीं हो पाई रात में भी कई बार संपर्क करने की कोशिश की लेकिन बात नहीं हो पाई सुबह कुछ लोगों द्वारा सूचना मिला की मेरे पति मिहींपुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है। उसे वक्त ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आर पी सिंह नशे के भरपूर लिन थे जवाब देने के स्थिति में नहीं थे सही इलाज न होने के अभाव में मेरे पति अजीत चंद्रा की मौत हो गई। मोतीपुर थाना एसआई विजय कुमार रात्रि ग्रस्त के दौरान मिली गाड़ी व एक और व्यक्ति का होना बताया गया है। जिससे पत्नी आस्था को लगने लगा कि मेरे पति अजीत चंद्रा की हत्या का षड्यंत्र रचा गया है। शिक्षक की पत्नी आस्था ने थाने मोतीपुर प्रभारी आनंद चौरसिया को लिखित प्रार्थना पत्र देकर डॉ आर. पी. सिंह तथा दमन लाल से पूछताछ कर एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई करने की अपील की है। वहीं, प्रभारी निरीक्षक आनंद चौरसिया का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा और उसे के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# गरीब नवाज इंटर कॉलेज में मना बाल विवाह मुक्त अभियान दिवस



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

अपराजिता सामाजिक समिति संस्था के द्वारा मनाया गया 108 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत दिवस जिले के गरीब नवाज इंटर कॉलेज में अपराजिता सामाजिक संस्था के छात्र पांडे एवं गीता जायसवाल के द्वारा बच्चों को बताया गया कि अब भारत में बाल विवाह नहीं होना है यह भी बताया गया की बाल विवाह से क्या-क्या नुकसान है और इस कारण बाल विवाह से लोगों को बचाना चाहिए जब तक लड़की 18 की और लड़का 21 वर्ष का ना हो जाए तब तक अभिभावकों को उनकी शादी नहीं करनी चाहिए क्योंकि कम उम्र में शादी होने पर बहुत सी परेशानियां आगे आती हैं जिनको हम नजरअंदाज नहीं कर सकते इसको एक तरीके से हम अपराध की श्रेणी में भी देखते हैं कि बाल विवाह एक अपराध है।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर मां-बेटी को पीटा, दो के खिलाफ तहरीर

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवती के साथ दो युवकों ने छेड़छाड़ किया जिस का विरोध करने पर मां बेटी को मारा पीटा गया। मां ने निहाल पुरवा ग्राम के निवासी संतोष कुमार और राज करन के खिलाफ में तहरीर दिया है। पीड़ित मां ने तहरीर दिया है जिस में कहा है कि उसकी बेटी जब भी घर से कही जाने के लिए निकलती है तो दोनों युवक रास्ते में उस के साथ छेड़छाड़ किया करते थे।जब उस की बेटी ने ये बात अपने मां को बताया तो मां ने इस का विरोध किया जिस पर दोनों युवकों ने मिलकर मां बेटी की पिटाई कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ तहरीर मिली है जिस की जांच करा के मुकदमा लिखा जाएगा।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में योग प्रतियोगिता आयोजित



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया जिसमें गोंडा जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से लगभग 40 परिषदीय शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। योग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लेट कर बैठकर और खड़े होकर किए जाने वाले आसन एवं प्राणायाम किया इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में शिखा बिश्नोई एवं पुरुष वर्ग में अनुराग तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जो अपने जिले से राज्य स्तर पर एससीईआरटी में जनपद गोंडा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी की भूमिका में सौमित्र सिंह ने प्रतियोगिता का संचालन किया एवं अजय प्रकाश मौर्य एवं रेनू राव ने एवं भूमेश्वर सिंह ने अपना सहयोग प्रदान किया । डायट प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# हाथी पांव ग्रसित 1 दर्जन को प्रदान की गई एमएमडीपी किट

**▸ फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सीएचओ को मिला प्रशिक्षण**

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

पयागपुर राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों को संक्रमित अंग को नियंत्रित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को एमएमडीपी किट्स का समुदाय स्तर पर वितरण किया जायेगा। एक दर्जन रोगियों को किट्स वितरण के साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर तैनात सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। अधीक्षक सीएचसी पयागपुर डॉ धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि सभी सीएचओ को फाइलेरिया ग्रसित मरीजों की पहचान कर उन्हें फाइलेरिया ग्रसित अंग को नियंत्रित



रखने के लिए एमएमडीपी किट्स उपलब्ध कराते हुए फाइलेरिया ग्रसित अंग को नियंत्रित रखने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मरीजों को एमएमडीपी किट्स के रूप में फाइलेरिया बीमारी को नियंत्रित रखने के लिए जरूरी मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसमें टब, मग, साबुन, तौलिया, रुई व मलहम रहता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया ग्रसित अंगों का पर्याप्त उपचार नहीं किया जा सकता लेकिन उसे नियंत्रित रखा जा सकता है। इसके लिए मरीजों को नियमित रूप से फाइलेरिया ग्रसित अंगों की साफ-सफाई करनी चाहिए और वहां मलहम लगानी चाहिए। फाइलेरिया ग्रसित अंगों में हुई सूजन को कम करने के लिए मरीजों को नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से सूजन को नियंत्रित रखने में सहायता होती है। नियमित रूप से किट्स का उपयोग करने और एक्सरसाइज करने से मरीज एक्यूट अटैक से सुरक्षित रह सकते हैं। फाइलेरिया निरीक्षक रत्नेश रत्नाकर ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला रोग है, जो ग्रसित मरीजों को 5 से 10 साल बाद पता चलता है। अगर मरीज शुरुआत से ही फाइलेरिया ग्रसित अंग का ध्यान रखे तो वे ज्यादा संक्रमित होने से सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया बीमारी छुआछूत से नहीं होता है। अगर परिवार का कोई सदस्य फाइलेरिया ग्रसित है तो उसके साथ बैठने, खाने से सामान्य व्यक्ति फाइलेरिया ग्रसित नहीं हो सकते। बीपीएम अनुपम शुक्ल ने बताया कि जल्द ही ग्राम पंचायत तालाब बघेल सोहरियावा और नगर पंचायत पयागपुर में नाइट ब्लड सर्वे के जरिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा ग्रामीणों में फाइलेरिया की जांच हेतु रक्त पट्टिका बनाई जाएगी इस मौके पर पाथ संस्था के जनपदीय कॉर्डिनेटर अभिषेक जायसवाल, पवन कुमार सहित सभी सीएचओ अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# 120 से अधिक मतदाताओं को मिला एसआईआर गणना प्रपत्र



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

उपजिलाधिकारी करनैलगंज द्वारा एक महत्वपूर्ण मतदाता जागरूकता और दस्तावेज़ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बूथ संख्या- 12, 15, 23, 26 और 41 के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए एसआईआर गणना प्रपत्र का वितरण किया गया। उन्होंने बताया है कि अधिकारियों की मौजूदगी में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करते हुए लगभग 120 से अधिक मतदाताओं को ये महत्वपूर्ण प्रपत्र वितरित किए गए। उन्होंने बताया है कि स्ढ्ढक्र गणना प्रपत्र मतदाता सूची के सटीक और व्यवस्थित पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को मजबूत करता है। इस पहल का उद्देश्य मतदाताओं को उनके अधिकारों और पहचान दस्तावेजों के महत्व के बारे में जागरूक करना और आगामी चुनावों के लिए व्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करना।

# यातायात नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**▸ कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को यातायात माह नवंबर-2025 के दृष्टिगत जनपद गोण्डा में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज प्रभारी यातायात जगदम्बा गुप्ता, टीएसआई राकेश कुमार, मुख्य आरक्षी दयानाथ चौहान, आरक्षी योगेश कुमार, होमगार्ड काशीराम एवं दिनेश चंद पाण्डेय द्वारा फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज, गोण्डा में पहुंचकर



लगभग 300 छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्रों को हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने एवं नशे की अवस्था में वाहन न चलाने के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए तथा उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में यातायात अनुशासन का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा यातायात माह के दौरान इसी प्रकार जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# धूमधाम से भारत मिलाप और रामराज्याभिषेक संपन्न

**मनकापुर,गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

मनकापुर नगर पंचायत क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान में चल रही श्रीरामलीला के मंचन में सोमवार की रात प्रस्तुत किया गया भारत मिलाप और रामराज्याभिषेक का दृश्य दर्शकों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा। राम वनवास के 14 वर्ष पूर्ण होने के बाद प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे, तो पूरे नगर में उत्सव का माहौल छा गया। अयोध्या नगरी दीपों की रौशनी से जगमगा उठी, हर गली और द्वार पर पुष्प वर्षा की गई।

राम के आगमन का समाचार सुनते ही भरत अपने भाई के स्वागत में नंदीग्राम से नंगे पांव दौड़ पड़े। जैसे ही भरत ने राम को देखा, वे भावविभोर होकर उनके चरणों में गिर पड़े। इस दृश्य को देखकर मंच पर



उपस्थित कलाकारों से लेकर दर्शक तक भावुक हो उठे। मंच पर जब रामराज्य की घोषणा की गई, तब दर्शकों ने जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गुंजा दिया। कार्यक्रम के अंत में रामलीला समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने कहा कि भारत मिलाप का प्रसंग केवल भाइयों के प्रेम का नहीं, बल्कि आदर्श त्याग, कर्तव्य और मर्यादा का प्रतीक है। रामराज्य का आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। अंत में दर्शकों ने खड़े होकर कलाकारों की प्रस्तुति को तालियों से सराहा और इस ऐतिहासिक मंचन को यादगार बताया।

# कवि सम्मेलन में प्रतिष्ठित कवियों ने किया काव्य पाठ

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

कर्मयोद्धा कोचिंग सेंटर, मिस्टर बीन कैफे हाउस और फुलवारी पब्लिक स्कूल द्वारा दिनांक 10 नवंबर दिन सोमवार को प्रथम साहित्योत्सव, कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम टाऊन हॉल गांधी पार्क गोंडा में आयोजित हुआ। आयोजित सम्मेलन का मंच संचालन देश के प्रतिष्ठित कवि डॉ. नीरज पांडे जी ने किया। उन्होंने मंच संचालन के दौरान बीच-बीच में देश व्यापक विभिन्न मुद्दों पर कविताएं पढ़ी। जिसका यहां मौजूद श्रोताओं ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर हमारे मुख्य अतिथि सैयद राशिद इकबाल जी, अनंत हॉस्पिटल के डॉ. डॉ. उमा शंकर जी, अतुल मेडिकल सेंटर के डॉ. विजय सिंह जी, जसपाल सिंह



सलूजा जी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की महामंत्री पूजा जी, पुनीता मिश्रा , रेड क्रॉस सोसाइटी की ज्योति , हमारे मीडिया बंधु , सुरेश सिंह , फुलवारी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह जी मालती सिंह ने सरस्वती जी को माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रतापगढ़ से आई मीरा तिवारी जी ने गरल पीकर रहे जिंदा यही अपनी कहानी है। हमारा दर्द से रिश्ता बड़ा ही खानदानी है। प्रयाग राज से आए अखिलेश द्विवेदी जी ने कोई परिचय नहीं तुमसे मगर सम्बन्ध पक्का है। नहीं टूटे जो अंतिम सांस तक अनुबंध पक्का है। गोंडा के संदीप सोनी जी ने ढूंढने से मिल सकती है दूजी दुनिया,पर भारत सा देश नही मिल सकता हैं। गोंडा के शिवम् मिश्र जी ने जहाँ खुद से पहले गाय को रोटी हो दी जाती है, जहाँ कण कण में हो। जैसी कविताओं का काव्य पाठ करके दर्शकों का मनमोह लिया। अंत में सभी कवियों और अतिथियों का सम्मान करके उनसे विदा ली गई।

# पूर्व शिक्षा मंत्री के जन्म दिवस को शिक्षा दिवस के रूप में मनाया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के शेखय्यापुरा स्थित हरमैन मार्डर्न जूनियर हाई स्कूल मे देश के आज़ाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का जन्म दिवस राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप मे मनाया गया। विद्यालय के डारेक्टर मो मशकूर इश्तियाक ने बताया स्कूल के बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो कि लगभग पूरा किया जा रहा है। जिससे बच्चों को सभी तरह की जानकारी मिल सके। जूनियर ग्रुप से प्रथम ,मोहसिना खालिद,इकरा अंसारी,सिदरा ,सीनीयर मे फिरदौस,जैद,इसमा फिरदौस को



विद्यालय प्रबंधक इश्तियाक अली सिद्दीकी सैयद आसिफ किरमानी,मो कासिम,अनुज मिश्र ,अविनाश, रेशमा सिद्दीकी जियाउद्दीन के हाथो से पुरुस्कार दिया गया। शिक्षक में इकराम, अजरा, शेहला, फायजा,दरक्शा, शाइस्ता, ऐमन, कुलसूम, कोहेनूर , सिद्दीका, सानिया, सना आदि मौजूद रही।

# पराली जागरूकता प्रचार वाहन को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**▸ किसान भाइयों से की अपेक्षा, पराली कदापि न जलाएं**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

सांसद बहराइच डॉ आनंद कुमार गोड़ ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह के साथ कृषि भवन बहराइच प्रांगण में बनी मिलेट्स कैंटीन का निरीक्षण किया गया। कृषि भवन के प्रांगण से सांसद बहराइच ने जनपद में पराली जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया। साथ ही उन्होंने जनपद के किसान भाइयों से अपेक्षा किया कि वह पराली कदापि न जलाएं, बल्कि उसे इन-सीटू कृषि यंत्रों का उपयोग कर कंपोस्ट बनाकर अपने खेतों में उपयोग कर अपनी




फसलों की उत्पादकता बढ़ाएं। इससे पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर रोक लगेगी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, सहायक निदेशक रेशम एम.के. सिंह, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, अवर अभियंता कृषि नितिन कुमार मौर्य सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सांसद श्री गोड़ ने कृषि भवन बहराइच में साफ सफाई उचित व्यवस्था तथा कृषि भवन के जीर्णोद्धार के लिए डीडी एग्री विनय कुमार वर्मा की सराहना भी की।

सांसद ने कृषको को वितरित किये प्याज एवं लहसुन के बीज जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि सांसद बहराइच डॉ आनंद कुमार गोड द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्याज एवं लहसुन के बीज का वितरण किया गया।

सांसद गोड़ द्वारा जगन्नाथ मौर्य, देवी प्रसाद, देशराज, दिनेश कुमार, राम गोपाल, गीता देवी, दुर्गेश, जगदीश आदि कृषकों को प्याज एवं लहसुन का बीज वितरण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। साथ ही सांसद द्वारा एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन के अन्तर्गत प्रदर्श स्थल का निरीक्षण किया गया। इस पद्धति के द्वारा बिना कीटनाशक/पेस्टीसाइज के प्रयोग से शाकभाजी की खेती की जाती है। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच द्वारा आई.पी.एम. संयत्र यथारू सोलर लाईट ट्रैप, स्टिकी ट्रैप, फेरोमन ट्रैप, फ्रूट फ्लाई ट्रैप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके प्रयोग से बिना कीटनाशक/पेस्टीसाइज के कीट, पतंकों के प्रकोप से फसलों को बचाया जा सकता है तथा विष मुक्त उत्पादन लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के साथ कृषि की लागत में कमी कर सकते हैं।

इस अवसर पर सहायक निदेशक रेशम, मिथिलेश कुमार सिंह, एस.डी.ओ. कृषि डॉ शिशिर वर्मा, पंकज वर्मा, ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रगतिशील कृषक संजय सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कृषक व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## जन आरोग्य समितियों के सदस्यों का अभिमुखीकरण सम्पन्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में सोमवार को जन आरोग्य समितियों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु समिति सदस्यों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मोबियस फाउंडेशन तथा पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर की जन आरोग्य समितियों के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को समिति की भूमिका, संरचना, उद्देश्यों और वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। सीएमओ डॉ संजय कुमार ने बताया कि जन आरोग्य समितियाँ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की देखरेख और रखरखाव, प्राप्त असंबद्ध धनराशि का उचित उपयोग, शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना और ग्राम पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# लोधी राजपूत कल्याण महासंघ की बैठक सम्पन्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा बहराइच की जिला कार्यकारिणी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप शामिल होने जा रहे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं विधायक डिबाई सी पी सिंह लोधी और प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। घाघराघाट पर कृष्णपाल लोधी ,ऋषि राजपूत के नेतृत्व में,कैसरगंज में देशराज लोधी के नेतृत्व में,टिकोरा मोड़ पर प्रदेश मंत्री नन्हे लाल लोधी के नेतृत्व में, नेबुवारी मोड़ पर योगेश लोधी के नेतृत्व में, मुंशीपुरवा में रामनरेश लोधी के नेतृत्व में, नेवादा मोड़ पर प्रदीप लोधी,बच्छराज लोधी और राजेंद्र लोधी के नेतृत्व में, महोतनपुरवा में संतराम गुप्ता के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बैठक विधानसभा महसी में संपन्न हुई,वक्ताओं ने विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा समाज को एकजुट कर सशक्त बनाने पर बल दिया। बैठक में नवगठित पदाधिकारीयों को मनोनयन पत्र वितरण किए गए। इस अवसर पर अनिल लोधी को देवीपाटन मंडल का



अध्यक्ष एवं सालिकराम लोधी को बहराइच के जिलाध्यक्ष के रूप में दायित्व सौंपा गया। और जिले से लेकर ब्लॉक स्तर तक कमेटियां गठित की गई। कार्यक्रम में संगठन मंत्री दिनेश लोधी,प्रदेश मंत्री नन्हे लाल लोधी*,प्रदेश प्रवक्ता विजय मधुकर विनोद लोधी लखीमपुर,बाराबंकी जिला अध्यक्ष राम अक्षयबर लोधी,दीनानाथ लोधी,लाल जी वर्मा एड., डॉ.धनी राम लोधी,भानु प्रताप एड.,कुंदन सिंह लोधी रवि एड.,राजेंद्र लोधी एड.,राजू लोधी, आलोक वर्मा एड.,गुड्डू लोधी,अनुराग राजपूत, तिलक राम राजपूत, कार्यक्रम आयोजक गंगा राम वर्मा सहित अनेक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तेंदुए ने अधेड़ पर किया हमला शोर मचाने पर बची जान

**▸ बकरी का शिकार करने आया था तेंदुआ**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज में एक तेंदुए ने बकरी का शिकार करने आए एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुए ने उसे छोड़ दिया, जिससे उसकी जान बच गई। घायल ग्रामीण को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। यह घटना धर्मापुर रेंज के ग्राम पंचायत कठौतिया में हुई। 45 वर्षीय ग्रामीण राम आसरे के घर के सामने अहाते में एक बकरी बंधी हुई थी। दोपहर के समय एक तेंदुआ बकरी का शिकार करने के इरादे से वहां पहुंचा। राम आसरे ने तेंदुए को भगाने का प्रयास किया। इसी दौरान तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें घायल कर दिया। उनकी चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के शोर मचाने और हांका लगाने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घायल राम आसरे को तत्काल आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया, जिसके बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

# दिल्ली विस्फोट के बाद बहराइच में हाईअलर्ट

**भारत-नेपाल सीमा सहित पूरे जिले में तलाशी अभियान, वाहनों की सघन चेकिंग**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली के लाल किले इलाके में सोमवार शाम हुए कार विस्फोट के बाद भारत-नेपाल सीमा से सटे बहराइच जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जिले के सभी थानों की पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीमों ने देर रात तक गश्त करते हुए तलाशी अभियान चलाया।नानपारा क्षेत्राधिकारी और पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ सीमा से लगे रूपईडीहा में संयुक्त अभियान चलाकर सघन चेकिंग की। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों की भी गहनता से जांच की गई। वहीं, सीओ सिटी पहुंप सिंह के नेतृत्व में



सोमवार रात दरगाह थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह और पुलिस बल ने शहर के रेलवे स्टेशन पर गहन चेकिंग अभियान चलाया। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों की सुरक्षा जांच की गई।पुलिस टीमों ने होटल, रेस्टोरेंट, निजी बस स्टैंड और धर्मशालाओं सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी सघन तलाशी ली। देहात कोतवाल दद्दन सिंह ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। जिले के सभी थानों की पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है।भारत-नेपाल सरहद पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में पेट्रोलिंग के लिए डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

# दिल्ली में धमाके के बाद जिले में अलर्ट, कप्तान ने संभाली कमान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार की देर शाम दिल्ली के लाल किले में हुए बम विस्फोट के बाद रायबरेली जिले में भी अलर्ट जारी किया गया। इस दौरान बॉर्डर वाले इलाकों में पुलिस ने संयुक्त टीम बनाकर सघन चेकिंग की। वहीं शहर में एसपी डॉ यशवीर सिंह ने खुद ही कमान संभाली। एसपी शहर के मुख्य मार्गो पर भ्रमण करते हुए रेलवे स्टेशन और रोडवेज पर पहुंचकर आने जाने वाले लोगों से पूछताछ की। बताते चलें कि दिल्ली के लाल किले के समीप खड़ी एक कर में अचानक बम विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल बताए जा रहे हैं। अचानक हुए बम विस्फोट के बाद सभी जगह अलर्ट कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि घटना के बाद सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। एसपी ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद कुछ लोगों की जामा तलाशी कराई साथ ही आने जाने वाहनों की भी चेकिंग कराई। इस दौरान एसपी के साथ एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, सीओ सिटी अरुण कुमार नौहवार, शहर कोतवाल शिवशंकर सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।



## दिल्ली ब्लास्ट के बाद अलर्ट मोड में रायबरेली पुलिस

▸ प्रशासनिक एवं शासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में देर रात तक चला चेकिंग अभियान



**बछरावां रायबरेली।** बीते सोमवार रात दिल्ली लाल किले के गेट नंबर 1 के पास हुए ब्लास्ट के बाद रायबरेली पुलिस अलर्ट मोड में दिखाई दी। शासन व प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी देर रात तक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों मे चेकिंग व गस्त करते हुए नजर आए। विदित हो कि दिल्ली शहर के अंदर घटित हुई इस घटना के बाद उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देशन एवं रायबरेली पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के नेतृत्व में पूरे जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग एवं गस्त अभियान चलाया गया। इसी क्रम में बछरावां थाना अंतर्गत उपजिलाधिकारी महाराजगंज गौतम सिंह के नेतृत्व में कस्बे में स्थित बस स्टॉप परिसर, रेलवे स्टेशन परिसर, मुख्य चौराहे से गुजर रहे वाहनों की चेकिंग के साथ-साथ जनपद की सीमा पर स्थित दखिना टोल प्लाजा के पास विभिन्न चार पहिया वाहनों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद लोगों के वाहनों एवं उनके पास मौजूद सामान (बैग, झोला, सूटकेस, अटैची) आदि की गहनता से जांच की गई और सभी लोगों को जागरूक रहने के साथ-साथ किसी प्रकार का संदिग्ध सामान या व्यक्ति दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही गई। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार, बछरावां थाना प्रभारी राजीव सिंह, उप निरीक्षक सैयद नियाजी हुसैन, उप निरीक्षक राजन तिवारी, उप निरीक्षक जितेंद्र पांडे, आरक्षी काशिफ अहमद सहित स्थानीय थाने की समस्त पुलिस टीम मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### छोटे भाई का बस रहा था घर, बड़े भाई की उठी अर्थी

**महराजगंज, रायबरेली।** घर में था मांगलिक कार्यक्रम लेकिन बड़े बेटे की उठ गई अर्थी जहां एक तरफ छोटे भाई का घर बस रहा था और घर में शुभ बरीक्षोत्सव (बरीक्षा )तो वहीं दूसरी तरफ सड़क दुर्घटना में बड़े भाई की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। महराजगंज थाना क्षेत्र के मोन गांव निवासी छेद्दू के यहां मांगलिक कार्यक्रम चल रहे थे किसी कार्य से उसने अपने बड़े लड़के कुलदीप को महराजगंज अपने रिश्तेदार गोविंद के साथ भेजा लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर थी जिस घर में खुशियां थी उसी घर मे मातम छा गया जब महराजगंज इन्हौना मार्ग पर मोन टावर के पास पैगंबर नगर वार्ड नंबर सात कस्बा महराजगंज मोहम्मद सैमी पुत्र अब्दुल्ला 22 वर्ष व कुलदीप 26 वर्ष की आमने-सामने बाइकें टकरा गई जिसमें कुलदीप की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई तो वहीं गंभीर रूप से घायल मोहम्मद सैमी को डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया व घायल गोविंदा का इलाज महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया वही कुलदीप की मौत की वजह से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा मां ने बताया कि किसी तरह परदेश जाकर बेटा कमाता था जिससे परिवार चलता था वही 22 वर्षीय पत्नी का रो रो के बुरा हाल है मृतक अपने पीछे एक 3 साल का बच्चा भी छोड़ कर गया है।

### झाड़ियों में मिली नवजात बच्ची, 1098 पुलिस द्वारा पहुंचाया गया स्वास्थ्य केंद्र

**महराजगंज, रायबरेली।** बेटी लक्ष्मी का रूप होती है और मां को धरती का दर्जा दिया गया लेकिन एक ऐसी घटना ये साबित करती है कि मौजूदा समय में मानवता और ममता सब मरती चली जा रही ही है। और लोग भोग विलास के चक्कर में पाप और पुण्य में भेद करना भी भूल गए। मामला क्षेत्र के पारा खुर्द गांव का है जहां के एक युवक द्वारा रात्रि मे शौच के लिए जाना एक नवजात के लिए वरदान बन गया । पारा खुर्द गांव की झाड़ियों में एक बच्चे की आवाज आ रही थी रात्रि मे शौच के लिए गए एक युवक को जब यह आवाज सुनाई पड़ी तो मौके पर पहुंचा तो झाड़ियों के बीच उसने एक नवजात बच्ची देखी तो ग्रामीणों को सूचना दी ग्रामीणों व 1098 पुलिस द्वारा नवजात बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने बच्ची का इलाज किया और उसका वजन मापा बच्ची 2 किलो 400 ग्राम की निकली जो पूर्णतया स्वस्थ थी जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया वहीं क्षेत्र में बच्ची को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं की बच्ची आखिर झाड़ियों मे किसने फेंकी जिसे लेकर लोग तमाम तरह की बातें कर रहे हैं।

### स्टेरायडयुक्त दवाओं की बिक्री पर राज्य लाइसेंसिंग अर्थोरिटी द्वारा रोक

**सीतापुर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमित गुप्ता ने बताया कि डॉ. गौतम कुमार विश्वास प्रोपाइटर मेसर्स ए टू जेड फार्मास्युटिकल्स एण्ड लैबोरेट्री गली नं.-1 जवाहर नगर रोहटारोड जनपद-मेरठ के पत्र दिनांक-25.07.2025 एवं उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका दिनांक 04.04.2024 एवं निदेशालय के आदेश दिनांक-12.03.2024 के विरूद्ध योजित रिट याचिका पर उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 04.04.2024 के द्वारा दूसरे राज्य की फर्म (मैसर्स डॉ. विश्वास आयुर्वेदा इण्टरनेशनल प्रा.लि. अम्बाला, हरियाणा) द्वारा उत्पादन की जाने वाली आयुर्वेदिक औषधियों के उत्पादन पर राज्य लाइसेंसिंग अर्थोरिटी द्वारा प्रतिबन्ध नहीं लगाया जा सकता है परन्तु ऐसी आयुर्वेदिक औषधियां जिसमें स्टेरायड की मिलावट पायी गयी हो, उसकी बिक्री पर राज्य लाइसेंसिंग अर्थोरिटी द्वारा रोक लगायी जा सकती है। डॉ. विश्वास आयुर्वेदिक इण्डस्ट्रियल प्रा.लि., अम्बाला हरियाणा द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधि विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेदाष् में एलोपैथिक संघटक बिटामैथासोन (स्टेरायड) की मिलावट पाये जाने के कारण औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम, 1940 की धारा 33 ईई के अन्तर्गत सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में बिक्री को तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्धित किया जाता है। अतः आयुर्वेदिक औषधि विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेदा की बिक्री को जनपद सीतापुर में प्रतिबन्धित किया जाता है ताकि जनमानस को अपमिश्रित औषधि के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके।

### आरएसएस विभाग प्रचारक ने वरिष्ठ पत्रकार के यहां किया प्रवास



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण करने के उपरांत घर घर सम्पर्क अभियान के तहत तहसील क्षेत्र मुसाफिरखाना के धरौली गांव में यशपाल सिंह वरिष्ठ पत्रकार एंव सेवानिवित्त पोस्ट मास्टर भारतीय डाक विभाग के आवास पर सुलतानपुर (कुशभवनपुर) विभाग के विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश का प्रवास हुआ। संघ के शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन विषय पर चर्चा के उपरान्त यशपाल सिंह के द्वारा भारत माता का चित्र एवं संघ साहित्य विभाग प्रचारक को भेट किया गया। सम्पर्क अभियान की टोली में जगदीशपुर जिले के जिला संघचालक प्रेम, जिला प्रचारक ऋषभ, विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख अभिषेक, जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख बलराम आदि का साथ रहना हुआ।

### आबकारी निरीक्षक ने पकड़ी 70ली अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में मंगलवार 11 नवंबर को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम- रामनगर, धोबहा, मणिपुर व हंसा का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र - मुसाफ़िर खाना के थाना- मुसाफिरखाना के ग्राम - हंसा का पुरवा से लगभग 70ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही मे 5 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- मुसाफ़िर खाना व स्टाफ क्षेत्र - मुसाफ़िर खाना से तीरथनाथ, शमशेर कुमार सर्वेश वर्मा व ब्रजेश पाण्डेय वाहन चालक शामिल रहे।

### युवा उत्सव एवं साइंस मेला मनीषी महिला पी.जी. कॉलेज में आज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 के अंतर्गत युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन आज 12 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से मनीषी महिला पी.जी. कॉलेज, गौरीगंज में किया जाएगा। जिसमें एक सितम्बर 25 को 15 से 29 वर्ष आयु के बीच के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। जिले स्तर पर सांस्कृतिक एवं इनोवेशन ट्रैक के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेंटिंग, लोकनृत्य समूह, लोकगीत समूह, कविता लेखन, तथा इनोवेशन साइंस मेला प्रदर्शनी शामिल हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले युवाओं के भोजन, विकास खंड से जनपद तक आने-जाने का खर्च, निर्णायकों का मानदेय, पुरस्कार एवं रेल बस किराया द्वितीय श्रेणी अनुसार विभाग द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी की होगी। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक बंधुता का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा किसी भी धर्म, भाषा, जाति, वर्ग, राजनीतिक दल या सरकार के संबंध में कोई टिप्पणी या प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिल्मी गीतों को कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

### ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने थानेदार के खिलाफ दिया ज्ञापन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को मजीद अहमद ब्लाक अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी शुकुलबाजार एवं प्रतिनिधि मण्डल जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से बीते 22 अक्टूबर को हुयी घटना से सम्बन्धित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। उनका कहना है कि जो प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को विधिक कार्यवाही हेतु दिया गया था उस पर उनके द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी मुसाफ़िर खाना को जांच सौंपी गयी थी। इन सब का कहना है कि क्षेत्राधिकारी द्वारा गलत तरीके से विभागीय हमवार होकर थाना प्रभारी अभिनेष कुमार को अपनी रिपोर्ट में क्लीनट चिट दे दी गयी है और दोषी के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न करते हुये पूरी तरह से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इन लोगों ने जिलाधिकारी से उक्त मामले की मजिस्ट्रेटिव जांच कराने की मांग की है। इन लोगों ने कहा है कि यदि तत्काल निष्पक्ष जांच नही करायी जाती है तो हम लोग धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगे। जिसका जिम्मेदार स्वंय प्रशासन होगा।

## भारत विकास परिषद ने शुभम गौड़ को बनाया डलमऊ का अध्यक्ष



**डलमऊ, रायबरेली।** भारत विकास परिषद द्वारा डलमऊ इकाई का गठन किया गया जिसमें नव चयनित पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई नगर पंचायत कार्यालय में संपन्न हुए शपथ ग्रहण समारोह में शुभम गौड़ को डलमऊ इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर सभी नवचयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उनको माला पहनकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला, उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेई महासचिव एस. के. सक्सेना, नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ अरविंद श्रीवास्तव अध्यक्ष भारत विकास परिषद रायबरेली विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में परिषद के संरक्षक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष राकेश मिश्रा, शाखा सेवा संयोजक राजा राम मौर्य शिव कुमार गुप्ता तथा अशोक मिश्रा मौजूद रहे।

## दिल्ली बम ब्लास्ट मामले में अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट को लेकर डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को तहसील परिसर में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया और अधिवक्ताओं ने बम ब्लास्ट में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मान रखते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और घटना में शामिल देशद्रोहियों की गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने के अपील की। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में घूम कर देशद्रोहियों और आतंकवादियों के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता एकता के नारे लगाए और सभी राजस्व न्यायालय में कार्य बहिष्कार किया इस मौके पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह मनोज सिंह कृष्ण कुमार त्रिपाठी अशोक सिंह जितेंद्र कुमार शिशिर श्रीवास्तव आदि के साथ अन्य अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## वीरता के प्रतीक थे वीरा पासीः डॉ एमडी पासी



**महराजगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व बछरावां विधानसभा प्रत्याशी डॉ मातादीन पासी द्वारा वीरा पासी की जयंती के अवसर पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। डॉक्टर मातादीन पासी ने कहा वीरा पासी के पिता का नाम शिव दीन पासी था उनका योगदान 1857 के विद्रोह में मुख्य रहा है राणा बेनी माधव के सेनापति के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई राणा की रिहाई अंग्रेजों द्वारा बंदी बनाए जाने पर वीरा पासी ने राणा को जेल से छुड़ाने का बीड़ा उठाया और सफल भी हुए अपनी वीरता के कारण उनका नाम वीरा पासी पड़ा और अंग्रेजों के बीच उनका खौफ इस हद तक था कि उन्हें पकड़ने के लिए 50000 का इनाम भी घोषित किया गया था कुछ गद्दारों के धोखे के कारण अंग्रेजों ने राणा को घेर लिया वीरा पासी ने अपने प्राणों की आहुति देकर राणा की जान बचाई उनके योगदान को भारत देश कभी भूल नहीं सकता।

## सरदार पटेल की 150वीं जन्मजयंती पर एकता पदयात्रा आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती अभियान के अंतर्गत हरगांव विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा मुख्यतः भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय हरगांव विधायक व प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही जिला प्रभारी नीरज सिंह व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में निकाली गई । इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री/ अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्मजयंती श्रद्धा केसाथ मना रही है। ऐसे में देश अपने लौह पुरुष को श्रद्धांजलि समर्पित कर रहा है साथ ही महापुरुषों के सम्मान की सांस्कृतिक विरासत आगे बढ़ रही है जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा के अनुरूप देश में सभी महापुरुषों के सम्मान और उनके बताए मार्ग पर चलकर देश को विश्व गुरु बनाने का कार्य निरंतर गतिशील है। जिसमें भारत का बच्चा-बच्चा जुड़ता जा रहा है। और अखंड भारत ही सरदार साहब का विजन था। हम सब उनके सम्मान को सर माथे रखकर भारत मां की सेवा का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री/व हरगांव विधायक सुरेश राही ने बताया कि एकता पदयात्रा देश व प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में निकाली जा रही है आज मेरी कर्मभूमि हरगांव विधानसभा में यह यात्रा निकाली गई है और यहां के लोगों ने इसे सफल बनाया है इसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की यह खूबसूरती है कि यह प्रत्येक महापुरुष का सम्मान करने वाली पार्टी है। ऐसे में सरदार साहब का यह सम्मान प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम को जिला प्रभारी नीरज सिंह ने संबोधित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा भारतवर्ष को दिए गए अतुल योगदान जिसमें 562 रियासतों को भारत में विलय किये जाने के विषय पर विस्तार से अपना विचार रखा। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, राकेश त्रिपाठी निवर्तमान जिलाअध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, सचिन मिश्रा, सुनील मिश्रा कौशलेंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## बिसवां को जिला बनाए जाने के लिए राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र



**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र के समस्त अधिवक्तागण, पत्रकारों, व्यापारी गणों एवं समाजसेवी संगठनो ने पत्रकार एवं अधिवक्ता नीरज कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित मांग पत्र तहसीलदार बिसवां उमा शंकर त्रिपाठी के माध्यम से भेजा। मांग पत्र में कहा गया है कि बिसवां तहसील ऐतिहासिक, भौगोलिक, सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। तहसील बिसवा जनपद सीतापुर की सबसे बड़ी तहसील है।यहां की जनसंख्या लगभग 8 से 10 लाख के बीच है तथा सैकड़ों ग्राम पंचायतें और अनेक शैक्षणिक, औद्योगिक व धार्मिक संस्थान स्थित हैं। तहसील बिसवां की सीतापुर मुख्यालय से बिसवां की दूरी लगभग 35 किलोमीटर होने के कारण आम नागरिकों, किसानों, छात्रों और व्यापारियों को प्रशासनिक व न्यायिक कार्यों के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बिसवां भौगोलिक रूप से केंद्र में स्थित है और इसके आसपास की तहसीलों महमूदाबाद, लहरपुर, सिधौली व रेउसा की दूरी औसतन 25 से 30 किलोमीटर है। बिसवां को जिला बनाए जाने से क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र का विकास को नई गति प्राप्त होगी। बिसवां न केवल व्यापारिक केंद्र है बल्कि यहां शुगर फैक्ट्री, रेडिको खेतान कंपनी जैसी औद्योगिक इकाइयाँ संचालित हैं। साथ ही दरी उद्योग और ताजिया निर्माण से जुड़ा व्यवसाय स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। अधिवक्ताओं, पत्रकारों, व्यापारी एवं समाजसेवी संगठनो ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन से मांग की कि क्षेत्र की जनभावनाओं, ऐतिहासिक पहचान और प्रशासनिक आवश्यकता को देखते हुए बिसवां को शीघ्र जिला बिसवां घोषित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता आर एन सिंह, अवर अभियंता आफताब अहमद, ब्रजेश गुप्ता, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश सिंह, राज किशोर यादव, अशोक वर्मा, कमल मनोरम वर्मा, नीरज कुमार श्रीवास्तव, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठेरिया, अश्विनी त्रिपाठी, सत्य प्रकाश सिंह, प्रमोद मिश्रा, विपिन यादव, जितेन्द्र मिश्रा, विनोद वर्मा, वीरेंद्र शुक्ला, रजनीश मिश्रा, सैय्यद हुसैन क़ादरी, रफ़ीक अहमद सहित काफ़ी संख्या में अधिवक्ता गण पत्रकार गण, व्यापारी एवं समाजसेवी संगठनो के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला 18 को

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राम कुमार शिक्षण प्रशिक्षण बालिका महाविद्यालय शुकुलबाजार के संयुक्त तत्वावधान में आकांक्षात्मक ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 18 नवम्बर मंगलवार को पूर्वान्ह 10ः30 बजे से राम कुमार शिक्षण प्रशिक्षण बालिका महाविद्यालय शुकुलबाजार में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 10 निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। मेला 12वीं, स्नातक, आई.टी.आई. उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

## कॉमन फैसिलिटी सेंटर का जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने किया औचक निरीक्षण

**बिसवां सीतापुर**



ओडीओपी योजना एक जिला एक उद्योग के तहत बिसवां क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर माफी में बने कॉमन फैसिलिटी सेंटर का जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निरीक्षण की तहसील प्रशासन को भी सूचना नहीं थी। मंगलवार की सुबह जिलाधिकारी राजा गणपति आर नें बिसवां बुनकर वेलफेयर सोसाइटी भगवानपुर माफी में बने कॉमन फैसिलिटी सेंटर का औचक निरीक्षण किया। बता दें कि ओडीओपी योजना एक जिला एक उद्योग के तहत बुनकर मजदूर इस सेंटर पर काम करते हैं। सीतापुर जनपद में एक जिला एक उद्योग योजना के तहत दरी बनाने का उद्योग किया जाता है। जिलाधिकारी ने इस सेंटर में बने डिस्पले सेंटर, सैंपलिंग सेंटर, डिजाइनिंग सेंटर, प्रोसेसिंग सेंटर, स्टॉक रूप आदि निरीक्षण किया तथा बुनकरों से बातचीत की। इसके उपरांत उन्होंने कहाकि ओडीओपी की समिति का गठन करेंगे, बायर सेलर मीट करवाएंगे उन्होंने दरी की डिजाइनों को देखा और बुनकरों की तारीफ की। इस दौरान समिति के अध्यक्ष रफीक अंसारी, सचिव हयात कौसर, जिला उद्योग अधिकारी संजय सिंह, शुभम, शाहनवाज, अनीश खान, एखलाख अहमद, मोहम्मद रजा, प्रधान प्रतिनिधि महताब आदि मौजूद रहे।

## पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर की जा रही संदिग्धों की चेकिंग



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा सोमवार को देर रात क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा कस्बा अमेठी व अमेठी रेलवे स्टेशन पर. उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना व क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से कस्बा जगदीशपुर के बस स्टैण्ड व रेलवे स्टेशन मुसाफिरखाना पर, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा कस्बा मुंशीगंज में एवं जनपद के थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष एवं पुलिस चौकियों के प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, होटल, सराय, ढाबा, जनपद की सीमाओं बैरियरों पर सघन चेकिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की चेकिंग की गई। साथ ही प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों प्रतिष्ठानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

### निदेशक प्रसार ने कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा का किया औचक निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा का विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डा राम बटुक सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निदेशक प्रसार ने बिना किसी पूर्व सूचना के केंद्र का निरीक्षण किया तथा केंद्र स्थापित विभिन्न इकाइयों का अवलोकन एवं केंद्र पर हो रहे विभिन्न प्रसार कार्यो की समीक्षा किया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नवनीत कुमार मिश्र ने बताया कि निदेशक प्रसार महोदय के निरीक्षण के समय केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। निदेशक द्वारा केंद्र के प्रक्षेत्र, मत्स्य तालाब, बीज उत्पादन इकाई, पाली हाउस नेट हाउस, हाइड्रोपोनिक्स इकाई, बकरी पालन इकाई, मदर ऑर्चर्ड, कुक्कुट पालन इकाई, प्राकृतिक खेती तथा क्राफ्ट कैफेटेरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत केंद्र के समस्त स्टाफ के साथ बैठक कर सभी के कार्यों की समीक्षा की तथा उनके कार्यों में आ रही समस्या आदि के बारे में भी पूछा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र पर चल रहे सभी कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया जाएं, कोई कार्य अवशेष ना रहे। निरीक्षण के समय उनके साथ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा सौरभ वर्मा भी मौजूद रहे।

## महिला बीट अधिकारियों द्वारा चौपाल में किया गया समस्याओं का निस्तारण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार 11 नवंबर को मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना व थाना रामगंज पुलिस, थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा छात्राओं, महिलाओं व बालिकाओं को 1090, 181, 108, 1076, 112, 1098, 102 तथा थानों पर स्थापित महिला सुरक्षा केन्द्र के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसी क्रम में थानो की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए संदिग्धों की चेकिंग भी की गयी।

## दिल्ली की चौकसी पर गंभीर सवाल

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला के पास सोमवार शाम को हुए कार विस्फोट ने न केवल देश की राजधानी दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय चेतना को झकझोर दिया। शाम के करीब सात बजे जब दिल्ली अपनी सामान्य चहल-पहल में डूबी थी, अचानक लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास तेज धमाका हुआ, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। कुछ ही पलों में कार जलते मलबे में बदल गई। आसपास खड़ी गाड़ियां आग की लपटों में घिर गईं और घना धुआं आसमान में छा गया। यह दृश्य किसी युद्ध के बाद की तबाही जैसा था, आवाज इतनी भयावह कि चांदनी चौक से लेकर जामा मस्जिद तक सायरन और चीखों की गूंज फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफेद हुंडई आई-20 कार में अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। कार के परखच्चे उड़ गए और आग ने पास खड़ी गाड़ियों, ई-रिक्शा आदि को अपनी लपटों में ले लिया। कुछ ही सेकंड में पूरा इलाका दहशत के घेरे में था। अब तक की रिपोर्ट में कम से कम 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।दमकलकर्मियों ने आग बुझाने में कड़ी मशक्कत की जबकि दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते, स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों ने तुरंत पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जांच एजेंसियां इन फुटेज का विश्लेषण कर रही हैं ताकि पता लगाया जा सके कि वाहन में कौन सवार था और विस्फोट से पहले क्या गतिविधियां हुईं। लाल किला केवल एक राष्ट्रीय स्मारक नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र और अस्मिता का प्रतीक है। इसकी दीवारों पर हर स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का भाषण गूंजता है। ऐसे पवित्र स्थल के समीप हुआ यह धमाका सुरक्षा व्यवस्था के सबसे गहरे स्तरों तक प्रश्न खड़े करता है। क्या यह कोई आतंकी हमला था या कोई सुनियोजित साजिश अथवा किसी लापरवाही का परिणाम? फिलहाल जांच एजेंसियां इन सवालों के उत्तर खोज रही हैं पर यह स्पष्ट है कि यह घटना किसी सामान्य तकनीकी दुर्घटना से कहीं अधिक गंभीर है। विस्फोट की तीव्रता ने न केवल वाहनों को चूर-चूर किया बल्कि लाल किला और आसपास की इमारतों तक को हिला दिया, आसपास की दुकानों के शीशे टूट गए और लोगों के दिलों में एक बार फिर वही पुराना भय लौट आया, वह भय जो दिल्ली ने 2001, 2005, 2008 और 2011 के धमाकों के दौरान महसूस किया था। सवाल यह है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद राजधानी के दिल में यह घटना कैसे घट गई? दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में लाल किला सबसे उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में शामिल है, जहां नियमित रूप से सीसीटीवी, ड्रोन और बीट पैट्रोलिंग की जाती है। फिर भी यदि इस स्तर का विस्फोट हो सकता है तो यह केवल तकनीकी विफलता नहीं बल्कि सुरक्षा मानसिकता की जड़ता का भी संकेत है। यह दर्शाता है कि हम अब भी उस सुरक्षित भ्रम में जी रहे हैं, जहां खतरे को हमेशा दूर मान लिया जाता है, जब तक कि वह हमारे दरवाजे पर दस्तक नहीं देता। इस धमाके की भयावहता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी गूंज लगभग 200 मीटर दूर तक सुनाई दी और आसपास के वाहनों में आग फैल गई, फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और दिल्ली स्पेशल सेल, जो आतंकवाद और संगठित अपराध से जुड़े मामलों की जांच करती है, तुरंत मौके पर पहुंची, एनआईए और एनएसजी की टीमें भी सक्रिय हैं।

# पश्चिमी हिमालय में जैव विविधता और उसका महत्व

**कुलभूषण उपमन्यु**

जैव विविधता मानव जीवन और आर्थिक संपन्नता का आधार है। प्रकृति जैव विविधता के माध्यम से ही सृष्टि को एक-दूसरे पर आधारित व्यवस्था को चलाती है। हिमालय पारिस्थितिकी तंत्र करोड़ों एशियावासियों के लिए आजीविका और रोजगार के साधन उपलब्ध करवाता है। भारतीय हिमालय वनस्पति, वन्य प्राणी, ग्लेशियर, बर्फ, पारंपरिक ज्ञान, और पर्वतीय कृषि विविधता के लिए महत्वपूर्ण है। गंगा और सिंध के मैदानों को हरा-भरा बनाने वाली नदियां हिमालय से ही निकलती हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से हिमालय बहुत संवेदनशील है।

यह दुनिया के 34 जैव विविधता के लिए सबसे संवेदनशील स्थलों में से एक है। हिमालय के वन इसकी जैव विविधता के मुख्य आधार हैं। वनस्पति और वन्यप्राणी विविधता स्वस्थ वनों के बिना संभव ही नहीं है। बढ़ती आबादी, वन उत्पादों की बढ़ती मांग, और प्रबन्धन की कमियों के चलते वन संसाधन और वनों पर आधारित जैव विविधता घटते जा रहे हैं। जिससे हिमालय परिस्थिति तंत्र द्वारा दी जाने वाली अनेक पर्यावरणीय सेवाएं भी खतरे में पड़ती जा रही हैं। हिमालय के वनों द्वारा दी जा रही पर्यावरण सेवाओं का वार्षिक मूल्य, 1150 डॉलर प्रति हेक्टेयर आंका गया है। हिमालय में 18440 वनस्पति प्रजातियां, 1748 जड़ीबूटी प्रजातियां, 675 कंद मूल फल प्रजातियां चिह्नित की गई हैं। हिमालय द्वारा दी जाने वाली मुख्य पर्यावरणीय सेवाएं निम्न हैं- फल, चारा, ईंधन, खाद, रेशा, और दवाई, चरागाह, और अन्य गैर इमारती वन उत्पाद प्रदान सेवाएं। जलवायु नियमन, वायु की गुणवत्ता नियमन, पानी की मात्रा और गुणवत्ता का नियमन, भूमि कटाव नियंत्रण, परागण, कीट नियंत्रण सेवाएं। मिट्टी निर्माण, उपजाऊ तत्वों का पुनःचक्रीकरण, पानी का चक्रीकरण, बर्फ और ग्लेशियर द्वारा वर्ष पर्यंत जल प्रदान सेवाएं। सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक ज्ञान, पर्यावरण मित्र पर्यटन, सौन्दर्य सेवाएं आदि।

जैव विविधता के विनाश से उपरोक्त सभी सेवाएं प्रदान करने की हिमालय की सामर्थ्य क्षीण होती जाएगी, जिससे भारतीय महाद्वीप में जीवनयापन के लिए कई समस्याएं पैदा हो जाएंगी जिनका समाधान संभव नहीं होगा। जैव विविधता के लिए, खतरों का आकलन करने के लिए हिमालय को पांच हजार फुट से ऊंचे क्षेत्र और पांच हजार फुट से कम ऊंचाई वाले क्षेत्र इन दो भागों में देख सकते हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मुख्य खतरा निम्न कारणों से है, ज्यादा कीमती जड़ी-बूटियों का अति दोहन, कृषि में एकल प्रजाति खेती को प्रोत्साहन, जलवायु परिवर्तन, बड़ी परियोजनाओं के निर्माण कार्य, दुर्लभ वन्य जीवों का शिकार आदि। कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जैव विविधता के लिए मुख्य खतरे निम्न हैं- खरपतवार, वनों में लगने वाली आग, सुधार वानिकी के चलते एकल प्रजाति चीड़ आदि रोपण, अवैज्ञानिक तकनीक से सड़क निर्माण और अन्य परियोजना निर्माण, सांस्कृतिक एकरूपता के प्रयास, स्थानीय बोलियों और पारंपरिक ज्ञान का ह्रास आदि।




**जैव विविधता के विनाश से उपरोक्त सभी सेवाएं प्रदान करने की हिमालय की सामर्थ्य क्षीण होती जाएगी, जिससे भारतीय महाद्वीप में जीवनयापन के लिए कई समस्याएं पैदा हो जाएंगी जिनका समाधान संभव नहीं होगा। जैव विविधता के लिए खतरों का आकलन करने के लिए हिमालय को पांच हजार फुट से ऊंचे क्षेत्र और पांच हजार फुट से कम ऊंचाई वाले क्षेत्र इन दो भागों में देख सकते हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मुख्य खतरा निम्न कारणों से है, ज्यादा कीमती जड़ी-बूटियों का अति दोहन, कृषि में एकल प्रजाति खेती को प्रोत्साहन, जलवायु परिवर्तन, बड़ी परियोजनाओं के निर्माण कार्य, दुर्लभ वन्य जीवों का शिकार आदि।**

इन कारणों से जैव-विविधता के ह्रास के चलते जहां एक ओर ग्लेशियर पिघल रहे हैं और बर्फ रेखा पीछे हट रही है। वहीं वनों में विविधता के घटने से जल संरक्षण में भी कमी आ रही है। इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव खेती पर पड़ रहा है। सिंचाई के लिए क्षेत्रीय टकराव बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर खरपतवारों के आक्रमण के कारण बेकार हो चुकी चरागाहों के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में चारे का संकट खड़ा हो गया है। पंजाब और हरियाणा से तूड़ी लाकर कमी पूरी की जा रही है। यह तूड़ी पहाड़ों तक पहुंचते 10 से 15 रुपये किलो तक हो जाती है। इतनी महंगी घास से पशुपालन आर्थिक रूप से घाटे का सौदा बनता जा रहा है। वनों में विविधता के नाश से अन्य वन्य प्राणियों के लिए भी भोजन का संकट पैदा हो गया है। इसलिए मानव-वन्यप्राणी टकराव बढ़ता जा रहा है। विशेषकर बंदर, सूअर, नीलगाय द्वारा फसलों को नुकसान के चलते किसान कई इलाकों में खेती छोड़ने पर मजबूर हो चुका है।

बेसहारा छोड़े जा रहे पशुओं के पीछे भी चरागाहों में खरपतवार के कारण घास उत्पादन समाप्त होना एक कारण है। जड़ी-बूटियों के नष्ट होने से स्थानीय स्तर पर मनुष्यों और पशुओं के इलाज की पारंपरिक व्यवस्थाएं और ज्ञान भी समाप्त होता जा रहा है। बौद्धिक संपदा कानूनों की जानकारी और जागरुकता के अभाव में बहुत सा पारंपरिक ज्ञान अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संस्थाओं द्वारा पेटेंट कानूनों का दुरुपयोग करके चुराया जा रहा है। समय की जरूरत है कि जैव विविधता के संरक्षण के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएं। 2002 में संसद ने जैव विविधता कानून पास करके इस दिशा में शुरुआती प्रयास किया है, जिसके तहत राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, राज्य जैव विविधता बोर्ड और पंचायत स्तर पर जैव विविधता प्रबन्धन समिति के गठन का प्रावधान किया गया है। जाहिर है कि जमीनी संरक्षण कार्य तो ग्राम पंचायत स्तर पर ही होना संभव है। इसलिए ग्राम पंचायत स्तरीय जैव विविधता प्रबन्धन समिति को सशक्त, कार्यक्षम और जागरूक बनाना पड़ेगा। एक्ट में इन पंचायत स्तरीय जैव विविधता समितियों को वन्य और कृषि जैव विविधता संरक्षण का कार्य सौंपा गया है, किन्तु 2004 में बनाए नियमों द्वारा उसकी संरक्षण की भूमिका को कमजोर कर दिया गया है और केवल जैव विविधता रजिस्टर बनाने तक ही उसे सीमित कर दिया गया है। रजिस्टर का इतना तो लाभ हो सकता है कि कोई व्यापारिक संस्था यदि पारंपरिक ज्ञान की चोरी करके उसका पेटेंट लेने की कोशिश करे तो उसे अंतरराष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत रोका जा सकता है, किन्तु संरक्षण के काम को गति देने के लिए तो जमीनी स्तर पर पंचायत स्तरीय जैव विविधता प्रबन्धन समितियों को कार्यक्षम बनाना पड़ेगा। कृषि क्षेत्र की जैव विविधता पर रासायनिक खेती प्रक्रियाओं का बड़ा विपरीत प्रभाव पड़ा है। संकर बीजों और जीन संशोधित बीजों के कारण पारंपरिक न्यूक्लियस बीजों का विनाश हुआ है। जीन संशोधित बीजों से क्षैतिज संदूषण का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि अभी कपास के लिए ही जीन संशोधित बीजों की अनुमति है।

## विचार

# मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज और विवि में आतंक की फसल

**आचार्य संजय तिवारी**



**भारत के प्रधानमंत्री की नीति, उनके नियोजन और रणनीति से दुनिया परिचित है। भितरघाती संक्रमणकर्ता उनको समझ ही नहीं सकते। भारत के गृहमंत्री ने सुबह सुरक्षा एजेंसियों की एक उच्चस्तरीय बैठक की घोषणा भर की थी रात को। तत्काल पड़ोसी आतंकी मुल्क की सरकार ने भी बड़ी बैठक आहूत कर ली। यह हाल तब है जब किसी आतंकी संगठन का नाम अभी तक भारत की किसी एजेंसी ने नहीं लिया है। अभी केवल प्राथमिक सूचना ही दर्ज की गई है। विश्व को मालूम है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। विश्व को भारत पहले ही बता चुका है कि भारत के भीतर की आतंकी घटना को भारत के विरुद्ध युद्ध ही माना जाएगा और इसका प्रत्युत्तर भारत देगा भी।**

भारत के भीतर। भारत के ही कुछ लोग। खूब शिक्षित भी। इतने कि जिसे विश्व की सर्वोच्च डिग्री भी कहा जाता है। पेशे के रूप में भगवान का दर्जा। जाति से पुरुष भी। स्त्री भी। लेकिन आदमी नहीं, केवल आतंकवादी। कर्म से भी। सोच से भी। ये भारत में ही पैदा किए जा रहे। बड़ी संख्या में। इन्हें भटके हुए युवा नहीं कह सकते। इनके भीतर भारत और मनुष्यता है ही नहीं। ऐसे लोगों के लिए अब कोई काले कोट वाला भारतीय किसी अदालत में खड़ा दिखे तो देश की जनता को उससे प्रश्न भी करना चाहिए। दिल्ली फिर दहली है। 11 जानें भी गई हैं। पता चल रहा है कि कश्मीर के मेडिकल कॉलेज में एक शिक्षक भी रहा है। उसके साथ लखनऊ समेत कई बड़े शहरों के डॉक्टरों का आतंकी नेटवर्क इतना बड़ा? लगभग तीन हजार किलो विस्फोटक के साथ अभी खुलासों का सिलसिला ही शुरू हुआ था कि सांझ होते होते दिल्ली पर ही हमला ? तारो के जुड़ने की कहानी पुलवामा और अनंतनाग तक पहुंच गई।

इससे पहले कि इस घटना पर कुछ बात की जाए, भारत की सीमाओं पर इन सर्द रातों में प्राणों को कफन ओढ़ा कर पहरा देने वाले भारतीय सेना और सुरक्षा बलों को नमन करना चाहिए। बाहरी दुश्मनों को रोकने में वे तो कामयाब हैं लेकिन भीतर?

जब यह कहानी लिख रहा हूं, भोर के चार बजे हैं। सुबह होने को है। मुझे ठीक से पता है कि इस रात भारत में ऐसे लाखों लोग होंगे जिन्हें नींद नहीं आई होगी। आधी रात तक अलग अलग माध्यमों से अपडेट जानने के बाद लाखों आंखों से नींद गायब ही रही होगी। दो लोग और हैं। नरेंद्र दामोदर दास मोदी और अमित अनिल चंद्र शाह। ये पल पल की जानकारी लेते, निर्देश देते और कुछ बड़ी योजना पर चिंता करते हुए अभी भी कुछ अवश्य कर रहे होंगे। ये दोनों ही अद्भुत व्यक्ति हैं। सोशल मीडिया पर कुछ परंपरागत प्रश्नकर्ता, बुद्धिजीवी उल्टियां कर रहे हैं। वे उसी जमात से जुड़े लोग हैं जिनको जेएनयू में अब विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र नहीं चाहिए। जेएनयू में इस बात को दो दिनों से खूब उछाला जा रहा है। अनंतनाग के मेडिकल कॉलेज से लेकर जेएनयू तक भारत को टुकड़े करने की शिक्षा प्रदाता कौन सी एजेंसियां हैं?

भारत के प्रधानमंत्री की नीति, उनके नियोजन और रणनीति से दुनिया परिचित है। भितरघाती संक्रमणकर्ता उनको समझ ही नहीं सकते। भारत के गृहमंत्री ने सुबह सुरक्षा एजेंसियों की एक उच्चस्तरीय बैठक की घोषणा भर की थी रात को। तत्काल पड़ोसी आतंकी मुल्क की सरकार ने भी बड़ी बैठक आहूत कर ली। यह हाल तब है जब किसी आतंकी संगठन का नाम अभी तक भारत की किसी एजेंसी ने नहीं लिया है। अभी केवल प्राथमिक सूचना ही दर्ज की गई है। विश्व को मालूम है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। विश्व को भारत पहले ही बता चुका है कि भारत के भीतर की आतंकी घटना को भारत के विरुद्ध युद्ध ही माना जाएगा और इसका प्रत्युत्तर भारत देगा भी। विश्व को यह भी मालूम है कि भारत के गृहमंत्री कौन हैं और ऐसी घटनाएं जब होती हैं तो आंतरिक सुरक्षा के लिए वह किस हद तक जा सकते हैं। भारत को नक्सलमुक्त बनाने वाले अमित अनिलचंद्र शाह को भीतर के आतंकियों और घुसपैठियों से अच्छे से निपटना भी आता है। वह केवल कहते नहीं, कर के दिखाते भी हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण दिल्ली में शाम को हुई घटना के बाद से अब तक देश और दुनिया में होने वाली हलचलों से जान सकते हैं।यहां यह याद दिलाना बहुत उचित लगता है कि ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करते समय ही भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत के भीतर किसी प्रकार की आतंकी घटना होती है तो उसे प्रत्यक्ष युद्ध ही माना जाएगा। तो स्पष्ट है कि युद्ध शुरू कर दिया उन्होंने। भारत जवाब तो देगा ही। दुख और चिंता इस बात पर ज्यादा हो रही कि भारत के भीतर भारत के विरुद्ध इतनी भारी संख्या होगी, यह कोई नहीं सोचता था। तुष्टिकरण में डूबे राजनीतिज्ञों को देश से बड़ा उनका वोटबैंक बनेगा? भारत के मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और टॉप यूनिवर्सिटीज में जनता के टैक्स के धन से सब्सिडी और वजीफा लेकर मेडिकल, तक तकनीकी और उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले युवाओं में एक जमात केवल भारत के विरुद्ध आतंकी साजिश रचेगी? ये न तो मासूम हैं, न ही कही से भटके हुए। कश्मीर से गुजरात, हरियाणा, मुंबई, लखनऊ और न जाने कहां कहां तक इन्होंने विस्फोटकों का जखीरा किसके संरक्षण में जमा किया होगा।

## प्रदूषण पर विरोध और गिरफ्तारी

देश की राजधानी दिल्ली में इंडिया गेट तरह-तरह के प्रदर्शनों का गवाह रहा है, लेकिन ऐसा शायद पहली बार हुआ है कि सांस लेने के अधिकार को लेकर यहां लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की। दिल्ली की हवा के बेहद खराब स्तर पर पहुंचने के बीच रविवार को इंडिया गेट पर श्स्मॉग से आजादी!श् जैसे पोस्टर के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। हालांकि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद सोशल मीडिया पर हिटलर के बनाए गैस चेंबर को याद करते हुए लोगों ने लिखा कि इसका विरोध करेंगे तो सजा मिलेगी ही।

इस तरह की टिप्पणियां सत्ता के लिए चेतावनी है, जहां लोगों ने लोकतंत्र की बुनियाद पर सरकार बनाई, मगर अहसास तानाशाही का हुआ तो अब नाराजगी दिख रही है। बता दें कि इंडिया गेट के प्रदर्शन में बड़ी संख्या युवाओं की थी। नयी पीढ़ी के लिए अब जेन जी शब्द का इस्तेमाल होने लगा है। जनरेशन का संक्षिप्तीकरण जेन और जी यानी (अंग्रेजी वर्णमाला का आखिरी अक्षर)। बीते वक्त में बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल इन तीनों पड़ोसी देशों में युवाओं ने ही आंदोलन छेड़ा था, जिससे सत्ता बदलाव का रास्ता तैयार हुआ था। दुनिया के और भी देशों में युवा इसी तरह सड़कों पर निकले और सत्ता को झुकना पड़ा। इन उदाहरणों को सामने रखकर देश में पिछले 11 सालों से सत्तारुढ़ मोदी सरकार को भी चेतावनी मिलती रही कि बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि पर सरकार ने कदम नहीं उठाया तो जेन जी की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। इधर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी अब वोट चोरी जैसे मुद्दों पर युवाओं का आह्वान करने लगे हैं कि यही पीढ़ी लोकतंत्र की रक्षा करेगी तो भाजपा को इसमें राष्ट्र-विरोधी भावनाओं की बू आने लगती है। भाजपा आरोप लगाती है कि राहुल गांधी देश में अस्थिरता लाने के लिए युवाओं को आगे कर रहे हैं। लेकिन भाजपा ने शायद यह नहीं सोचा होगा कि राजनैतिक तौर पर जिन्हें वह अहम मुद्दे मानती है, उनसे इतर प्रदूषण को लेकर युवाओं का गुस्सा भड़क जाएगा। क्योंकि प्रदूषण तो शायद मोदी सरकार के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है, अन्यथा पिछले 11 सालों से देश यथास्थितिवाद का शिकार न हुआ होता।इंडिया गेट पर एक प्रदर्शनकारी ने कहा, श्यह हेल्थ इमरजेंसी है, न कि दोषारोपण का खेल। ट्रायल-एंड-एरर से हमारा भविष्य बर्बाद हो चुका है। सरकार को अब साफ हवा की नीति तुरंत लागू करनी चाहिए।श् एक अन्य ने कहा, श्अमीर लोग एयर प्यूरीफायर खरीद सकते हैं या पहाड़ों पर भाग सकते हैं, लेकिन हम कहां जाएं? हर सर्दी में सांस लेने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। हवा सरकारी नहीं, सबकी है।श् वायु प्रदूषण कितना घातक हो चुका है, यह बात प्रदर्शन में शामिल एक डॉक्टर के बयान से समझी जा सकती है, उन्होंने कहा कि, दिल्ली में हर तीसरा बच्चा फेफड़ों की क्षति का शिकार है, वे साफ हवा वाले बच्चों से लगभग 10 साल कम जीते हैं। लंबे समय तक प्रदूषण से हृदय रोग, स्ट्रोक और अस्थमा होता है। यह गर्भ से शुरू होकर बुढ़ापे तक पीछा करता है।नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पुलिस की कार्रवाई और प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने एक्स पर लिखा- स्वच्छ हवा का अधिकार एक बुनियादी मानवाधिकार है। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का अधिकार हमारे संविधान द्वारा सुनिश्चित किया गया है। शांतिपूर्ण ढंग से स्वच्छ हवा की मांग करने वाले नागरिकों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है? वायु प्रदूषण करोड़ों भारतीयों को प्रभावित कर रहा है, हमारे बच्चों और हमारे देश के भविष्य को नुकसान पहुंचा रहा है। लेकिन वोट चोरी के जरिए सत्ता में आई सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है, न ही वह इस संकट को हल करने का प्रयास कर रही है। हमें स्वच्छ हवा की मांग कर रहे नागरिकों पर हमला करने के बजाय, अभी वायु प्रदूषण पर निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी की इस बात को राजनैतिक विचारधारा और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समझने की जरूरत है।



# राशिफल

**मेषः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है। सन्तत्ति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**बृषभः-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें।

**कन्याः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# पर्यावरण : सोचने की फुर्सत किसी को नहीं

**रोहित कौशिक**

**कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण हैं जो उन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। दरअसल वायु प्रदूषण बढने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है।**

लैंसट की हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में भारत में 17 लाख से अधिक लोगों की मौत वायु प्रदूषण के कारण हुई। 'द लैंसट काऊंटडाऊन ऑन हैल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट में वायु प्रदूषण और संबंधित मौतों के लिए जीवाश्म ईंधन धन (जैसे कोयला और पैट्रोल) को प्रमुख कारण बताया गया है। यह रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों पर प्रकाश डालती है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा (जैसे सूर्य का प्रकाश, पवन और पानी) को बढ़ावा देने की सिफारिश करती है। हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कई दावों के बावजूद जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता कम नहीं हो रही है।

इस उत्तर भारत के कई शहरों में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली-एन.सी.आर. में कई जगहों पर पी.एम. 2.5 और पी.एम. 10 कणों का स्तर मानक से कई गुणा अधिक पाया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हर साल अक्तूबर-नवम्बर में दिल्ली-एन.सी.आर. तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है।

कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण हैं जो उन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। दरअसल वायु प्रदूषण बढने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनरू सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए।

हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही-सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविधियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। सरकारी नीतियों के सही ढंग से क्रियान्वयन के साथ जब तक जनता पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होगी, वायु प्रदूषण को पूरी तरह से कम नहीं किया जा सकता। दरअसल धूल, धुएं और कुहासे से बना स्मॉग हमारे लिए कई समस्याएं पैदा करता है। जब ईंधन जलता है, वायुमंडलीय प्रदूषण या गैसें हवा में मौजूद सूरज की रोशनी और वातावरण में इसकी गर्मी के साथ प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे स्मॉग बनता है। इस मौसम में हर साल इस स्मॉग के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। निर्माण कार्य भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही वाहनों का प्रदूषण भी इस स्मॉग को बढ़ाता है।

गौरतलब है कि काफी वायु प्रदूषण वाहनों के माध्यम से होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बनमोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसें होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बनमोनो ऑक्साइड जब सांस के माध्यम से शरीर के अन्दर पहुंचता है। तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सी हीमोग्लोबिन नामक तत्व बनाता है। इस तत्व के कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू रूप से नहीं हो पाता है। नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजनमानोऑक्साइड , कार्बनमोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड फेफड़ों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसकी अधिकता से दमा और ब्रोंकाइटिस जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। वातावरण में हाइड्रोकार्बन की अधिकता कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। वाहनों से निकलने वाला इथाईलीन जैसा हाइड्रोकार्बन थोड़ी मात्रा में भी पौधों के लिए हानिकारक है। सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर बहुत छोटे-छोटे कणों के रूप में विभिन्न स्वास्थ्यगत समस्याएं पैदा करते हैं। ऐसे तत्व हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर सांस संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। वास्तविकता यह है कि आज पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# आईजीआरएस जनसुनवाई: यूपी में हमीरपुर को मिला अक्टूबर माह में पांचवां स्थान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी धनश्याम मीना के उत्कृष्ट मार्गदर्शन व निर्देशन में जनपद द्वारा जनसुनवाई आईजीआरएस में प्रदर्शन लगातार बेहतर बना हुआ है। इसी क्रम में जनपद को जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण में माह अक्टूबर 2025 की रैंकिंग में प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर पर जारी माह माह अक्टूबर 2025 की रैंकिंग में जनपद को 93.57 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं एवं शिकायतकर्ताओं से प्राप्त संतुष्ट फीडबैक में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय है कि विगत कई माह से जनपद का निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है एवं जनपद प्रदेश मे टॉप-5 में बना हुआ है। अधिकारियों द्वारा आवेदक से सम्पर्क स्थापित किये जाने के फलस्वरूप प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित हो सका है। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन व निर्देशन से जनपद का प्रभावी प्रदर्शन रहा है। जनपद में जनसमस्याओं का पूर्ण गंभीरता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण किये जाने के उपरांत शिकायतकर्ता से प्राप्त फीडबैक के आलोक में प्रभावी कार्यवाही कर संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों द्वारा आवेदक से संपर्क स्थापित कर स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी जनता दर्शन में सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी नियमित रूप से ऑनलाइन जुड़े रहकर शिकायतकर्ता की समस्याओं के सम्बन्ध में त्वरित संज्ञान लेते हैं जिससे समस्याओं का प्रभावी निस्तारण हो रहा है। आईजीआरएस सन्दर्भो सहित सम्पूर्ण समाधान दिवस सन्दर्भ, ऑनलाइन सन्दर्भ तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भ की शिकायतों के निस्तारण के क्रम में शासन की मंशा के अनुरूप भूमि विवाद सहित अन्य विवादित प्रकरणों में यथावश्यक पुलिस बल सहित मौके पर जाकर शिकायतकर्ता एवं सम्बंधित स्थानीय लोगों के साथ समस्या का स्थलीय निस्तारण समयबद्ध सुनिश्चित कराया जा रहा है जिलाधिकारी ने आई.जी.आर.एस. टीम के सभी कार्मिको व जनपद के सभी अधिकारियों को इसी प्रकार आगे भी प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

# शिवानंद महाराज की 18 पुण्यतिथि पर हुआ भंडारे का आयोजन



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे की गायत्री तपोभूमि में संचालित परमहंस अनुसुईया आश्रम में ब्रह्मलीन संत स्वामी शिवानंद महाराज की 18वीं पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तपोभूमि के परमहंस अनुसुईया आश्रम के ब्रह्मलीन संत स्वामी शिवानंद महाराज की 18वीं पुण्यतिथि पर सर्वदानंद उर्फ साधु बाबा के नेतृत्व में श्रद्धा के साथ मनाते हुए अखंड रामायण पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। भंडारे में साधु संतों के अलावा हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के शिष्य अजय उर्फ कल्लू यादव, छोटू सिंह, संजय यादव, शंभू साहू, कन्हैया यादव, प्रेमशंकर यादव, शनि यादव, दिनेश नामदेव, किशन गुप्ता, संजय शिवहरे, रामभजन खंगार, मोनू यादव, आशीष यादव, रामसिंह नामदेव आदि ने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। भंडारे में आश्रम के महंत नरायणानंद महाराज, दिलीपानंद महाराज, शिवानंद महाराज आदि साधु संत मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### इटरा मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, रही कड़ी सुरक्षा



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** इटरा के सुप्रसिद्ध बजरंगबली मंदिर के तीन दिवसीय मेले के प्रथम दिन भक्तों का भारी सैलाब उमड़ा। तड़के से ही दर्शन पूजन के लिए लंबी कतारें लगने लगी। शाम तक सवा लाख लोगों के दर्शन पूजन करने का अनुमान लगाया गया है। इटरा से सुप्रसिद्ध बजरंगबली मंदिर की ख्याति जिले के अलावा आसपास के सभी जनपदों में है। बजरंगबली की पताली मूर्ति के दर्शन के लिए यहां वर्ष पर्यंत लोग आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के बाद पड़ने वाले प्रथम मंगलवार को यहां विशाल मेला लगता है। तीन दिवसीय मेले के प्रथम दिन सुबह से लेकर देर रात तक दर्शन पूजन का सिलसिला चलता रहा। दूसरे दिन बुधवार को विशाल दंगल का आयोजन होगा। गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ मेले का समापन होगा। मंगलवार को शुरू हुए मेले में बड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए गए थे। सोमवार को दिल्ली में हुई घटना के मद्देनजर रखकर मेले के चप्पे चप्पे में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। थानाध्यक्ष अनूप सिंह पूरे दिन मेले में भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफतार

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के लखौंदा गांव निवासी जगदीश पुत्र बहादुर के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था उपनिरीक्षक अजय वर्मा ने हमराह अभिषेक कुमार कांस्टेबल के साथ उमराहट गांव के बाहर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### पर्व शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम की जयंती मनाई

**मौदहा, हमीरपुर।** देश के पूर्व शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम की जयंती पर स्थानीय कांग्रेसियों ने उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला नगर के स्टेशन मार्ग स्थित कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को देश के पूर्व शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम की जयंती के मौके पर स्थानीय कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी उपलब्धियां व उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी डॉक्टर शाहिद अली, प्रदेश सचिव तबीब खान, प्रदेश सचिव फरहतुल्ला,वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद जाकिर व सेवा दल के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शहजादा उर्फ चिश्ती गांधी समेत अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### गैंगस्टर एक्ट के दो अभियुक्तों को 2-2 वर्ष का कठोर कारावास व अर्थदंड

**हमीरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र में अभियुक्तों द्वारा सामूहिक अलग अलग भौतिक एवं आर्थिक लाभ हेतु संगठित रूप से गैंग बनाकर समाज में हिंसा व आतंक पैदा कर धन अर्जित करने के मुकदमे में दो अभियुक्तों को 2-2 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा न्यायालय ने सुनाई है। इन आरोपों में गत 9 अक्टूबर 2010 को धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त सद्दाम पुत्र हमीद खां, बंटा उर्फ विकास पुत्र नत्थू सिंह निवासीगण ग्राम निवादा थाना बिंवार के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमे के विवेचक उपनिरीक्षक पन्नालाल, अभियोजक एडीजीसी सुशील त्रिपाठी, पैरोकार कांस्टेबल जगत सिंह द्वारा अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप माननीय न्यायालय गैंगस्टर एक्ट कोर्ट द्वारा अभियुक्त सद्दाम पुत्र हमीद खां व बंटा उर्फ विकास पुत्र नत्थू सिंह को दोषसिद्ध करते हुए 2 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### हब फॉर इम्पावरमेंट टीम द्वारा महिलाओं को महिला एक्ट के बारे में दी जानकारी

**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह के आदेशानुसार कुरारा ब्लॉक के ग्राम डामर में जन जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें हब फॉर इम्पावरमेंट टीम से जेंडर स्पेशलिस्ट आकिफ़ अहमद ने महिला एक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 है, जो घरेलू रिश्तों में हिंसा से सुरक्षा प्रदान करता है। कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है। दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, अनैतिक व्यापार अधिनियम 1956 एवं ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही नारी सुरक्षा, कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना के साथ-साथ सभी टोल फ्री नंबर 181,1098, 112, 108, 1090, 1076 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### डामर गांव के बजरंग बली मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय मेला व दिवारी नृत्य का आयोजन



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में बजरंग बली मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय मेला व दिवारी नृत्य का आयोजन किया गया तथा मंदिर परिसर में कबीरी भजन का गायन कार्यकम चलता रहा। भक्तों ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चन किया। तथा रात में रामलीला का कार्यक्रम संपन्न हुआ।क्षेत्र के डामर गांव में कार्तिक पूर्णिमा के बाद पड़ने वाले मंगलवार को प्रतिवर्ष मेला व दिवारी का कार्यकम आयोजित किया जाता है। बजरंगबली मंदिर प्रांगण में मेला व दिवारी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ तथा मंदिर परिसर में कबीरी भजन का कार्यक्रम दिन भर चलता रहा। सुबह सबसे पहले मंदिर में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद मंदिर परिसर में कन्या भोजन कराया गया। दोपहर बाद मेला व दिवारी का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। मेला में बच्चों व महिलाओं ने खरीदारी की। तथा मेले का आनंद लिया। मेला में दुकानें लगाई गई।तथा गांव सहित कुशौली पुरवा, भैसापाली, सरसई, कुतुबपुर खोड, तथा कस्बा के लोगो ने प्रतिभाग किया। महिलाओं की खासी भीड़ रही। वही रात में रामलीला कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### कुलपहाड़ के सोनी परिवार ने आदिकैलाश पर्वत पर जाकर रचा इतिहास



**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।** जिले के अधिकांश पर्यटक धार्मिक स्थलों पर जाना पसंद करते हैं। महोबा जिले के कुलपहाड़ कस्बे के सोनी परिवार ने बेहद दुर्गम माने जाने वाले आदिकैलाश पर्वत पर जाकर इतिहास रच दिया। कपिल सोनी 24, शिवा सोनी 34, विकास सोनी 27, पूजा सोनी 30, वर्ष एवं बच्चा समर्थ सोनी 7 वर्ष ने आदिकैलाश की यात्रा की। उन्होंने बताया कि वहां का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से हमेशा नीचे रहता है, लेकिन 120 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाली हवाएं उस स्थान को बेहद बर्फीला और दुर्गम बना देती है। वहां का अनुभव अलौकिक होता आदिकैलाश में एक ओम् पर्वत है, जिसे शिवजी का स्थान माना जाता है और वहां बैठने पर मन को शांति मिलती है।

### खाद के संकट के बीच नकली खाद खपाने का सिलसिला तेज

**महोबा।** विगत एक माह से खाद को लेकर मची हाहाकार के बीच जिले में नकली खाद की ब्रिकी तेज हो गई है। खरेला और कबरई में नकली खाद बरामद की गई है। कृषि विभाग ने नकली खाद के खिलाफ शिकंजा कसते हुए पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने खाद लेकर जा रहे वाहन जप्त करते हुए जाँच पड़ताल तेज कर दी है। कबरई थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इन दिनों खाद को लेकर जिले भर में किसान परेशान है। समितियों में सुबह से शाम तक खाद के लिए किसानों की भीड़ जुट रही है। कबरई में जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह,नायब तहसीलदार सदर विवेक कुमार तोमर ने थानाध्यक्ष सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया के साथ रिवई सुनैचा गांव में छामा मारा जहां ढाबा संचालक ज्ञानेंद्र , हिमांशु तिवारी ग्राम खड्डी थाना गौरिहार मप्र, संदीप निवारी रिवई सुनैचा विकास, जितेंद्र मौजूद मिले। गोदाम में 40 बोरी खाद खुली, 25 बोरी सिली हुईऔर मिलने पर गोदाम को सीज कर दिया गया। 139 खारी बोरी भी बरामद की गइ है। बरामद की गई खाद को लेकर गोदाम संचालक के द्वारा कोई प्रपत्र पेश नहीं किए गए। पुलिस को 52 बोरी ट्रैक्टर पर खाद मिली है। खरेला में भी पुलिस ने नकली खाद बरामद की है। थाना प्रभारी सुषमा चौधरी ने जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह को फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक पिकअप गाड़ी से खाद जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो पिकअप में 45 बोरी खाद पाई गई। वाहन चालक खाद के अभिलेख उपलब्ध न करा सका। पुलिस को वाहन सुपुर्द करते हुए खाद का नमूना लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। पिकअप चालक वाहन को छोड़कर भाग गया। विभाग ने मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। खाद की कमी के बीच मुनाफाखोरों ने कालाबाजारी और नकली खाद को खपाने का काम शुरु कर दिया है। कबरई थाना प्रभारी सत्वेंद्र सिंह भदौरिया का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरु की जा रही है।

# पारा रैपुरा के राजकीय हाईस्कूल में आयोजित हुआ करियर गाइडेंस मेला



**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के पारा रैपुरा के राजकीय हाईस्कूल करियर गाइडेंस से संबंधित मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि पीएचसी के डॉ.तरुण पाल, एसबीआई के शाखा प्रबंधक अमन पाल, आईटीआई के डॉ. दिलीप, स्वाति साहू के मार्गदर्शन में सभी बच्चों ने करियर से संबंधित अपने उत्सुकता पूर्वक प्रश्नों से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त किया। जिला समन्वयक माध्यमिक शिक्षा डॉ. यज्ञेश कुमार ने करियर से संबंधित मार्गदर्शन में सभी बच्चों को उनके ज्ञान को दिशा प्रदान की। कालेज के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. राजेंद्र सिंह एवं नोडल शिक्षिका ज्योति गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाया। संचालन कालेज की शिक्षिका रंजना रघुवंशी एवं प्रियंका देवी ने किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक भी मौजूद रहे।

# दिल्ली धमाके के बाद एसपी ने जिले में चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

▸ होटल, मॉल, सार्वजनिक स्थल, मुख्य बाजार, बस स्टैंड एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों में की चेकिंग

दिल्ली में हुए धमाके के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में हाई एलर्ट जारी कर दिया गया है। जिसको लेकर एसपी डॉ दीक्षा शर्मा ने सोमवार की देर रात भारी पुलिस बल के साथ सार्वजनिक स्थानों होटलों और लॉजों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर जिले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता और क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल ने सदर कोतवाली क्षेत्र के होटल, मॉल, सार्वजनिक स्थल, मुख्य बाजार, बस स्टैंड एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में व्यापक चेकिंग की गई।चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, सामानों तथा होटल रजिस्टरों की गहन जांच की। होटल संचालकों को आगंतुकों का सही अभिलेख रखने एवं पहचान पत्र सत्यापन के निर्देश दिए। पुलिस बल ने बाजार क्षेत्र में मौजूद दुकानदारों एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जागरूक किया। वहीं एसपी डॉ दीक्षा शर्मा ने थाना मौदहा क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान यात्रियों के सामान, स्टेशन परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।एसपी ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना अध्यक्षों एवं प्रभारी निरीक्षकों को निर्देशित किया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख स्थानों मुख्य चौराहे, मुख्य-बाज़ारों, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन आदि पर सतर्कता बढ़ाई जाए तथा सघन चेकिंग अभियान संचालित किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु के पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए। साथ ही सतर्कता अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

# बस स्टैंड के पास बने शौचालय में पड़ा ताला





▸ अधिशाषी अधिकारी बोले- शीघ्र ही सही करा कर चालू कर दिया जायेगा

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के मेन बस स्टैंड के समीप थाने के सामने बने सार्वजनिक शौचालय में ताला बंद रहने से लोगो शौच आदि के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है। कस्बा कुरारा के मुख्य बस स्टैंड से हमीरपुर व कदौरा के लिए लोगो का आवागमन रहता है। इसके नजदीक ही थाने के सामने नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। बस स्टैंड के नजदीक होने के कारण किसी भी सवारी को समस्या होने पर इसका उपयोग कर लेते थे। तथा महिलाओं को प्रसाधन की सुविधा मिल जाती थी। तथा बस स्टॉप के नजदीक डेरा डाले पड़े लौह पीटा लोहार की महिलाओं को इस शौचालय का उपयोग करने को मिल जाता था। लेकिन दो माह से इसमें ताला लटकने के कारण इन महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हे कस्बा निवासी लोगो ने बताया कि इसकेपानी सप्लाई करने वाला मोटर पंप जल गया है। जिससे बगल में बनी पेयजल की टंकी में भी पानी नहीं भर पा रहा है।तथा शौचालय की टंकी भी नहीं भर पा रही है।कस्बे के लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से इस शौचालय को जन हित में मोटर पंप ठीक कराकर शुरू किए जाने की मांग की है।

# लक्ष्मण सिंह यादव अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर निर्विरोध चुने गए बृजेंद्र द्विवेदी



**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

▸ निर्विरोध संपन्न हुआ कुलपहाड़ बार एसोसिएशन का चुनाव

बार एसोसिएशन कुलपहाड़ की चुनाव प्रक्रिया बीते एक सप्ताह से चल रही थी। मंगलवार को नामांकन एवं पर्चा वापसी का अंतिम दिन था। पर्चा वापसी के बाद सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव एवं महामंत्री पद पर बृजेंद्र द्विवेदी चुने गए। तहसील कुलपहाड़ बार एसोसिएशन का चुनाव मंगलवार को संपन्न हो गया। सभी पदों पर पर्चा वापसी के बाद निर्विरोध चुनाव संपन्न होने की घोषणा एल्डर कमेटी द्वारा की गई, जिसमें अध्यक्ष पद पर हरेंद्र पाल सिंह एवं प्रमोद मिश्रा द्वारा अपना नामांकन वापस लेने के कारण लक्ष्मण सिंह यादव को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। वहीं महामंत्री पद पर बृजेंद्र द्विवेदी एवं कपिल यादव की दावेदारी थी, लेकिन अंतिम दिन कपिल यादव द्वारा पर्चा वापिस लिए जाने से बृजेंद्र द्विवेदी को निर्विरोध महामंत्री पद पर विजयी घोषित किया गया। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुशवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रभान सिंह राजपूत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील चंद्र कुशवाहा, पुस्तकालय सचिव अमित श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव प्रशासन बद्री प्रसाद सेन को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। वहीं कार्यकारिणी के तीन सदस्य विनीत सक्सेना, दिनेश रिछारिया, अंकित यादव को मनोनीत किया गया। निर्वाचन कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट जमुना प्रसाद सोनी ने बताया कि सर्वसम्मति से सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ है।

# गेहूं के बीज आते ही उमड़ी किसानों की भीड़, बुलानी पड़ी पुलिस





**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

राजकीय बीज भंडार में मंगलवार को गेहूं का बीज आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। गोदाम प्रभारी ने पुलिस बुलाकर बीज का वितरण कराया। कई दिनों के बाद राजकीय बीज भंडार में गेहूं का बीज आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। सैकड़ो की संख्या में सुबह से किसान राजकीय बीज भंडार के बाहर जुट गए। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि भीड़ अधिक होने के कारण किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। किसानों के हंगामे को देखते हुए पुलिस बुलाकर बीज का वितरण कराना पड़ा। बीज भंडार प्रभारी ने बताया कि 200 कुंतल बीज प्राप्त हुआ था। शाम 4:00 बजे तक 125 किसानों को बीज बांटा गया है।

# एसपी ने पुलिसबल व लोकल इंटेलीजेन्स टीम के साथ शहर के संवेदनशील और सार्वजनिक स्थानों पर की पेट्रोलिंग

▸ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों को रोककर किया चेक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



देश की राजधानी दिल्ली में लाल किला के पास हुए ब्लास्ट के बाद समूचे उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद महोबा पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आ रही है। एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने सोमवार देर शाम भारी पुलिस बल और लोकल इंटेलीजेन्स टीम के साथ शहर के रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड सहित भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर जनपदवासियों से संदिग्ध व्यक्ति और वस्तु मिलने पर सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। बताते चलें कि देश की राजधानी दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद समूचे उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। प्रदेश में अलर्ट के बाद एसपी प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में महोबा पुलिस भी अलर्ट मोड पर नजर आ रही है। देर शाम पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने लोकल इंटेलीजेन्स टीम और भारी पुलिस बल के साथ शहर के संवेदनशील और भीड़ भाड़ वाले स्थानों सहित रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड में सर्च अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की है। इस दौरान एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु मिलने पर सूचना तत्काल पुलिस को दें और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार





**महोबकंठ/महोबा, समृद्धि न्यूज ।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र के भूरा टूड़र मोड़ पर बनी पुलिया पर ग्राम महोबकंठ से अवैध शस्त्र व कारतूस लिये विकास राजपूत पुत्र बालेन्द्र राजपूत उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कुनाटा को पुलिस हिरासत में लिया जिसके कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ पर धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये अभियुक्त को न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### संदिग्ध परिस्तिथियों में छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कबरई/महोबा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छानी कला निवासी सीताराम अनुरागी के 20 वर्षीय पुत्र धीरज अनुरागी ने गांव स्थित अपने मकान के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली युवक को फांसी से लटकता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि धीरज जिला मुख्यालय में रहकर कंप्यूटर और कंपटीशन की तैयारी कर रहा था एवं बीएससी का छात्र था। दीपावली में त्योहार मनाने के लिए गांव आया था तब से गांव में ही रह रहा था आज दोपहर खुद को कमरे में बंद कर उसने फांसी लगा ली। छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में विद्युत से संबंधित कबरई के क्रेशर प्लांटों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति न होने के संबंध में महोबा कबरई एनएचएआई रोड के मोटरेबल करने के संबंध मे जनपद में मध्य प्रदेश की सीमा से लगे हुए क्षेत्र में खनिजों के अवैध परिवहन,कस्बा कबरई में जल निगम नगरीय द्वारा बनाए जा रहे पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का प्रकरण तथा खनिज न्यास निधि से पूर्व में कराए गए डहर्रा में पानी की टंकी तथा नई मंडी व पचपहरा मंडी की खराब हुई सड़कों को ठीक कराए जाने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों में जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग के उपस्थित अधीक्षण अभियंता तथा अधिशासी अभियंता को एक सप्ताह में निरीक्षण करते हुए सीएमआर रिपोर्ट के साथ निरीक्षण आख्या देने का निर्देश दिया गया ताकि विद्युत सप्लाई वास्तविक रूप से कितनी हो रही है इसका पता चल सके। उन्होंने एनएचएआई के उपस्थित अधिकारी को रोड को मोटरेबल बनाने हेतु एक सप्ताह का समय दिया व अवैध खनिज के परिवहन को रोकने हेतु ग्राम खरका में नया खनिज चेक पोस्ट बनाने के संबंध में खनिज अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वह एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराएं। जल निगम नगरीय के कस्बा कबरई में कराये जा रहे कार्य के संबंध में निर्देश दिए गए कि 20 नवंबर को टेस्टिंग प्रारंभ करने के बाद फोटोग्राफ सहित निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराएं। खनिज न्यास निधि से कराए गए कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि उक्त कार्यों की कार्यदाई संस्था को बुलाकर संबंधित कार्यों में 10 दिन में कार्य पूर्ण कराते हुए इसकी आख्या उपलब्ध कराएं । बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव, सहायक आयुक्त राज्य कर शिखा सिंह, क्षेत्राधिकारी शहर तथा अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों तथा उद्यमियों व व्यापारियों में भागीरथ नगाइच, बाल किशोर द्विवेदी, रघुराज सिंह, रामजी गुप्ता इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## प्राथमिकता के आधार पर करें उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक में निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि इत्र पार्क की पानी की टंकी पूर्ण रूप से संचालित हो चुकी है, जिन उद्यमियों को जलापूर्ति की आवश्यकता है वे जल निगम से कनेक्शन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि इत्र पार्क की बाउंड्रीवाल का 65 से 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, शेष कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। यूपीसीडा अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमी अखिलेश पाठक की रजिस्ट्री की कार्यवाही तत्काल पूरी की जाए।डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क में गड्ढों का भराव, शौचालय निर्माण, एनओसी व अन्य सुविधाओं के कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारी सुरक्षा व स्वच्छता मानकों का पालन करें। उन्होंने नगर पालिका व विनियमित क्षेत्र के अधिकारियों को शहर के वाणिज्यिक भवनों में शौचालयों की स्थिति, भीड़भाड़ वाले इलाकों में सार्वजनिक शौचालयों की उपलब्धता तथा मानक से विपरीत स्पीड ब्रेकरों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी स्पीड ब्रेकर मानक अनुरूप हों, अन्यथा उन्हें दुरुस्त किया जाए। कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि औद्योगिक विकास को गति मिल सके। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एडीएम देवेंद्र सिंह, एएसपी अजय कुमार, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी व उद्यमी रहे।



फ़ोटो परिचय- बैठक करते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री

## शादी कार्ड बांटकर लौट रहे युवक की ट्रक की टक्कर से मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एनएच हाइवे पर ग्राम घिलोई खास में मंगलवार की देर शाम दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नबीगंज से शादी कार्ड वितरण करके बाइक पर लौट रहे दो युवकों में से एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान विपिन पाल पुत्र अवधेश निवासी समधन के रूप में हुई, जो बाइक चला रहा था। ट्रक चालक ने तेज रफ्तार में कट मारकर उन्हें टक्कर मार दी और फरार हो गया। विपिन के भतीजे धीरज पाल पुत्र मुकेश का घायल अवस्था में रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रेमपुर चौकी इंचार्ज ने परिवार को सूचित किया और सड़क पर बाधित आवागमन को सुचारू करवाया।

## दिल्ली ब्लास्ट मृतकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में दिल्ली ब्लास्ट हादसे में प्राण गंवाने वालों को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा केवल एक समाचार नहीं, बल्कि कई परिवारों पर टूटा दुख का पहाड़ है।

उच्च स्तरीय जांच से स्पष्ट है कि यह आतंकवादियों का कृत्य था। फरीदाबाद में 2900 किलो विस्फोटक और असलाह की बरामदगी इसकी पुष्टि करती है कि आतंकवादी देश में बड़े हमले की साजिश रच रहे थे, लेकिन समय रहते उन्हें पकड़ लिया गया। दुबे ने कहा, हम शोकाकुल परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और प्रभावित परिवारों को धैर्य दें। इस कार्यक्रम में भारत सिंह प्रजापति, भारत सिंह वर्मा, बालिस्टर सिंह यादव, देवकीनंदन दुबे, आसाराम यादव, अजय दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## खेत पर गए किसान को लाठी डंडों से पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** बहवलपुर में खेत पर गए किसान के साथ दबंगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी। घटना में किसान का हाथ टूट गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहवलपुर निवासी पप्पू उर्फ परशुराम शाक्य ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह खेत पर गए थे, तभी गांव के ही निवासी कुछ दबंगों ने उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। इस दौरान उसके हाथ में गंभीर चोट आ गई। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस पीड़ित को मेडिकल जांच के लिए सौ शैया अस्पताल भेज कर मामले की जांच कर रही है।

## संगठन के विस्तार और व्यापारियों के हितों पर दिया बल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पीपल वाली गली में स्वाती हॉस्पिटल के सामने स्थित साइन फिटनेस सेंटर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए विस्तार की दिशा में बाबूराम स्वीट्स छिबरामऊ के कृष्णबिहारी गुप्ता (किशन) और गुरसहायगंज के पनगवा निवासी पूर्व प्रधान गोलू उर्फ गोल्डी चौहान को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता उर्फ पप्पन ने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता के निर्देशन में जनपद व्यापी अभियान चलाकर व्यापारियों को संगठन से जोड़ा जा रहा है। अति शीघ्र जिला टीम गठित की जाएगी, उसके बाद नगर व मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनपद में व्यापारियों के हितों की रक्षा संगठन का प्रमुख लक्ष्य है। इसके लिए सक्रिय व्यापारियों को जोड़कर पीड़ितों की आवाज बुलंद की जाएगी। जिले की पूरी टीम घोषित करने के साथ-साथ नगर व मंडल स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्ति भी होगी। पप्पन ने बताया कि सरकार द्वारा व्यापारियों को उपलब्ध बीमा सुविधा को तत्काल लागू कराया जाएगा। जिन व्यापारियों के लाइसेंस नहीं बने हैं, उनकी सूची तैयार कर लाइसेंस दिलाने का कार्य प्राथमिकता से होगा। व्यापारियों का किसी भी रूप में शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन का उद्देश्य व्यापारियों को सुरक्षा, सामाजिक सम्मान और न्याय सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर जिला महामंत्री सचिन पांडेय, विनय दुबे, राजेश गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गीता हॉस्पिटल तिर्वा में सीएमओ की टीम का छापा मिली कई खामियां

- बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में लापरवाही, नोटिस जारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** तिर्वा क्षेत्र के हिमनापुर गांव निवासी राम सजीवन राजपूत पुत्र रघुराज सिंह की शिकायत पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी ने गीता हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, तिर्वा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पताल में उपलब्ध सभी अभिलेखों व पत्रावलियों का गहनता से परीक्षण किया। इस दौरान टीम ने पाया कि अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन मानक के अनुरूप नहीं है। वहीं अस्पताल के बिस्तरों पर चादरें नहीं पाई गईं और साफ–सफाई की व्यवस्था भी असंतोषजनक रही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मौके पर ही प्रबंधन को क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत नोटिस जारी किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समयावधि में नोटिस का यथोचित उत्तर प्राप्त नहीं होता, तो अस्पताल प्रशासन के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।


अभिलेख जांचते सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता व अन्य

## दिल्ली धमाके के बाद हाई अलर्ट जारी

- एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार शाम दिल्ली में लाल किले के पास हुए भीषण धमाके के बाद कन्नौज जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। दिल्ली धमाके में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है और कई घायल हैं। इस घटना के मद्देनजर जिले में तत्काल हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर भारी पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी और सीओ सुरेश कुमार के नेतृत्व में कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने नगर में व्यापक पेट्रोलिंग कर जांच अभियान चलाया। भीड़भाड़ वाले इलाकों, मस्जिदों, मंदिरों, गुरुद्वारों, बस स्टॉप और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल की कड़ी निगरानी रही है। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही है। हर वाहन को रोककर गहनता से चेक किया जा रहा है, ताकि कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति जिले में प्रवेश न कर सके। मदरसों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस टीमों ने पड़ताल तेज कर दी है। यात्रियों के सामान की स्कैनिंग और पहचान पत्रों की जांच अनिवार्य की गई है। जिले का खुफिया तंत्र पूरी तरह सक्रिय हो गया है और निगरानी कड़ी कर दी गई है।




## हटवाए जाएंगे बार एसोसिएशन के हॉल से अवैध कब्जे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बार एसोसिएशन की विभिन्न परिसम्पतियों के रखरखाव और अधिवक्ताओं की समस्याओं पर विचार-विमर्श के लिए आम सदन की बैठक लाइब्रेरी एवं कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुई। बैठक में अधिवक्ता अजय यादव और विजय त्रिपाठी के मध्य बार एसोसिएशन के हॉल पर अवैध कब्जे को लेकर उत्पन्न विवाद पर चर्चा हुई। दोनों अधिवक्ताओं के प्रार्थना पत्रों पर विस्तृत विचार विमर्श के बाद आम सदन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बार एसोसिएशन अपने हॉल को तत्काल अपने कब्जे में लेगी तथा संबंधित अधिवक्ताओं को नोटिस जारी कर हिदायत दी जाएगी कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। इसके अलावा एसोसिएशन की विभिन्न परिसम्पतियों के रखरखाव पर गहन चर्चा की गई।

## गीतापुरम कॉलोनी को मिलेगी पेयजल संकट से राहत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष अतुल शर्मा की सक्रियता के बाद गीतापुरम कॉलोनी के निवासियों को पेयजल की लंबे समय से चली आ रही समस्या से जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

फर्रूखाबाद रोड स्थित इस कॉलोनी में जल संकट को लेकर अतुल शर्मा ने आला अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की थी। इस पर जल निगम (ग्रामीण) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिशासी अभियंता के निर्देश पर जेई वैभव सिंह की अगुवाई में अपनी टीम को सर्वे के लिए रवाना किया।

**जल निगम ने किया पाइपलाइन सर्वे**

टीम ने गीतापुरम कॉलोनी में नई पेयजल पाइपलाइन डालने के उद्देश्य से जमीन का निरीक्षण किया। जेई वैभव सिंह ने बताया कि कॉलोनी पहले से ही ग्रामीण क्षेत्र में आती है, जहां जल निगम ग्रामीण द्वारा पाइपलाइन का निर्माण किया गया था। हालांकि, इसका संचालन नगर पालिका के जिम्मे था। अब जल निगम ग्रामीण ही पूरी जल आपूर्ति का दायित्व निभाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सर्वे के बाद शीघ्र कार्य शुरू हो जाएगा और कॉलोनी वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है। अतुल शर्मा ने कहा कि राजनीतिक दलों का असली योगदान जनसेवा में है, और जल निगम की तत्परता सराहनीय है।



## शादी समारोह में गये ग्रामीण को दबंगों ने पीटा पुलिस को दी तहरीर

**जालौन (उरई)।** गांव में आयोजित शादी समारोह में निमंत्रण खाने गए व्यक्ति की गांव के ही कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। शिकायत करने पर धमकी भी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरकौती निवासी उमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात गांव में ही एक शादी समारोह था। शादी समारोह में वह खाना खाने के लिए गया था। जब वह खाना खा रहा था तभी वहां गांव के ही अमर सिंह, प्रदीप, रविंद्र व सुरेंद्र आ गए। सभी रंगबाजी दिखाते हुए उसे गालियां देने लगे। जब उसने रोका तो उन्होंने लाठी, डंडों से उसकी पिटाई कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर जब परिवार के लोग बचाने के लिए पहुंचे तो वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शीतलहर से गोवंशों की सुरक्षा हेतु सभी गोशालाओं में विशेष इंतजाम

- मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने दिए सख्त निर्देश
- किसानों एवं आमजन से की अपील

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सभी अस्थायी एवं स्थायी कांजी हाउस तथा कान्हा उपवनों में संरक्षित गोवंशों को शीतलहर एवं ठंड से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। किसी भी स्थिति में गोवंश ठंड से प्रभावित न हों, इसके लिए समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं। यह बात मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि गो आश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव हेतु त्रिपाल, बोरे, पराली आदि सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे गोवंशों को पर्याप्त ऊष्मा मिल सके। सभी गोशालाओं में शेड को विधिवत रूप से ढकने, जूट के बोरे से झूल पहनाने तथा रात्रि में किसी भी गोवंश को खुले में न छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिन के समय गोवंशों को पर्याप्त धूप में रखा जाए और उनके लिए स्वच्छ एवं ताजे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जहां आवश्यकता हो, वहां अलाव की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि ठंड के मौसम में गोवंशों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों से अनुपयोगी बोरे और टाट सामग्री एकत्र कर गो आश्रय स्थलों में उपयोग के लिए दी जा सकती है। बताया कि वर्तमान में रबी की फसलों की बुवाई का समय चल रहा है। ऐसे में गो आश्रय स्थलों की टैग्ड भूमि पर जई एवं बरसीम की बुवाई कराई जा रही है, ताकि गोवंशों को भूसे के साथ हरा चारा एवं दाना भी उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने किसानों एवं आमजन से अपील की है कि वे पराली जलाने के स्थान पर उसे गो आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराएं। इससे पराली का उपयोग 25 प्रतिशत तक कुट्टी के रूप में हरे चारे के साथ मिलाकर किया जा सकेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि किसान गोशालाओं से प्राप्त गोबर खाद को अपने खेतों में उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। अंत में उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि शीत ऋतु में किसी भी गोवंश को ठंड से किसी प्रकार की हानि न हो। इसके लिए गोवंशों की देखभाल और संरक्षण हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## डीएम ने एआरटीओ कार्यालय में अपना लाइसेंस कराया नवीनीकृत

- कार्यालय व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व सुव्यवस्थित बनाया जाए

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हुए भी जिलाधिकारी का आम नागरिक की तरह निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से अपना लाइसेंस नवीनीकृत कराना, सुशासन और पारदर्शिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है।

मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने परिवहन कार्यालय में स्वयं जाकर ड्राइवर लाइसेंस नवीनीकरण कराया। उन्होंने वहां सबसे पहले लाइसेंस नवीनीकरण हेतु निर्धारित काउंटर पर आवेदन प्रक्रिया पूरी की और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद, उन्होंने नियमों के अनुसार फीस जमा की और बायोमेट्रिक व फोटोग्राफी की प्रक्रिया पूरी की। जिलाधिकारी ने कतार में लगे अन्य आवेदकों से भी बातचीत की और उनके अनुभवों को जाना। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने परिवहन कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, फिटनेस तथा टैक्स सेक्शन में जाकर वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कार्यालय व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व सुव्यवस्थित बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि लाइसेंस और वाहन पंजीकरण संबंधी सभी कार्य समयबद्ध ढंग से किए जाएं और आवेदकों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, पेयजल तथा बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन कार्यालय जनता से सीधे जुड़ा विभाग है, अतः यहां की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और नागरिक सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारदर्शी प्रशासन और नागरिक सुविधा सरकार की प्राथमिकता है और हर अधिकारी को इसे अपने कार्यों में प्रतिबिंबित करना चाहिए।



## दिल्ली आतंकी धमाके बाद एसपी ने किया पैदल गश्त

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली में हुए आतंकी धमाके के बाद सोमवार की रात एसपी नगर में पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए नगर में पैदल गश्त किया और लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। सोमवार की रात दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास सायं करीब सात बजे चलती हुई कार में धमाका हुआ था।

धमाके बाद पूरे प्रदेश में एलर्ट है। ऐसे में सोमवार की रात एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार नगर में पहुंचे और उन्होंने कोतवाली से पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त निकाला। पैदल गश्त में एसपी ने लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान उन्होंने राहगीरों से वार्ता भी की और उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। स्वयं भी अफवाह न फैलाएं और यदि कोई ऐसा करता है तो उसे रोकें। कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए ध्यान रखा जाए कि वह किसी प्रकार की अफवाह तो नहीं है। उन्होंने लोों से अपील की है कि यदि नगर में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखता है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। इस मौके पर सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल आनंद सिंह, एसएसआई संजय कुमार यति, एसआई राजेश वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।


नगर में पैदल गश्त करते एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार।

## किशोरी को लेकर फरार

**जालौन (उरई)।** युवक द्वारा किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी को आगरा जनपद के थाना मालपुरा ग्राम सलैया निवासी अरूण ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बीती नौ नवंबर को अरूण उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। दो दिन तक तलाश करने के बाद भी दोनों कहीं पता नहीं चला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## विद्युत महकमे के संविदा कर्मियों का उत्पीड़न नहीं करेंगे बर्दाश्त : शिवम चौहान

- चौहान निर्विरोध बने विद्युत संविदा कर्मियों के जिलाध्यक्ष

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड के जालौन जिले में संविदा कर्मियों के संगठनात्मक चुनाव संपन्न हुए, जिसमें शिवम चौहान को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। यह निर्वाचन पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। शिवम चौहान के निर्विरोध चुने जाने पर जिलेभर के संविदा कर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सभी संविदा कर्मियों ने संगठन की एकता और मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि नए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कर्मियों की समस्याओं के समाधान और हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। नव-निर्वाचित अध्यक्ष शिवम चौहान ने भरोसा दिलाया कि वह सभी कर्मियों के अधिकारों की लड़ाई ईमानदारी और निष्ठा से लड़ेंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित रहे। दीपक साहू, अजीत, श्याम, अनुराग, रामेदे सहित अनेकों संविदा कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान शिवम चौहान ने साथी संविदा कर्मियों को आश्वासन दिया कि बगैर किसी ठोस वजह से किसी भी संविदा कर्मी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। साथ ही वह संविदा कर्मियों की लड़ाई को पूरी ईमानदारी से लड़ेंगे ताकि उनके हितों का संरक्षण किया जा सके।



## इंडियन बैंक में दो दिनों से कैश की किल्लत से खाताधारक परेशान

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

गल्ला मंडी में संचालित इंडियन बैंक मंडी शाखा में दो दिन से कैश की किल्लत है। पर्याप्त कैश न होने के कारण उपभोक्ताओं को बैंक से मनचाही रकम नकद नहीं मिल पा रही है। कैश न मिल पाने के कारण उपभोक्ता परेशान है। बंगरा मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में संचालित इंडियन बैंक में दो दिन से कैश की किल्लत चल रही है। सोमवार को पर्याप्त कैश न होने के कारण उपभोक्ताओं को अधिकतम 50 हजार रुपए मिल पा रहे थे। वहीं, अपरान्ह एक बजे के बाद बैंक सर्वर में खराबी आने के कारण जमा निकासी दोनों ही बंद हो गई। जिससे कारण उपभोक्ता परेशान रहे। मंगलवार को भी लंच टाइम तक बैंक में कैश न होने के कारण रुपयों की निकासी नहीं हो पा रही थी। उपभोक्ताओं द्वारा जो रकम जमा की जा रही थी उसी से भुगतान करके काम चलाया गया। इस समय सहालग का समय चल रहा है। लोगों को इसके लिए अधिक रकम निकालने की जरूरत पड़ रही है। इसके बाद भी बैंक में पर्याप्त कैश न होने से लोगों को परेशान होना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण क्षेत्र से व दूरदराज से आने वाले उपभोक्ताओं को हुई। जिनके घरों में विवाह आदि कार्यक्रम होने हैं उन्हें भी कैश न मिलने से खरीदारी टालनी पड़ रही है।

## बकाया कर जमा करें वाहन स्वामी

**उरई (जालौन)।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा.,प्रर्व.) ने बताया कि जनपद के समस्त सम्मानित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जनपद जालौन में पंजीकृत 5313 वाहनों पर रुपए 13,44,65,829 कर के रुप में बकाया है तथा इन समस्त वाहनों को कार्यालय स्तर से मांग पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं। अतः समस्त सम्मानित वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि जिन वाहनों का कर बकाया है। उनका कर अविलम्ब परिवहन कार्यालय में आकर या ऑनलाइन के माध्यम से जमा कराने का कष्ट करें, अन्यथा कि स्थिति में कर बकाया के वाहनों की आरसी भू-राजस्व की भांति वसूलने हेतु जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी जाएगी।

## डंके की चोट पर फलफूल रहा सट्टे का अवैध काला कारोबार

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कालपी इलाके में सट्टे का अवैध कारोबार खुलेआम फलफूल रहा है। कागजीपुरा, जुलेहटी राजेपुरा, मनीगंज, रामगंज, रावगंज, मिर्जा मंडी, टरननगंज बाजार, और उससे सटे उदनपुरा, हरीगंज आदि मोहल्ले में सट्टे का कारोबार तेजी से अपने पैर पसार चुका है कि अब हर गली-मोहल्ले में (सट्टा एजेंट) उभर रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि युवा पीढ़ी बड़ी संख्या में इस दलदल में फंसती जा रही है। उनकी जिंदगी बर्बादी की कगार पर है। इलाके में चल रहे जुआ-सट्टे की जानकारी हर किसी को है, लेकिन पुलिस या तो इस पर जानबूझकर आंख मूंदे बैठी है या फिर कहीं ना कहीं उसका संरक्षण मिल रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, पूरा मामला पुलिस के संज्ञान में है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। इसी का नतीजा है कि लोग अब खुलेआम सट्टा खेलते नजर आते हैं और पुलिस से बेखौफ अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। सट्टेबाज लोगों को एक रुपए को नब्बे बनाने का लालच देकर फंसा रहे हैं। कालपी कोतवाली क्षेत्र में बड़े बड़े रसूख के दम सट्टे का अवैध कारोबार लगातार जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवा पीढ़ी और बुजुर्गों के साथ महिलाएं भी सट्टे में भाग ले रही है।

# अखिलेश यादव के नेतृत्व में जनता चाह रही परिवर्तनः डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

193 अमृतपुर विधानसभा के सेक्टर अलीगढ़ के ग्राम हरिहरपुर में अखिलेश जन संदेश एवं पीडीए पंचायत का आयोजन सुरजीत कुमार उर्फ सोनू ठाकुर द्वारा किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता अब परिवर्तन का मन बना चुकी है। इसलिए आप लोग पूरी तरह से तैयार हो जायें, क्योंकि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का होगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जी जिस प्रकार पूरे देश में मेहनत कर रहे हैं वह आज देश के अग्रणी नेताओं में शामिल हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश की जनता उनके नेतृत्व में एक नई उम्मीद देख रही है।

**▸ अमृतपुर के ग्राम हरिहरपुर में हुआ अखिलेश जन संदेश एवं पीडीए पंचायत सम्पन्न**

वर्ष 2027 में निश्चित तौर पर समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भी समाजवादी विचारधारा एवं अखिलेश यादव के नेतृत्व को मजबूती देने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रही है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जनता सब समझ चुकी है। वह आने वाले चुनाव में इसका माकूल जवाब देगी। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि आज महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उसे दो वक्त की रोटी खाना मुश्किल हो गया है। भाजपा सिर्फ पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है, जबकि गरीब जनता से उसे कोई लेना देना नहीं है।

सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि जनपद में लगभग सभी जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के हैं। इसके बावजूद जनपद का विकास पूरी तरह से रुका हुआ है। राजेपुर ब्लॉक बाढ़ से हर वर्ष प्रभावित रहता है। यदि गंगा एक्सप्रेस.वे का रूट यहां से गुजरता तो बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान हो जाता, क्योंकि वहां पर बांध का निर्माण अनिवार्य होता, परंतु ऐसा नहीं हुआ। परिणामस्वरूप बाढ़ की समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने आगे कहा जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहे हैं। कैबिनेट मंत्री खन्ना ने अधिकांश विकास कार्य अपने जनपद की ओर मोड़ दिए।

फर्रुखाबाद के विकास हेतु किसी ने आवाज नहीं उठाई, लेकिन जनता सब देख रही है। यदि 2027 में अमृतपुर की जनता समाजवादी पार्टी का साथ देगी तो बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, नवरंग सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष, अनुराग यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, अरविंद कश्यप जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, साजिद अली जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, अमित कटेरिया जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, अमन सूर्यवंशी जिला अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष राजेपुर, बीके गंगवार, अभय यादव, आशीष यादव, राजीव यादव प्रधान, यीशु पटेल प्रधान, सोनू मिर्जा, धर्मेंद्र यादव, जोगेंद्र यादव, विपिन यादव, अनमोल यादव, आदेश यादव, बरन सिंह, रवी यादव, आदेश यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रजत क्रांतिकारी एवं जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने किया।


पीडीए पंचायत को संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव


कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीण

## एयर कम्प्रेशर टैंक फटने से कर्मचारी घायल, सहमे आसपास के दुकानदार


मौके पर जांच करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र स्थित मसेनी चौराहा पर मंगलवार की दोपहर अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक व्हील बैलेंसिंग एलाइनमेंट की दुकान पर हवा भरने वाली टंकी जोरदार धमाके के साथ फट गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में भगदड़ मच गई। हादसे में दुकान पर काम कर रहा युवक शिवम कुमार पुत्र वीरेंद्र शाह निवासी चांदपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि यह दुकान योगेंद्र पाल की है। शिवम रोज की तरह दुकान पर काम कर रहा था और टायर में हवा भरने के लिए टंकी चालू की थी। कुछ ही सेकेंड बाद टंकी में ज़ोरदार विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज़ आधे किलोमीटर तक सुनाई दी। आसपास खड़ी कई गाड़ियों के शीशे टूट गए, जबकि कुछ लोगों के कानों पर भी असर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायल शिवम को आनन-फानन में डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार युवक के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पाकर थाना कादरी गेट पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच-जपड़ताल की। हालांकि पुलिस ने यह कहते हुए मामले को अपने क्षेत्राधिकार से बाहर बताया कि मसेनी चौराहा थाना कादरी गेट क्षेत्र में नहीं आता। बाद में संबंधित थाने को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुकान में पुरानी टंकी का उपयोग किया जा रहा था और उसमें किसी तरह की नियमित जांच नहीं होती थी। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे गैस टैंक और एयर कम्प्रेशर की दुकानों की जांच कराई जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। हादसे के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है और कई दुकानदारों ने कुछ समय के लिए अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए।

## मामूली बात पर चचेरे भाइयों ने युवक को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव नरसिहपुर निवासी संजय वाल्मीकि उम्र 24 वर्षीय पुत्र शिवरतन वाल्मीकि ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह हल्का पैर से विकलांग होने के कारण लाठी का सहारा लेकर झब्बूपुर नहर घूमने गया था। वहाँ पर मौजूद उसका चचेरा भाई रिशव पुत्र विपिन उसकी लाठी उठाकर चलने लगा। देख लेने पर संजय ने कहा हमारी लाठी क्यों लेकर जा रहे हो। जब वह सभी लोग वापस घर लौटकर आये, तो संजय उनके घर शिकायत करने गया। इसी बात पर चचेरे भाई धर्मवीर वाल्मीकि, अरुन वाल्मीकि, सुनीता पत्नी वीरपाल ने उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। संजय द्वारा गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने संजय को जमीन पर गिराकर लात-घूसों से मारापीटा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उक्त चचेरे भाईयो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर संजय का मेडीकल परीक्षण करवाया।


विकलांग युवक को पीटते दबंग

## प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने ग्रामीणों से किया संवाद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद भ्रमण पर आये प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने गांव की जनता व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व समूह की महिलाओं से संवाद कर जमीनी हकीकत जानी।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिलखाना में भ्रमण कर आधा दर्जन प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने जनता, समूह की महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद किया। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर गांव में स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही अधिकारियों ने ग्रामीणों से भी अपने आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। अधिकारियों ने कहा कि साफ-सफाई से बीमारियां हमसे दूर रहती हैं। अधिकारियों ने कहा कि यदि सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझकर कार्य करें, तो कभी कोई परेशानी ही नहीं आये। उसके बाद आरआरसी सेंटर का भ्रमण कर ग्राम पंचायत में कूड़ा कलेक्शन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गई तथा वर्मी कंपोस्ट में केंचुए से कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया देखी। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेश कुमार सिंह, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार, मोतीलाल यादव, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार, बृजेश यादव, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार और इंचार्ज सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय, ग्राम प्रधान प्रीति देवी, ग्राम प्रधान प्रथम सुनील कुमार, मेरापुर थाना अध्यक्ष अजब सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


महिलाओं से संवाद करते अधिकारी

## खबरें एक नजर में

### मोटरसाइकिल की टक्कर से दो भाई घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव जिराऊ निवासी दीपान्शू यादव उम्र 18 वर्षीय पुत्र जाघन उर्फ अरविन्द यादव अपने भाई जयचन्द्र को बाइक पर बैठालकर कायमगंज आ रहा था। जैसे ही वह रेलवे क्रासिंग के निकट पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दीपान्शू व उसका भाई जयचन्द्र घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर दीपान्शू को फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बाइक फिलसने से मां-बेटा घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव नरसिंहपुर निवासी जसोदा उम्र 45 वर्षीय पत्नी जहीर अपने बेटे सुमित की बाइक पर पीछे बैठकर कायमगंज नगर के डाकखाने में आधार कार्ड संशोधन करवाने के लिए आ रही थी। जैसे ही वह पुलगालिब पुलिया के निकट पहुंची, तभी बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार मॉ बेटे गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ उपचार जारी है।

### मांगों को लेकर मंगलवार को भी जारी रहा भाकियू अखंड प्रदेश का धरना

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन (अखंड प्रदेश) का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा।

धरना स्थल पर पहुंचे उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी और कोतवाली प्रभारी मोहम्मद कामिल खान ने किसानों से बातचीत कर आंदोलन समाप्त करने का आग्रह किया, लेकिन किसानों ने इनकार कर दिया। ज्ञात हो विगत रात धरना स्थल पर एक किसान नेता की तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। किसानों ने बताया कि कायमगंज क्षेत्र के ग्राम नगला सेठ निवासी रामतीरथ ने अपनी पत्नी रानी राठौर के नाम से झटपट योजना के तहत विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, लेकिन विभाग ने गलत रिपोर्ट लगाकर कनेक्शन रोक दिया। किसानों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सही रिपोर्ट लगाई जाए। संगठन ने कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेजए कायमगंज में प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों से मानक से अधिक फीस वसूलने की शिकायत की है। किसानों ने इस पर उचित जांच कर कार्रवाई की मांग रखी। इसके अलावाए किसानों ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा शिवरई मठ में दबंगों ने अंबेडकर भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की। किसान नेताओं ने ट्रांसपोर्ट चौराहा से रेलवे स्टेशन तक फैले अतिक्रमण को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि 14 सितंबर 2023 को जिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन नगर पालिका ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। संगठन ने यह भी मांग की कि गांव झाब्बूपुर के मजरा लटूर नगर में शीघ्र ही बिजली के खंभे (बंच) डलवाए जाएं, ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## दिल्ली में हुए ब्लास्ट को लेकर पुलिस एलर्ट मोड पर

**▸ नगर में एएसपी ने चलाया सघन चेकिंग अभियान**
**▸ कमालगंज में भी पुलिस ने चलाया अभियान**

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के निकट हुए धमकों से पूरे देश में हाई एलर्ट घोषित है। जगह-जगह तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में भी पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं कई होटलों एवं लाल गेट चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। शहर के लालगेट चौराह पर लंबी दूरी के संदिग्ध वाहनों को भी रोककर चेक किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिल्ली में हुए धमाके के बाद सभी प्रमुख शहरों में सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। जनता से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और सतर्क रहें। दिल्ली के लाल किला के पास हुए ब्लास्ट के बाद कमालगंज पुलिस सक्रिय हो गई। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। सोमवार की रात सीओ अमृतपुर संजय वर्मा और इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कमालगंज रेलवे स्टेशन तिराहे पर मोर्चा संभाला। इस दौरान वहां से गुजरने वाले कार और बाइक सवारों की गहनता से जांच की गई। इसके अतिरिक्त पुलिस टीम सीधे रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां यात्रियों के सामान और बैग की भी जांच की गई। पुलिस का यह अभियान दिल्ली की घटना के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से चलाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह सघन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।


नगर में तलाशी अभियान चलाते एएसपी

## लूट व गैंगरेप के मामले में दोष सिद्ध

**▸ सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 15 नवंबर की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-5 न्यायाधीश रितिका त्यागी ने गैंगरेप व लूट के मामले में अतिराज पुत्र रतिराम निवासी ग्राम इस्माइलपुर मिर्जापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 15 नवंबर की तिथि नियत है। जानकारी के अनुसार बीते 27 वर्षों पूर्व थाना मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम करवलपुर निवासी श्रीकृष्ण पुत्र मलखान सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24/25 जनवरी 1998 की रात को सपरिवार अपने घर में सो रहा था। देर रात घर में कई लोग घुस आए और मेरे घर में रखे बक्सों से सामान निकालकर ले जाने लगे। मेरी पत्नी व पुत्र ने सामान ले जाने का विरोध किया, तो कहा कि हम पुलिस वाले हैं। मैंने उनके हाथों में देशी बंदूक, तमंचे देख लिए, तो मैं चिल्लाया, तो पत्नी व हमको मारापीटा और पत्नी व बच्चों को ले जाकर कमरे में बंद कर दिया। जैसे-तैसे मैं खुलकर भागा और चिल्लाता हुआ गांव की तरफ गया। जिस पर बदमाशों ने फायरिंग शुरु कर दी तथा सामान लेकर हरि सिंह, भँवरपाल, अतिराज लेकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर हरि सिंह ठाकुर, अतिराज के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के समय हरि सिंह ठाकुर की मौत हो गई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अतिराज को दोषी करार दिया हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 15 नवंबर की तिथि नियत की गयी है।

## हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के आरोपी को जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने सचिन पुत्र स्व0 भूरेलाल उर्फ राजाराम निवासी टिकुरियन नगला कोतवाली फर्रुखाबाद को हत्या के मामले में आजीवन कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते तीन वर्षों पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के ग्राम टिकुरियन नगला निवासी पेशकार पुत्र फकीरेलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 23 जनवरी 2022 को सुबह लगभग आठ बजे मेरा पुत्र राजन 20 वर्षीय जो कि आग के सहारे तापने लगा था। उसी समय सचिन ने राजन के ऊपर लोहे की कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। राजन वहीं पर गिर गया। सूचना मिलने घायल को उपचार के लिए डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में ले गया। डाक्टर ने एडमिट करने से मना कर दिया। उसके बाद प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। गांव के लोगों ने राजन को बचाने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के मामले में सचिन के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व जिला शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश नीरज सिंह ने सचिन को आजीवन कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एनसीसी कैडेट्स ने किया कार्यक्रम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यूनिट 4 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कर्नल विजेंद्र शारदा के निर्देशन में सब यूनिट शकुंतला देवी बालिका इंटर कॉलेज कायमगंज की 120 एनसीसी कैडेट्स द्वारा वंदे मातरम् को एक स्वर में गया।

वंदे मातरम् का वो स्वर जो आज भी हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की ज्वाला जलाता है, त्याग, बलिदान और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा यही है असली भारत की पहचान। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव, एनसीसी सह अधिकारी लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा, यूनिट से आए नायक सुधीर के साथ ममता सिंह, संतोष शर्मा, सायना खान, मनीष गौर, विकास श्रीवास्तव, लक्ष्मी गंगवार आदि उपस्थित रहें।



वंदे मातरम् गीत का गायन करते एनसीसी कैडेट्स व कर्नल आदि

## महिला ने लगायी गंगा में छलांग, गोताखोरों ने बचाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तनाव में आकर एक महिला ने गंगा में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गोताखोरों की तत्परता से महिला की जान बच गयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार औरैया जनपद के बिधूना स्थित ट्रांसफार्मर वाली गली निवासी राकेश चंद्र गुप्ता की पत्नी राममोहिनी बीते शुक्रवार को अपनी बेटी साधना जो कन्नौज जिले के सिकंदरपुर कस्बे में रहती है, के पास आई थीं। मंगलवार सुबह वह अचानक घर से निकलीं और पांचाल घाट पहुंच गई। वहां पहुंचते ही उन्होंने गंगा नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने यह दृश्य देखा तो शोर मचाया। इस बीच घाट पर मौजूद गोताखोरों ने तुरंत नदी में कूदकर महिला को बाहर निकाल लिया। इसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला को लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने बताया कि महिला मानसिक तनाव में थी। जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। महिला का उपचार जारी है।


लोहिया अस्पताल में भर्ती महिला

## डीएम ने ली पुस्तकालय समिति की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिलारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पुस्तकालय में कैरियर काउंसलिंग कैम्प को लगातार चलाया जाये। पुस्तकालय में पी0एम0 सूर्यघर योजना से सोलर कनेक्शन लगवाया जायें। जनपद में संचालित सभी लाइब्रेरी का रजिस्ट्रेशन कराया जाये और उनमें सुरक्षा के सभी मानक पूरे किये जायें। डिजिटल पुस्तकालय हेतु राजकीय इंटर कालेज में जमीन को चिन्हित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी और संबंधित मौजूद रहे।

## तय शादी करने से इन्कार करने पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

अतिरिक्त दहेज में बाइक व नगदी ने देने से एक दिन पहले युवक ने शादी से इनकार कर दिया। युवती के पिता ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस ने युवक व उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का विवाह क्षेत्र के गांव टिकुरिया नगला निवासी विपिन के साथ तय किया था। उन्होंने छः माह पूर्व गोद भराई सहित विवाह की अन्य रस्में पूरी कर ली थीं। शादी 6 नवंबर 2025 को शादी युवती के घर पर होनी थी। पिता के अनुसार उनका करीब ढाई लाख रुपये खर्च हो चुका है। उन्होंने शादी के कार्ड छपवा रिश्तेदारों में बाँट दिए थे। शादी से एक दिन पूर्व विपिन ने शादी करने से मना कर दिया। युवती के पिता ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पीड़ित की तहरीर पर आरोपित विपिन व उसके पिता साहब सिंह के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### पैतृक जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पैतृक जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर दबंगों ने मां व बेटों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पीड़ित के पिता रामनरायण पुत्र चेतराम व रामचंद्र व दफेदार पुत्रगण नत्थू के नाम पैतृक आराजी का उक्त के जीवन काल में ही आपसी बटवारा हो गया था। अब सभी लोग फौत हो गये है। पीड़ित अपने पिता रामनरायण के अंश की आराजी पर काबिज है। जिसकी चौहद्दी में पूरब खेत, पश्चिम खेरू सिंह की जगह, दक्षिण खाली जगह, उत्तर सड़क व श्रीकिशन आदि की आराजी है। उक्त आराजी पर सह अंश धारक जो ज्यादा ताकतवर भूमाफिया गुंडा किस्म के हैं जिनमें उमेश व रामआसरे पुत्रगण चेतराम व मोहित व पंकज पुत्रगण रामआसरे जब पीड़ित की माँ ऊषा देवी दिनांक. 06.11.2025 को कंडे पाथ रही थी, तो उक्त लोगों ने मां बहन की गंदी-गंदी गाली देकर कहने लगे कि इस आराजी में हिस्सा नहीं देंगे और मारपीट करने लगे। जिससे माँ की पसलियों में गंभीर चोटें आईं। मैं तथा मेरा भाई सुमित जो आँखों से विकलांग है, बचाने लगे, तो मुझे व मेरे भाई सुमित को भी मारा। उक्त लोग मेरी आराजी पर जबरदस्ती बिना किसी अधिकार के कब्जा कर लेना चाहते व मारपीट कर जमीन हड़प लेना चाहते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## छात्रा के गायब होने के मामले में वार्डन समेत तीन को नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

छात्रा के स्कूल से गायब हो जाने के मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने लापरवाह वार्डन समेत तीन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। राजेपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सोमवार तड़के कक्षा 6 में अध्ययनरत 12 वर्षीय छात्रा सोना पुत्री विजय शंकर निवासी कादरीगेट सुबह करीब 4:50 बजे रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। जब वार्डन ममता रानी ने सुबह सभी छात्राओं को जगाया, तो सोना अपने बिस्तर पर नहीं मिली। तत्काल विद्यालय परिसर में खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वार्डन ने संबंधित अधिकारियों को सूचना दी। करीब सुबह 8 बजे छात्रा अपने घर पहुंच गई। जिसके बाद परिजनों ने विद्यालय प्रशासन को सूचित किया कि बच्ची सुरक्षित घर आ गई है। वार्डन ममता रानी ने पुष्टि की कि छात्रा सकुशल लौट आई है। इस घटना ने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर कई गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। विद्यालय के मुख्य द्वार पर गार्ड की मौजूदगी के बावजूद छात्रा का बिना किसी की नजर में आए बाहर निकल जाना सुरक्षा प्रबंधन की पोल खोलता है। बीएसए अनुपम अवस्थी ने बताया कि इस मामले में वार्डन ममता रानी, चौकीदार दिनेश मिश्रा और रात्रि ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी विनीत कुमार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। इस घटना ने कस्तूरबा विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदारों की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

# विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर किया गया सम्मानित

▸ जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में जिला विज्ञान क्लब द्वारा जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने किया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से नव प्रवर्तकों के चयन हेतु प्रत्येक वर्ष जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनीका आयोजन कराया जाता है। जिसमें असंगठित क्षेत्र के किसान, कारीगर, शिल्पकार, मजदूरों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाती है। नवाचार करने पर परिषद द्वारा पेटेंट भी किया जाता है। प्रदर्शनी में नव प्रवर्तक बालेंद्र मिश्रा मोबाइल बेस्ड इलेक्ट्रिकल डिवाइस बनाने पर प्रथम पुरस्कार 8000 की धनराशि,


कार्यक्रम में सम्मानित होते विजेता

आदित्य माथुर इलेक्ट्रिकल व्हीकल पर द्वितीय पुरस्कार 5000 की धनराशि, रुद्र प्रताप सिंह पेंसिल स्केच तृतीय पुरस्कार 3000 की धनराशि प्रदान की गई। सांत्वना पुरस्कार में आकाश साग काटने की मशीन, यश शुक्ला सिक्योरिटी अलार्म, गीतांजलि चूड़ियां, श्रीकांत हाइब्रिड साइकिल, अशोक कुमार शुक्ला देसी दवाइयां बनने पर 2000 की धनराशि प्रदान की गई। समस्त को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में आरपी डिग्री कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विनायक पांडे, प्रधानाचार्य बलविंदर सिंह, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य किशोर, पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन उपस्थित रही। जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने जिला विज्ञान क्लब की प्रस्तावना प्रस्तुत की और कहा कि जनपद के नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संचालन गणित शिक्षिका ज्योति ने किया। पंजीकरण का कार्य शैलजा मौर्य निर्मला सिंह ने किया। कार्यक्रम में अर्चना गुप्ता, आरती यादव, बबीता, उषा देवी, मीना, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन


चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्थापना दिवस 10 नवंबर को उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल ने फर्रुखाबाद का इतिहास पढ़कर सुनाया तथा बच्चों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से शहर के बारे में जानकारी प्राप्त करवाई। मीनाक्षी और राधा के मार्गदर्शन में छात्रों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता, भाषण तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवंबर को विद्यालय में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ वंदे मातरम् गीत गाया। शिवानी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाएँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नशा मुक्ति अभियान सेवा सप्ताह रन फॉर हेल्थ के तहत बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज एवं रस्तोगी इंटर कॉलेज रेलवे रोड में नशा मुक्ति अभियान के लिए संगोष्ठी का आयोजन हुआ। युवाओं को नशा मुक्त रहने के लिए शपथ दिलाई गई। जिसके तहत युवाओं को दौड़ लगवाई गई एवं युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। भारत सरकार भी इस कार्यक्रम के तहत हम लोगों के साथ मिलकर कार्यक्रम कर रही है। इस मौके पर विभाग संयोजक बजरंग दल अभिषेक, जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद अखिलेश मिश्रा, जिला सहसंयोजक रोहन मिश्रा, जिला संयोजक दुर्गा वाहिनी विधि सिंह, सिद्धांत सिंह, प्रवीण अवस्थी, आर्यन मिश्रा, नयन जैन, श्रवण, उपासना, अनुज, आर्यन वर्मा, आकाश प्रजापति, कार्तिक सक्सेना आदि मौजूद रहे। साथ ही दिल्ली में हुए कायराना हमले के अंतर्गत 2 मिनट का मौन रखवाया गया।


नशा मुक्त कार्यक्रम में मौजूद छात्र

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साईकिल सवार वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के गांव भीम नगर निवासी 55 वर्षीय कृपाल सिंह जाटव मंगलवार दोपहर साईकिल से दवाई व डीजल लेने कंपिल आए थे। जैसे ही वह कंपिल सिवारा मार्ग पर गांव रुस्तम नगर के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार थाना कादरीगेट के पांचाल घाट निवासी दिलावर, जुम्मन व राशिद


मृतक का फाइल फोटो

उछलकर सड़क पर जा गिरे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को लोहिया रेफर किया गया। सूचना पर


जांच पड़ताल करती पुलिस

सीएचसी पहुंचे वृद्ध के स्वजन विलाप करने लगे। मृतक की पत्नी सुमन देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के पुत्र बृजेश की मौत तीन वर्ष पहले हो चुकी है। शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। घायल युवकों के स्वजनों के अनुसार दिलावर के चाचा नूर नवी असलम की पुत्री नाजो की शादी की वलीमा की दावत खाकर युवक वापस लौट रहे थे। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला पंचायत सदस्य की मां का निधन

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला सिकंदरपुर महमूद निवासी आशा रानी पत्नी प्रेम चंद्र राजपूत का सोमवार की रात अचानक पेट में तेज दर्द उठने से निधन हो गया। परिजन उन्हें तत्काल स्थानीय चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिवंगत आशा रानी वर्तमान जिला पंचायत सदस्य कुंअर जीत राजपूत एवं सभासद नितिन राजपूत की माता थीं। वे पूर्व में साधन सहकारी समिति की डेलीगेट भी रह चुकी थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, आशा रानी अपने सौम्य स्वभाव और सामाजिक योगदान के लिए क्षेत्र में अत्यधिक लोकप्रिय थीं। उनके असमय निधन से परिवार समेत पूरे इलाके में गहरा शोक व्याप्त है।


मृतका की फाइल फोटो

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों में महिलाओं व छात्राओं को एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने जागरुक किया।

महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत ग्राम खेतलपुर सीरिया में पंचायत भवन में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। वहीं मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत थाना कोतवाली फतेहगढ़ द्वारा राष्ट्रीय बालिका इंटर कॉलेज कानपुर रोड फतेहगढ़ में जाकर बालिकाओं एवम् महिलाओं को सशक्त और जागरुक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आरपी इंटर कॉलेज थाना कमालगंज में जाकर बालिकाओं को जागरूक किया गया। कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र में महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया गया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। इसी के साथ कायमगंज के कस्बा के एमकेए सद्दीकी स्कूल में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सभी को सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया। पुलिस ने टीम ने महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया गया।


महिलाओं को जागरुक करती एंटी रोमियो टीम


छात्राओं को जागरुक करती महिला सिपाही

# पटेल जयंती के उपलक्ष्य में चारों विधानसभा में निकाली जायेंगी पदयात्रा

▸ कलेक्ट्रेट में तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनपद की चारों विधानसभा की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई।

आगामी कार्यक्रम सरदार पटेल की पदयात्रा अमृतपुर की 15 नवंबर को, सदर फर्रुखाबाद की 17 नवंबर को, कायमगंज की 19 नवंबर को, भोजपुर की 20 नवंबर को निकाली जायेगी। विधानसभा में तैयारी बैठक हेतु जिलाध्यक्ष भाजपा फतेहचंद राजपूत, सीडीओ विनोद कुमार गौड़, डीडीओ श्याम कुमार तिवारी, जिला महामंत्री डीएस राठौर, जिला उपाध्यक्ष जय गंगवार, वीरेंद्र कठेरिया, अशनील दिवाकर, जिला मंत्री अभिषेक बाथम, मंडल अध्यक्ष भाजपा नवाबगंज कमल भारद्वाज एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद अधिकारी व भाजपा नेता

# श्रीमद् भागवत से सर्वभय एवं मृत्युभय का नाश होता है: राममूर्ति महाराज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर आचार्य राममूर्ति मिश्र महाराज ने कहा कि परमात्मा के दर्शन के तीन प्रकार शास्त्रों में बताये गये है। प्रथम स्वप्न में प्रभु की झांकी यह साधरण दर्शन व मंदिर एवं मूर्ति में प्रभु का दर्शन यह मध्यम दर्शन एवं ईश्वर का अपरोक्ष दर्शन यह उत्तम दर्शन है। लोको रोड फतेहगढ़ में चल रही कथा के द्वितीय दिवस पर आचार्य राममूर्ति मिश्र महाराज ने कहा कि जीव जब ईश्वर का अपरोक्ष दर्शन करता है तभी कृतार्थ होता है। सब में परमात्मा का अनुभव करते-करते उसे जीव को अपने स्वरुप में भी परमात्मा का अनुभव होता है। श्रीनारायण की पहचान करने वाला और श्रीनारायण में लीन होने का साधन एवं श्रीमद् भागवत शास्त्र है। श्रीमद् भागवत से सर्वभय एवं मृत्युभय का नाश हो जाता है। ऐसे ही मंगलाचरण का विशेष महत्व होता है। प्रथम दिवस पर मंगलाचरण गायन के साथ शुभारम्भ हुआ था। घर से निकलते समय हमारे बुजुर्ग मंगलाचरण करते है। ऐसे ही ईश्वर से आभार और क्षमा याचना के साथ हमें शयन करना चाहिए। इस मौके पर आचार्य अविनाश पाण्डेय, गुंजा जैन, गोविन्द पाण्डेय, दीक्षा पाण्डेय, शिवकुमार शास्त्री, सरला पाण्डेय, रामवीर चौहान, राजेन्द्र त्रिपाठी, सुरेन्द्र सफ्फड़, मनोज महरोत्रा, सभासद बिटान देवी आदि लोग मौजूद रहे। संचालन अंजुम दुबे ने किया।


प्रवचन करते राममूर्ति महाराज मौजूद भक्तगण

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

▸ विजेता खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला ताइक्वांडो एशोसिएशन के द्वारा तृतीय जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन तिसरे दिवस मंगलवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्टस स्टेडियम फतेहगढ़ में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का समापन सिखलाई रेजीमेंट के ब्रिगे0 मनीष जैन ने किया। जिला ताइक्वाण्डो एसोसिएशन की अध्यक्ष डा0 रजनी सरीन, पर्यावरण विशेष गुन्जा जैन, अंजुम दुबे अध्यक्ष जिला ओलम्पिक संघ, लक्ष्मण टण्डन, योगेश शुक्ला, सुशांत गुप्ता, लक्ष्मण अवार्डी, वासुकी नाथ ओझा, शीष मेहरोत्रा द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों को आशिर्वाद, एवं शुभकामनाएं दी गई। निर्णायक की भूमिका में सनी दिवाकर, निकेता दुबे, सिमरन कन्नौजिया, रसिका यादव, सिद्धि कुशवाहा, कशिश, मुस्कान राजपूत, रूबी, आदित्य राठौर, मुस्तफीज रहमान, उपासना, दिपांजली बाथम मौजूद रहे। अजय प्रताप सिंह सचिव जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन, कर्मवीर सिंह यादव क्रीड़ाधिकारी, सहयोगी अभिभावक के साथ शिखर रस्तोगी, सिद्धार्थ मिश्रा, श्रीमती दीप्ती, अरूण प्रताप सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया, साथ ही सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में विजेता सब जूनियर अंडर-25 में अर्नव कुमार शाक्य प्रथम, अंश यादव द्वितीय, प्रिंस कुमार तृतीय रहे। सब जूनियर अंडर-27 में आयुष राज प्रथम, अद्विक सक्सेना द्वितीय, विराट राजपूत तृतीय रहे। सब जूनियन अंडर-32 में अक्षत सिंह चौहान प्रथम, अर्श गौतम द्वितीय, आदित दुबे तृतीय रहे। अंडर-35 में कृष्णा राठौर प्रथम, धनंजय प्रताप सिंह द्वितीय, अंश प्रताप सिंह तृतीय रहे। अंडर-38 में अरिहंत गंगवार प्रथम, पार्थ दुबे द्वितीय, तनिष्क सिंह तृतीय रहे। अंडर-41 में मृत्युंजय मिश्रा प्रथम, अवान अहमद द्वितीय रहे। अंडर-44 में तेजस रजावत प्रथम, रुद्र द्वितीय, साहिल कुमार तृतीय रहे। अंडर-50 में देवांश प्रथम, यश कुशवाहा द्वितीय, अर्थव कुशवाहा तृतीय रहे। अंडर-29 बालिका वर्ग में वैष्णवी प्रथम, सानवी द्वितीय, आराध्या दुबे तृतीय रही। अंडर-33 में वैष्णवी प्रथम, सिद्धी सिंह द्वितीय, अनुप्रिया तृतीय रही। अंडर-37 में आराध्या पाल प्रथम, अनुष्का कुशवाहा द्वितीय, अक्षिता तृतीय रही। अंडर-41 में अनुष्का अग्रवाल प्रथम, अरयाही द्वितीय, आभ्या सिंह तृतीय स्थान पर रही। सभीइ विजेता खिलाड़ियों को प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह ने प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। धन्यवाद डॉ. रजनी सरीन ने ज्ञापित किया।


विजेता खिलाड़ी के साथ मुख्यअतिथि आदि

## पीडीए जनचौपाल साइकिल यात्रा को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने किया रवाना

बांदा। पीडीए जनचौपाल साइकिल यात्रा को आज 31 वें दिन माखनपुर से प्रधान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्यामशरण पटेल ने झंडी दिखाकर रवाना किया जो पिपरा रनखेरा गोपरा शहबाजपुर पुकारी धोबिन पुरवा खलारी मोहनपुरवा नेधुवा बड़ैछा तुलापुर पंचमपुर गुढ़ा कनाय मोटपुरवा करतल पोंगरी बंजारा से नहरी तक चली। नेधुवा गांव में आयोजित पीडीए जनचौपाल में यात्रा नायक आलोक यादव ने बताया कि एस आई आर में सभी मतदाताओं को मुस्तैदी के साथ अपने वोटों को कटने से बचाना पड़ेगा। जब 2027 में समाजवादी सरकार बनेगी तो सभी की समस्याओं का समाधान होगा। यात्रा में पंकज सिंह रुद्रप्रताप राकेश फूलचंद्र धर्मेन्द्र रोहित मुलायम रवि मोहित कमल यादव सत्यनारायण यादव आदि लोग शामिल रहे।

# थाना अतर्रा पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में यातायात जागरुकता माह नवंबर के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु व्यापक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में आज क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार के नेतृत्व में थाना अतर्रा पर ई-रिक्शा चालकों को एकत्रित कर उन्हे यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया । इस दौरान उन्हे अपने-अपने ई-रिक्शा की नंबरिंग कराने, अपने नाबालिग बच्चों को ई-रिक्शा न चलाने देने आदि के बारे में जानकारी दी गई । कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे- मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । इस दौरान उपस्थित लोगों को वर्तमान में आधुनिक तरीकों से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।

जिसमें- केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगना। ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर करना।

## तहसील न्यायालय में भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहे विरत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** रेवेन्यू बार एसोसिएशन तहसील कायमगंज के अधिवक्तागणों के द्वारा दिनाँक 31.10.2025 को दिये गये प्रार्थना पत्र पर एक आकस्मिक बैठक अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई। जिसमें तहसील न्यायालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एव पीठासीन अधिकारियों की मनमानी व पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर कोई विधिक कार्यवाही न होने पर विरोध स्वरूप रेवेन्यू वार एसोसिएशन कायमगंज के समस्त अधिवक्ता आज न्यायिक कार्य से विरत रहे। यह जानकारी रेवेन्यू बार एसोशिएसन अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव ने दी।

# बहन के यहां रह रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान


जांच पड़ताल करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहन के यहां रह रहे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमापुर में अपनी बहन के यहां रह रहे जनपद शाहजहांपुर के नवादा इंदरपुर चौकी निवासी मुकेश उर्फ विक्की 35 वर्ष ने देर रात गांव के ही रामपाल जाटव के खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

उपनिरीक्षक सत्यदेव ओझा ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण ने एक पेड़ पर अंगोछे से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मामले की जांच की जा रही है।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव गूजरपुर निवासी मिलन सिंह उम्र 36 वर्षीय पुत्र नेम सिंह ठाकुर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसके गाँव के अनिल के यहाँ आया उनका साला राहुल पुत्र गुड्डू निवासी गंजडुंडवारा मिलन से मजाक में गाली-गलौज करने लगा। जब हमने राहुल से मना किया कि तुम क्यों हमारे साथ गाली-गलौज कर रहे हो। इसी बात पर अनिल ने उसके मुँह पर घूंसा मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मिलन का कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडीकल परीक्षण करवाया।

## सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत अजीजाबाद, शमशाबाद की अल्पकालीन निविदा दिनांक 7 नवम्बर 2025 को प्रकाशित की गई। जिसकी खुलने की दिनांक 4 नवम्बर से 12 नवम्बर 2025 थी, भूलवश 10 नवम्बर 2025 तिथि प्रकाशित हो गयी थी, जिसे शुद्ध कर 10 नवम्बर के स्थान पर 12 नवम्बर पढ़ा जाये।

# छह प्रशिक्षु आईएएस ने प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से पूछा सवाल,झाड़ू लगाकर की साफ-सफाई



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** छह प्रशिक्षु आईएएस की छह सदस्यी टीम ने प्रवास के दौरान दूसरे दिन मंगलवार को प्रशिक्षु आईएएस गंगा धारी विक्रम, डंडिन वांग चु, सुष्टि सुरेश, मोना जखर, प्रिया राजन, योगेश राजपूत ने क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रवास के दौरान आकांक्षी ब्लॉक हलिया के ग्राम पंचायत गोर्गी स्थित प्राथमिक विद्यालय कोठी कला पहुंचकर प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार से विद्यालय की छात्राओ की संख्या पूछा उन्होंने बताया कि 106 छात्र है जिसमें 80 छात्र छात्राएं उपस्थित हैं। खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद यादव ने बताया कि प्रधानाध्यापक के अलावा विद्यालय में सहायक अध्यापक अभिमन्यु पांडेय व राम सूरत यादव शिक्षा मित्र रामसागर नियुक्त है।एमडीएम के मीनू की जानकारी व छात्रों से शासन से मिलने वाली सुविधा के बारे में पूछा।कक्षा 4 की छात्र अजीत कुमार से 19 का पहाड़ा तथा बालिका राधिका से 17 का पहाड़ा पूछा तथा कक्षा 5 में प्रीति से गुणा व आइ एम इंडियन व लव इन कंट्री ब्लैक बोर्ड लिख कर हिंदी अनुवाद कराया सभी बच्चों को सही उत्तर देने पर शिक्षकों को धन्यवाद दिया और बच्चों में टॉफी वितरित किया। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर नन्हे बच्चों से गीत सुना तथा आंगनबाड़ी बच्चों में टॉफी वितरित किया।वही रामबली मौर्य का कच्चा मकान दिखा प्रधानमंत्री आवास के संबंध में जानकारी ली ग्राम प्रधान रमेश मौर्य ने बताया कि सूची में नाम प्रस्तावित है। धन आने पर प्रधानमंत्री आवास बनेगा इसके बाद रामबली मौर्य द्वारा की गई सब्जी की खेती में बैगन, मिर्च, हल्दी की खेती को देखा। इसके बाद बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी के साथ सभी प्रशिक्षु आईएएस स्वच्छता हीं सेवा के तहत सड़क पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया और लोगो को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया है पंचायत भवन पर जीपीडीपी बैठक में भाग लेते हुए ग्राम पंचायत के विकास की योजनाओ को समझा है इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, बीईओ प्रकाश चंद्र यादव, एडीओ एसटी सुशील कुमार सिंह सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेन्द्र राय,सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार मौर्य, बाल कृष्ण, ग्राम प्रधान गुर्गी रमेश मौर्या, राजेश कुमार यादव, सूरज मौर्य, राजेश अग्रहरि, कौशल सिंह आदि मौजूद रहे।

# कंबाइन की चपेट में आने से महिला की मौत, पति घायल

**घटना में अनवर अली पुत्र इशाक व पत्नी सदीखून निशा (36 वर्ष) दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए**

समृद्धि न्यूज

**महाराजगंज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बागापार टोला लखनपुर में शनिवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, अनवर का लड़का सलमान कुछ दिन पूर्व मुंबई कमाने गया था। अपने माता पिता को फोन कर बताया कि मैं घर आ रहा हूं। महराजगंज बस स्टेशन पहुंचने वाला हूं। इतने में माता पिता दोनों एक साथ अपने मोटरसाइकिल से महराजगंज जा रहे थे कि समय करीब आठ बजे जैसे ही कोतवाली थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग स्थित पेट्रोलपंप के समीप ही पहुंचे की सड़क हादसे के शिकार हो गए।

इस घटना में अनवर अली पुत्र इशाक व पत्नी सदीखून निशा (36 वर्ष) दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने सदीखून निशा को मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि घायल पति अनवर का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा हैं। घटना की सूचना चिकित्सकों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बागापार चौकी प्रभारी मनीष कुमार पटेल अपने सहयोगियों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कंबाइन चालक मशीन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार चालक और वाहन की तलाश शुरू कर दी है। गाँव में इस हादसे के बाद शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ऑपरेशन कायाकल्प :पंचायत भवनों की बदलती तस्वीर ने गांवों को बनाया आदर्श

**आपरेशन कायाकल्प योजना के तहत जनपद की आधुनिक पंचायत भवनें बनी आकषर्ण का केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर गांव स्वर्ग से सुंदर के सपने को साकार करने के लिए सरकार ने इस योजना की शुरुआत की**

समृद्धि न्यूज

**महाराजगंज।** जनपद में पंचायतीराज विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कायाकल्प ने ग्रामीण विकास की दिशा में एक बदलाव ला दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर गांव स्वर्ग से सुंदर के सपने को साकार करने के लिए सरकार ने इस योजना की शुरुआत की है जिसका असर अब गांवों की तस्वीर में साफ नजर आने लगी है। जनपद के सदर ब्लॉक का पंचायत भवन चेहरी, मिठौरा ब्लॉक का सोनवल, परतावल ब्लॉक का सेमरा चंदौली और फरेंदा ब्लॉक का छितही बुजुर्ग ग्राम पंचायत भवन आधुनिकता की मिसाल बन चुकी हैं। इन भवनों की भव्यता और सुविधाएं किसी वीआईपी होटल से कम नहीं हैं। कायाकल्प योजना के तहत बने इन भवनों में एसी युक्त सभागार, ग्राम प्रधान और सचिव के लिए अलग-अलग कक्ष, ग्राम पंचायत सहायक का कमरा, पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, एक सुसज्जित किचन और सुंदर फूलों की क्यारियां शामिल हैं। श्रेया मिश्रा, डीपीआरओ, महराजगंज ने कहा, 'ग्राम पंचायतों में कायाकल्प योजना के तहत आधुनिक पंचायत भवन निर्माण किया जा रहा है।एसी सभागार,कार्यालय कक्ष, शौचालय,किचन व सीसीटीवी जैसी सुविधाओं से लैस यह भवन अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा है। जनपद की अन्य पंचायतों में भी इसी तर्ज पर किया जाना प्रस्तावित है। जिससे ग्रामीण प्रशासन में सुधार हो।

## खबरें एक नजर में

### पंचशील पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद व संस्कृतिक कार्यक्रम

समृद्धि न्यूजहलिया (मिर्ज़ापुर)। क्षेत्र के मवई कला गांव स्थित पंचशील पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेल दिवस पर वार्षिक खेलकूद व संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमे पंचशील पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं प्रतिभाग करेंगे कार्यक्रम में छात्र छात्राओ के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया है। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओ का उत्साह वर्धन करें। इस संबंध में पंचशील पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अलोक कुमार मौर्य ने बताया की छात्र छात्राओ को खेलकूद के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमे छात्र छात्राओ के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया है जो स्कूल पहुंचकर छात्र छात्राओ का उत्साह वर्धन करने का काम करेंगे।

### जनपद स्तरीय अधिकारी बिना जिलाधिकारी की अनुमति नहीं छोडेंगे मुख्यालय

समृद्धि न्यूज मिर्जापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जारी आदेश के तहत अधोहस्ताक्षरी (जिलाधिकारी) से अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय से बाहर चले जाना अत्यंत आपत्तिजनक है। उन्होंने भविष्य मे यदि किसी जनपदीय अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय से बाहर जाते है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रायः यह देखने मे आया है कि अवकाश के दिनों में शासन से मांगी जाने वाली सूचनाओं की आख्या जनपद स्तरीय अधिकारियों से मांगे जाने पर ज्ञात होता है कि वे जनपद मुख्यालय पर नहीं है, और अपनी आख्या समय से उपलब्ध नही करा पाते है जिससे शासन के समक्ष जिला प्रशासन की छबि खराब होती है। जनपद स्तरीय अधिकारियो को निर्देशित किया जाता है कि जिलाधिकारी पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय से बाहर कदापि न जाए।

### मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओ व महिलाओ को हेल्पलाइन नंबरों कीदी जानकारी



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु हलिया में सोमवार को मिशन शक्ति प्रभारी रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश मौर्या व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बालिकाओ व महिलाओ को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया छात्राओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश मौर्या, महिला कांस्टेबल पूजा चौहान रही।

### शांति व्यवस्था भंग करने पर चार आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज महराजगंज। श्यामदेउरवां थाना पुलिस ने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था भंग करने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ और क्षेत्राधिकारी सदर जयप्रकाश त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में की गई इस कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने किया। उपनिरीक्षक रामानुज सिंह यादव मय हमराह दल द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कैफ (22), तैफ उर्फ मेनाज (20), कमाल खान (45) निवासी हरपुर तिवारी तथा अमन यादव (19) निवासी लक्ष्मीपुर जरलहिया टोला कंचनपुर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टरको रास्ते से साइड करने के विवाद के दौरान शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना को देखते हुए आरोपियों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीमः उपनिरीक्षक रामानुज सिंह यादव, मुख्य आरक्षी संजय सिंह, मुख्य आरक्षी शैलेश सिंह तथा आरक्षी अरुण यादव थाना श्यामदेउरवां जनपद महराजगंज।

# शिक्षिका का सम्बद्धिकरण खत्म होते हीं भड़की छात्राएं, पहुंची डीएम के पास

समृद्धि न्यूज



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज क्षेत्र के लहंगपुर में स्थित राजकीय हाईस्कूल के छात्र छात्राएं मंगलवार को टेंपो (आटो) से सवार होकर जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने अपनी शिक्षिका का अटैचमेंट निरस्त किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि इससे उनकी पढ़ाई ठप हो जाएगी।संबंधित शिक्षिका की नियुक्ति वर्ष 2011 में बरौंधा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान प्रवक्ता पद पर हुई थी। लेकिन महज छह माह के भीतर ही उनका अटैचमेंट लहंगपुर में स्थित नवीन राजकीय हाईस्कूल विद्यालय में कर दिया गया। तब से लेकर अब तक, यानी करीब 15 वर्ष से वे अटैचमेंट पर ही सहायक अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं।शासन के हालिया आदेश के बाद प्रमुख सचिव (शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश पर प्रदेशभर में अटैचमेंट व्यवस्था समाप्त की गई। इसी क्रम में लहंगपुर की उक्त शिक्षिका डा. सुषमा सिंह और खरीहट के शिक्षक सत्यानंद पाठक का अटैचमेंट भी रद्द कर दिया गया। बरौंधा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान की पढ़ाई अब वर्षो से ठप है क्योंकि वहां इस विषय की कोई दूसरी प्रवक्ता नियुक्त नहीं की गई है।उधर, बरौंधा में स्थानीय लोगों का कहना है कि अटैचमेंट व्यवस्था ने बरौंधा की छात्राओं को विषयविहीन कर दिया है और अब लहंगपुर की छात्राएं भी शिक्षा से वंचित हो रही हैं। इधर संबद्धता खत्म होने पर छात्र छात्राएं जिलाधिकारी से मिलने जिला मुख्यालय रवाना हो गई। वहीं लहंगपुर में अटैच शिक्षिका ने छात्राओं के प्रदर्शन से खुद को अंजान बताया और कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानने डीएम पहुंचे अस्पताल

**निरीक्षण में मिली कई खामियां,हुए सख्त**

समृद्धि न्यूज

**महाराजगंज।** जिले के स्वास्थ्य तंत्र को दुरुस्त करने की दिशा में आज रविवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अचानक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) हरपुरमहन्थ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघुली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप संचालित आरोग्य मेला कार्यक्रम की समीक्षा की और मरीजों से सीधे संवाद कर जमीनी हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पतालों के दवा स्टोर का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने दवाओं की उत्पादन तिथि और एक्सपायरीडेट की जांच की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर सुरक्षित दवाएं मिलें। उन्होंने डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को हिदायत दी कि वे मरीजों से सेवाभाव और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें। निरीक्षण के बीच जिलाधिकारी ने खुद भी ब्लड शुगर टेस्ट कराया ताकि आम मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का वास्तविक अनुभव कर सकें। इस पहल ने स्वास्थ्यकर्मियों को सतर्क और आमजन को उत्साहित किया। पी एच सी हरपुर महन्थ में उस समय तक कुल 18 मरीजों की जांच और दवा वितरण किया जा चुका था। वहीं, सीएचसी घुघुली में 1 नवंबर से अब तक 18 प्रसव (डिलीवरी) कराए गए थे। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि एक महिला को प्रसव के बाद समय से पहले डिस्चार्ज कर दिया गया था। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताई और जिम्मेदार नर्स तनुश्री का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। घुघुली सीएचसी में आयोजित आरोग्य मेले के दौरान 8 मरीजों की जांच और दवा वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सकों से कहा कि आरोग्य मेलों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को निःशुल्क और सुलभ चिकित्सा सुविधा देना है। उन्होंने निर्देश दिया कि मेले में आने वाले हर मरीज की संपूर्ण जांच की जाए और कोई भी रोगी बिना इलाज के न लौटे। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला, सीएचसी प्रभारी नीरज सिंह सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से अस्पतालों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर त्वरित कार्रवाई करें।

# प्रत्येक व्यक्ति में अपार शक्ति और क्षमता निहित है : राजयोगिनी बीके उषा

समृद्धि न्यूज

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान के सीएसए हॉल में (अपने आंतरिक बल को सशक्त बनाना) विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव उपाध्याय ने भी मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि राजयोगिनी बीके उषा का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को उनके विचारों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी संस्था के सहयोग से आयोजित हुआ। डॉ.यूके महेश्वरी (एचओडी सिविल) ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि राजयोगिनी बीके उषा दीदी ने अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं मैनेजमेंट ट्रेनर, ब्रह्माकुमारीज पर अपने प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में अपार शक्ति और क्षमता निहित है, जिसे सही दिशा में केंद्रित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहाकि गलतफहमियों, संदेहों, घृणा, क्रोध और पीड़ाको दूर करने के उपाय बताए। उन्होंने समझाया कि जीवन की का सामना धैर्य, आत्म-नियंत्रण और सकारात्मक दृष्टिकोणसे कैसे किया जा सकता है। अतिथि राजयोगिनी बीके मनोरमा दीदी, निदेशिका, ब्रह्माकुमारीज प्रयागराज ने कार्यक्रम में अंतरात्मा की शांति पर अपने प्रेरक विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि सच्ची शांति बाहरी परिस्थितियों में नहीं, बल्कि हमारे अंतर के संतुलन और आत्म-जागरुकता में निहित है। राजयोगिनियों और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. हरेंद्र कुमार गुप्ता, संकाय (सिविल इंजीनियरिंग विभाग)ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से समाज में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

यहां पर डॉ. सुजीत अग्रवाल डॉ. एसएम त्रिपाठी,डॉ. एके चौहान, डॉ.एचवी सिंह,डॉ.अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर अधिकतम उत्पादकता वाले कृषक होंगे सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** उप कृषि निदेशक विकेश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया है कि कृषक पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 23 दिसम्बर को मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिन पर किसानों को रबी एवं खरीफ सीजन में अधिकतम उत्पादकता के क्रॉप कटिंग के आधार पर चयन किया जाता है। रबी फसलों पर प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार (गेहूँ के साथ-साथ दलहन या तिलहन में से एक फसल पर) खरीफ फसलों पर प्रथम एवं द्वितीय (धान के साथ-साथ दलहन या तिलहन में से एक फसल पर) कृषक पुरस्कृत होते है, जिसमें से किसी एक श्रेणी में पुरस्कृत होने वाले लाभार्थी को उस श्रेणी में दोबारा पुरस्कृत नही किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेज की आवश्यकता होगी जैसे-खसरा, खतौनी, आधार कार्ड, पंजीकरण संख्या व डी02 रसीद (डी02 रसीद हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार पर रू0 10 जमा कर प्राप्त कर सकते है।) उक्त प्रतियोगिया में भाग लेने हेतु कृषक भाई आवेदन पत्र संलग्न सहित सम्बन्धित विकास खण्ड राजकीय कृषि बीज भण्डार हेतु जमा करने की तिथि निर्धारित की गयी है। इच्छुक कृषक विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार पर दिनांक 20.11.2025 तक डी02 रसीद कटवाते हुए, समस्त अभिलेख सहित प्रतियोगिता हेतु आवेदन कर सकते है। आवेदनोपरान्त कृषक की फसल की क्रॉप कटिंग कराई जायेगी। जनपद स्तर पर प्रथम पुरस्कार हेतु रू0 7000.00, द्वितीय पुरस्कार हेतु रू0 5000.00 एवं राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार पर रू0 100000.00 द्वितीय पुरस्कर हेतु रू0 75000.00 एवं तृतीय पुरस्कार हेतु रू0 50000.00 पुरस्कार स्वरूप कृषक के बैंक खाते में स्थानान्तरित किया जाएगा। यह पुरस्कार 23 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस/किसान सम्मान दिवस के अवसर पर उपलब्ध कराया जायेगा।

# छात्रों को थाने पर बैठाये जाने पर सपा ने की निन्दा

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जिन्दाबाद नारा लगाये जाने पर गांधी विद्यालय के आधा दर्जन छात्रों को कछवां थाने पर पुलिस द्वारा बैठाये जाने पर समाजवादी पार्टी ने निन्दा की है। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा छात्रों को क्लास से ले जाना पुलिस एवं सत्तापक्ष की मानसिकता ठीक नही है। छात्रों एवं अभिभावकों को थाने से नही छोड़ा गया तो समाजवादी पार्टी चुप नही बैठेगी। जिला महासचिव आदर्श यादव ने भी कहा कि नारा लगाने पर पाबन्दी करना ओछी मानसिकता है। मझवां विधानसभा के अध्यक्षझल्लू यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जिन्दाबाद का नारा लगाये जाने पर सत्ता पक्ष को अच्छा नही लग रहा है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने इसकी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दी है। पुलिस ने देर शाम बैठाये गये छात्रों व अभिभावकों को छोड़ दिया है।

# रामचेत मोची का निधन में दौड़ी शोक की लहर

समृद्धि न्यूज



**सुल्तानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात के बाद चर्चा में आए जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र ढेसरुआ गाँव निवासी रामचेत मोची का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। रामचेत मोची के आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं रामचेत मोची के निधन की खबर दिल्ली कांग्रेस दफ्तर पहुंची जहां नेता प्रतिपक्ष व जननायक राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ता व नेताओं को निर्देश देते हुए उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने वह हर संभव मदद का आदेश दिया। उधर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने भी राम चेत मोची के अंतिम संस्कार में पहुंच कर हर स्तर पर सहयोग करने का पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया। शीर्ष नेतृत्व का निर्देश मिलते ही जनपद के कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ उनके पैतृक गांव पहुंचे जहां हिन्दू रीति रिवाज के साथ उनके अंतिम संस्कार की सारी प्रक्रिया पूरी कर गांव के ही श्मशान घाट में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। बताया जाता है कि रामचेत मोची कैंसर और टीवी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, कई दिनों तक अमेठी के मुंशीगंज में उनका इलाज चल रहा था, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रयागराज स्थित कैंसर अस्पताल में उनके इलाज के लिए भर्ती कराया लेकिन मंगलवार को रामचेत मोची जिंदगी की जंग हार गये। पार्टी के निर्देश पर अंतिम संस्कार में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि रामचेत मोची के अंतिम संस्कार से लेकर तेरहवीं संस्कार तक सारी जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाई जा रही है। हमारे नेता राहुल गांधी का निर्देश है कि उनके परिवार को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो पूरे विधि विधान से उनके तेरहवीं संस्कार कराया जाए, हम लोग पूरी ईमानदारी के साथ उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और हर तरह की मदद प्रदान की जा रही है। रायबरेली सांसद राहुल गांधी के निर्देश पर दिवंगत रामचेत के पुत्र राघव को गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय प्रभारी/सांसद प्रतिनिधि ने राहुल गांधी की तरफ से आर्थिक सहायता भी मुहैया कराई। शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देने व अंतिम संस्कार में कांग्रेस नेता लाल पद्माकर सिंह, राहुल त्रिपाठी, वरुण मिश्र, ममनून आलम, सुरेंद्र शुक्ल, ओम प्रकाश दुबे,ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह, नफीस पठान, राधेश्याम पांडे, योगेश पांडेय, देवेंद्र , पवन मिश्रा नन्हे ,विजेंद्र ,फिरोज आदि लोग रहे।

# जिलाधिकारी ने पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

समृद्धि न्यूज




**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मे पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने केंद्रीय विद्यालय आय व व्यय के दस्तावेजों का निरीक्षण किया। प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय ने जिलाधिकारी को हरित पौध देकर स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली तथा विद्यालय प्रबंधन से अच्छे नम्बर से पास आउट बच्चों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि विद्यालय से पास आउट होने वाले बच्चों के बारे में फीडबैक लिया कि वे किन-किन क्षेत्रों में गये। बच्चों की रुचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा प्रदान कर ढाला जाए। उन्होंने कहा कि साइंस व मानविकी के कक्षा 10 व 12 में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाए, तथा जिस विषयध्क्लास के अधिक बच्चे अच्छे नम्बर से पास हुए हुए है ऐसे क्लास टीचर/सम्बंधित विषय के अध्यापक को भी आयोजित समारोहो में कला, संगीत, विज्ञान सहित अन्य टीचरों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में वाई-फाई सुविधा का सुन्दरीकरण करने व आवश्यकतानुसार उपकरणों की खरीद का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य के रिक्त पदों व श्रेणीवार विद्यालय में प्रवेश की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लैब को अधिक उपयोगी बनाने तथा स्कूल को वाई-फाई से लैस किया जाए। जिलाधिकारी ने इसके उपरांत लर्निंग एवं आंकिक कौशल प्रशिक्षण की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन से उसकी वर्तमान जरूरत के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक उपकरणों की नियमानुसार खरीद करने हेतु संबंधित को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बच्चों के टेस्ट आदि की जानकारी ली। कालेज के प्राचार्य ने जिलाधिकारी को विद्यालय की अर्जित उपलब्धियों के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पब्लिक स्पीकिंग कराई जाए ताकि उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा हो सके। उन्होंने एडोलोसेंट एजुकेशन के बारे में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में अच्छी तरह से बताया जाए। उन्होंने सामग्री व उपकरणों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता, प्रवक्ता केबी कालेज नम्रता मिश्रा व समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।